ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 01:13 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 11 जून 2025
वर्ष 6, अंक 73, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा 14

देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर 12

## शुभांशु इतिहास रचने को तैयार

- राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय
- आज शाम फ्लोरिडा से अंतरिक्ष स्टेशन को होंगे रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होने की तैयारी कर रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास के मुहाने पर खड़े हैं। यह भारत की अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है क्योंकि 41 साल पहले शुक्ला के आदर्श राकेश शर्मा ने सोवियत संघ के इंटरकॉस्मोस कार्यक्रम के तहत आठ दिनों तक पृथ्वी की परिक्रमा की थी। लखनऊ में जन्मे शुक्ला को शुक्स के नाम से जाना जाता है। वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)-नासा समर्थित एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक अंतरिक्ष यान का हिस्सा हैं, जिसके बुधवार शाम फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 14 दिनों की यात्रा पर रवाना होने की उम्मीद है।

भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला को 2019 में साथी अधिकारियों प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप और अजीत कृष्णन के साथ गगनयान मिशन के लिए भारत के अंतरिक्ष यात्री दल का हिस्सा बनने के लिए चुना गया था, जिसे 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।

इतिहास रचने को तैयार स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट पर सवार ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के तीन बार स्थगित किए गए प्रक्षेपण की सफलता के लिए मंगलवार को लखनऊ में विशेष प्रार्थना की गई।

## पाकिस्तान को चेतावनी, हमला हुआ तो फिर जवाब देंगे

ब्रसेल्स, एजेंसी

- ब्रसेल्स में बोले विदेशमंत्री जयशंकर-हम आतंकवाद के साथ नहीं जीएंगे
- कहा-अगर आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया है कि आतंकवादी हमलों से अगर उकसाया गया तो भारत, पाकिस्तान में घुसकर फिर हमला करेगा।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले जैसी जघन्य घटनाओं के मामले में आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें भारत में उतार रहा है।

उन्होंने एक समाचार संस्था से बातचीत में सोमवार को कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए हमारा उन्हें संदेश है कि अगर आप अप्रैल में की गई बर्बर हरकतों को जारी रखते हैं, तो आपको जवाबी कार्रवाई का सामना करना होगा और यह कार्रवाई आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि हमें परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान में अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में अंदर तक जाएंगे। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।

### भारत के हमले के बाद रुकी थी लड़ाई

जयशंकर ने कहा कि लड़ाई सिर्फ एक वजह से रुकी, और वो वजह थी कि 10 तारीख की सुबह, हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गूगल पर रनवे और उन हैंगरों की तस्वीरें उपलब्ध हैं, जिन पर हमला हुआ। यूरोप की हफ्ते भर की यात्रा के दौरान, जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति की पुष्टि के लिए यूरोपीय संघ, बेल्जियम और फ्रांस के नेताओं के साथ बातचीत भी करेंगे।

### आतंकवाद को वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाए

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आतंकवाद को द्विपक्षीय समस्या के बजाय वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से जुड़ी कई घटनाओं का पाकिस्तान से ऐतिहासिक संबंध बताया। सोमवार को बेल्जियम में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों से उन्हें अवगत कराया।

## एक नजर

### राजौरी में आतंकवादी ठिकाने का खुलासा

**राजौरी/जम्मू।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के एक दूरस्थ इलाके में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और 10 अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर (यूबीजीएल) के साथ अन्य सामग्री जब्त की। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान थानामंडी इलाके के दर्रा बाराचारा गांव में इस आतंकवादी ठिकाने का पता चला। उन्होंने कहा कि तलाशी दलों ने यूबीजीएल के अलावा एक क्षतिग्रस्त गोला-बारूद का डिब्बा, एक कंबल, एक प्लास्टिक की तिरपाल, दवा के दो पैकेट, कुछ बर्तन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी जब्त कीं। अधिकारी ने कहा कि बरामदगी के सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित उच्च न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अदालत परिसर की तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह धमकी झूठी साबित हुई, क्योंकि सोमवार को मिली धमकी के बाद तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बिलासपुर के एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट की ईमेल आईडी पर सोमवार दोपहर को धमकी भरा एक संदेश आया।

## नया भारत शांति की रट नहीं लगाता, देता है मुंहतोड़ जवाब

### मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को योगी ने बताया स्वर्णिम काल

- कहा-आतंकवाद और युद्ध थोपने का दिया जाएगा माकूल जवाब
- बोले-मोदी ने किया विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत निःसंदेह शांति का पक्षधर है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में हर हाल में शांति की ही रट लगाने की आदत से हम अब ऊपर उठ गए हैं।

अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 के पहले आतंकवाद के मुद्दे पर देखने को मिलती थी, पीएम मोदी ने उस अवधारणा को पलट दिया है। अब सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करेंगे, लेकिन कोई युद्ध थोपेगा, आतंकवाद को प्रेरित करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। योगी ने प्रेसवार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की विस्तार से जानकारी देते हुए बधाई भी दी। कहा कि मोदी ने शासन को सेवा का माध्यम बनाया। यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

योगी ने कहा कि मोदी पंच प्रण और 11 संकल्पों ने विकसित भारत की आधारशिला रखी है। इंफ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2014 के बाद ही किसान राजनीति एजेंडे का हिस्सा बना है।

महिला सशक्तिकरण में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने केवल एक एम्स बनाए थे, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश भर में 23 एम्स और यूपी में दो एम्स बने हैं। महाकुंभ, अयोध्या धाम, काशी, महाकाल लोक समेत तमाम धार्मिक स्थलों और आयोजनों का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि मोदी ने आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय के सथ विरासत को विकास से जोड़ा है।

### अब गाजी नहीं, सुहेलदेव का लगेगा मेला

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि अब विदेशी आक्रांताओं का नहीं, बल्कि राष्ट्रनायकों का महिमा मंडन होगा। कहा कि इससे पहले की सरकारें मुस्लिम वोट बैंक के लालच में राष्ट्रनायकों को सम्मान नहीं दे पाती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बहराइच में किसी गाजी की दरगाह पर नहीं, बल्कि चक्रवर्ती सम्राट महराजा सुहेलदेव के स्मारक पर मेला लगेगा। बहराइच पहुंचे योगी ने महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।

## पिता-बेटी समेत तीन ने 8वीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

### दिल्ली के द्वारका इलाके में बहुमंजिला इमारत में लगी आग

- 8वीं मंजिल शुरू आग तेजी से फैली, 9वीं मंजिल भी प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका इलाके में मंगलवार सुबह आठवीं और नौवीं मंजिल पर स्थित डुप्लेक्स फ्लैट में लगी भीषण आग से बचने के लिए छलांग लगाने से दो बच्चों सहित एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि इस घटना में एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग इमारत की आठवीं मंजिल पर स्थित मंदिर से शुरू हुई और पीवीसी पैनल के जरिए तेजी से फैल गई।

मृतकों की पहचान यश यादव (35), उनकी 12 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय एक रिश्तेदार के रूप में हुई है। आठवीं मंजिल की बालकनी से कूदने से उनकी मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बताए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि परिवार इमारत की ऊपरी दो मंजिलों पर एक डुप्लेक्स में रहता है। जब आग लगी, तो परिवार ने सीढ़ियों के जरिए नौवीं मंजिल पर जाकर बचने की कोशिश की। हालांकि, दो छोटे बच्चे पीछे रह गए और यश उन्हें बचाने के लिए वापस आ गए। तब तक आग फैल चुकी थी। बच्चों को आकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यश को आईजीआई अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार के दो अन्य व्यक्ति, यश की पत्नी और उनके बड़े बेटे (18) को चोटें आईं और उन्हें आकाश अस्पताल ले जाया गया। जान गंवाने वाले 11 वर्षीय बच्चे सहित अन्य रिश्तेदार उनके आवास पर एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए थे।



इमारत से छलांग लगाते लोग।

### बालकनी से मदद को चिल्ला रहे थे

घटनास्थल के दृश्यों में इमारत में आग लगी दिखाई दे रही है और लोग अपनी बालकनियों में खड़े होकर मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, विभाग को सुबह 10.01 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके अनुसार शुरुआत में, दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन आग की भयावहता स्पष्ट होने पर और अधिक गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगाई गईं।

### इमारत के अन्य लोगों को सुरक्षित निकाला

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सोसाइटी के सभी निवासियों को निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सेवाएं बंद कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि डीडीए और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इमारत की संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए सूचित किया गया है।

## 1165 कंडक्टरों की भर्ती पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- महिला ने सूची में नाम नहीं आने पर दाखिल की थी याचिका
- मृतक आश्रित कोटे से नियुक्तियों पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार और विपक्षियों से हलफनामे के माध्यम से यह स्पष्टीकरण मांगा गया है कि भर्ती प्रक्रिया केवल कंडक्टर पदों के लिए ही क्यों की जा रही हैं। इसके साथ ही नियुक्ति का तरीका भी सार्वजनिक परीक्षा न होकर प्रत्यक्ष है। कोर्ट ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर 1165 पदों पर की गई भर्तियों पर रोक लगा दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने अलीगढ़ निवासी याची नीतू शर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार मृतक आश्रित की सूची में नाम न आने के कारण अलीगढ़ क्षेत्र की महिला ने भर्ती को लेकर वर्तमान याचिका दायर की थी। याची ने वर्तमान याचिका में अनुकंपा के आधार पर परिवहन निगम द्वारा उनकी नियुक्ति से इंकार करने के आदेश को मनमाना और अवैध बताया। याची ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी चुनौती देते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की थी।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के माता-पिता की मृत्यु वर्ष 2000 और 2014 में हुई थी। उनके पिता निगम के स्थायी कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी (याची की मां) को अनुकंपा नियुक्ति देने से मना कर दिया गया। परिवार को याची के पिता की मृत्यु के बाद गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। मां के पास आय का कोई स्रोत नहीं था और अब याची को भी गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याची सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर से 21 फर्जी पुजारी गिरफ्तार

- श्रद्धालुओं से जबरन वसूली पर पुलिस ने दबोचा

**वाराणसी।** पुलिस ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से दर्शन-पूजन कराने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे वसूलने वाले 21 फर्जी पडों-पुजारियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दशाश्वमेध घाट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत काफी दिन से मिल रही थी।

शिकायत के आधार पर दशाश्वमेध घाट और चौक थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को दशाश्वमेध घाट से 15 और चौक से छह फर्जी पुजारियों को गिरफ्तार कर लिया। त्रिपाठी ने बताया कि टीम लगातार कार्रवाई करते हुए इस तरह के लोगों को गिरफ्तार करती रहेगी। पुलिस मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### वंदे भारत में फारूक अब्दुल्ला...



**जम्मू-कश्मीर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कटरा से श्रीनगर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। इस दौरान यात्रियों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए इस ट्रेन का शुभारंभ किया। शनिवार से नियमित संचालन शुरू किया गया।

## फिलहाल तड़पाएगी लू फिर होगी रिमझिम बारिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 19 जिलों में बढ़ेगा तापमान, 11 के बाद पूर्वी उप्र में बारिश

**अमृत विचार :** प्रदेश में फिलहाल लू अभी और तड़पाएगी लेकिन इसके बाद रिमझिम बारिश का सिलसिला भी शुरु होगा। मौसम विभाग ने 19 जिलों में तापमान बढ़ने की आशंका प्रकट करने के साथ आने वाले दिनों में पूर्वी उप्र. में बारिश होने की संभावना जताई है।

इस बीच प्रदेश में दिन में तेज धूप होने के कारण अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। आद्रता होने तथा तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी में बढ़ोत्तरी हुई है। रात में भी गर्मी की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है।

मौसम विभाग ने अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, गाजियाबाद, कासगंज, एटा, औरैया आदि में लू चलने की आशंका जताई है।

## चैटजीपीटी में बाधा से लाखों उपयोगकर्ता रहे प्रभावित

**नई दिल्ली।** एआई क्षेत्र की कंदिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल चैटजीपीटी को मंगलवार को वैश्विक स्तर पर व्यवधान का सामना करना पड़ा जिससे दुनिया भर में फैले लाखों उपयोगकर्ता इसका देर तक इस्तेमाल नहीं कर पाए। ज्यादा असर भारत, अमेरिका में रहा। यहां हजारों लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं।

डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखने वाले मंच डाउनडिटेक्टर ने कहा कि दोपहर तीन बजे के करीब चैटजीपीटी टूल के इस्तेमाल में दिक्कतें आनी शुरू हुईं। अकेले भारत में ही तकनीकी व्यवधान की लगभग 800 शिकायतें दर्ज कराई गईं।

## तड़प-तड़पकर मरा मेरा बेटा, दोषियों को मिले मौत की सजा

### राजा रघुवंशी के पिता बोले - हनीमून मनाने मेघालय गया बेटा ताबूत में लौटा

इंदौर, एजेंसी

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के हत्याकांड को लेकर मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद उनके पिता ने मंगलवार को मांग की कि उनके नव विवाहित बेटे की जघन्य हत्या के सभी दोषियों को मौत की सजा दी जानी चाहिए।

मेघालय पुलिस के मुताबिक पूर्वोत्तर के इस सूबे में हनीमून मनाने गए ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में उनकी पत्नी सोनम (25) शामिल थी जिसने अपने प्रेमी राज कुशवाह (20) की मदद से वहां भाड़े के तीन हत्यारे बुलाए थे। सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में रविवार देर रात आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि कुशवाह समेत चार आरोपियों को मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया।



पिता अशोक रघुवंशी, पुत्र राजा रघुवंशी एवं सोनम

राजा रघुवंशी की मौत से शोक में डूबे उनके पिता अशोक रघुवंशी ने कहा कि मेरा बेटा तड़प-तड़प कर मरा है। उसकी हत्या के सभी दोषियों को फांसी की सजा मिलनी ही चाहिए ताकि आइंदा किसी माता-पिता को उनका बेटा इस तरह ना खोना पड़े। वह यह कहते हुए भावुक हो जाते हैं कि हनीमून मनाने मेघालय गया उनका बेटा ताबूत में घर लौटा।

### बेटे का अंतिम दर्शन भी नहीं कर सके

उन्होंने कहा कि जघन्य तरीके से हत्या के कारण मेरे बेटे का पार्थिव शरीर क्षत-विक्षत था। मैं हृदय का मरीज हूं। इसलिए मेरे स्वास्थ्य की चिंता करते हुए मेरे परिवार के लोगों ने ताबूत खोलकर मुझे अपने बेटे के अंतिम दर्शन करने से रोक दिया। रघुवंशी ने यह दावा भी किया कि राजा की पत्नी सोनम ने अपनी कुंडली का मंगल दोष मिटाने के लिए अपने पति की हत्या कराई ताकि बाद में वह अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह से दूसरी शादी कर सके।

### एक और आरोपी को ट्रांजिट रिमांड दिया

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में शामिल 23 वर्षीय आरोपी आनंद कुर्मी को मंगलवार को जिला अदालत में पेश किया गया जिसने उसे सात दिन के लिए मेघालय पुलिस की ट्रांजिट हिरासत में भेज दिया। इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मेघालय पुलिस ने राजा रघुवंशी हत्याकांड में शामिल आनंद कुर्मी (23) को एक स्थानीय अदालत में पेश किया।

## शहर में आज



☞ गोकुलदास गर्ल्स डिग्री कॉलेज में योग शिविर सुबह 9 :00 बजे ।

☞ कृष्णा बाल विद्या मंदिर विद्यालय मंगूपुरा में विश्व हिंदू परिषद मेरठ क्षेत्र का परिषद वर्ग का दूसरा दिन शाम 4 :00 बजे।

☞ ज्येष्ठ पूर्णिमा पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा श्री रामगंगा मैया की भव्य आरती व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ प्राचीन गंगा मंदिर अटल घाट निकट कटघर रेलवे स्टेशन शाम 6 .00 बजे।

# पर ड्राप-मोर क्राप का लाभ पाने को किसान करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बुकिंग कृषि विभाग की वेबसाइट www.agridarshan.up.gov.in पर कर सकते हैं

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक पर ड्राप-मोर क्राप उपघटक अदर इन्टरवेन्शन के अन्तर्गत वर्षा जल संचयन के लिए खेत तालाब योजना संचालित है। इसमें कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से जिले को 54 खेत-तालाब का लक्ष्य मिला। जिसमें सामान्य लघु तालाब के 29 लक्ष्य सामान्य जाति के और 4 अनुसूचित जाति के हैं। बीते 7 वर्षों में उद्यान/कृषि विभाग के माध्यम से अपने खेत पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित की गई हो सामान्य जाति के 19 लक्ष्य है तथा अनुसूचित जाति के 2 लक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

भूमि संरक्षण अधिकारी मुरादाबाद कार्यालय की ओर से बताया है कि इसकी बुकिंग कृषि विभाग की वेबसाइट www.agridarshan.up.gov.in है पर आवेदन कर किसान खेत तालाब योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना में लागत का 50 प्रतिशत अर्थात 52,500 रुपये का अनुदान किसानों को दो किस्तों में डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में दिया जाएगा। जबकि शेष 50 प्रतिशत अंश किसानों को स्वयं वहन करना होगा। साथ ही लाभार्थियों को पम्पसेट पर भी सहायता दी जाएगी। जिसमें प्रति इकाई 50 प्रतिशत या अधिकतम 15 हजार रुपये तक का अनुदान उपलब्ध होगा। जन सामान्य इसकी अधिक जानकारी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए के मोबाइल 8887871618 सम्पर्क कर सकते हैं।

## बिना ऑक्सीजन जीवन की कल्पना संभव नहीं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टीएमयू की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 200 पौधे लगाने लगाए गए। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. वीके जैन ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

वह टीएमयू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. निशीथ मिश्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल आदि ने पौधे लगाए। इस दौरान डॉ. रत्नेश जैन, दीपक मलिक, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, शिवांकी रानी रहीं। वहीं दूसरी ओर तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में डिपार्टमेंट ऑफ ओरल सर्जरी की ओर से हुई निबंध प्रतियोगिता में बीडीएस चतुर्थ वर्ष की तीसा जैन विजेता रहीं। उत्सव बेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक की निर्माण परियोजनाओं की प्रगति संबंधित मासिक समीक्षा बैठक हुई



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक की निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा मासिक बैठक में हुई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्माण परियोजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर अधिकारी विशेष ध्यान दें। राजकीय इंटर कालेज मुरादाबाद, राजकीय इंटर कालेज पाकबड़ा के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारी को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बनने वाली सड़कों को गुणवत्ता के साथ पूरा कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सड़कों की मार्किंग एवं कम्प्रेसर कार्य सही से हो, इसको सुनिश्चित किया जाए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा में प्रशासनिक भवन व बालिका छात्रावास निर्माण, राजकीय महाविद्यालय कांठ के निर्माण, राजकीय पॉलीटेक्निक ठाकुरद्वारा और मूंढ़ापाण्डे के आईटीआई निर्माण, थाना बिलारी में प्रशासनिक भवन, अटल आवासीय विद्यालय पीपली के निर्माण में प्रगति में तेजी लाने के लिए कहा।

बैठक में जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता को सड़कों की मरम्मत और चौड़ीकरण पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मो. परवेज के अलावा सिंचाई, नगर निगम, कृषि विभाग के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001

भागवत आचार्यः श्री शिव कुमार जी

संपर्क करें: 9410478735

# आसमान से बरसी आग, पारा 43 डिग्री

## न्यूनतम तापमान भी पहुंचा 30 डिग्री सेल्सियस, दो दिन बाद राहत की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्री मानसून की बारिश न होने पर और रुलाएगी गर्मी
- पसीने के कारण लोगों में बढ़ रही एलर्जी की समस्या



दोपहर में गर्मी से बचने के लिए पानी की टंकी में नहाते बंदर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंगलवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम पारा @ 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे गर्मी चरम पर रही। तापमान बढ़ने पर पिछले साल की गर्मी का रिकॉर्ड टूटने की आशंका प्रबल हो गई है। पिछले साल अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। मंगलवार को पूरे दिन लोग पसीने से तर बतर रहे। पंखा, कूलर की हवा बेमतलब रही।

सुबह से ही उमस व गर्मी होने से लोग बेचैन रहे। 10 बजे के बाद सूरज की तपिश असहनीय हो गई। दिन चढ़ने पर यूं लगा मानों सूरज की किरणें आग उगल रही हैं। दोपहर में सड़कों पर निकले लोगों के हलक थोड़ी देर में सूखते रहे। राहत के लिए लोग छांव की तलाश में भटकते रहे। सड़कों पर आवाजाही कम रही। सड़क किनारे पेड़ों की छांव देखकर कई वाहन चालकों ने गाड़ी रोक कर समय बिताया। जिससे उन्हें और गाड़ी के इंजन को कूल होने का अवसर मिल जाए। देर शाम तक सूरज की तपिश का असर रहा। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी 3 डिग्री बढ़कर 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने से पूरी रात गर्मी से लोग बेचैन रहे। नींद न पूरी होने से लोगों में अनिद्रा की समस्या बढ़ी। लोगों के व्यवहार पर मौसम का असर पड़ा। बेचैनी और चिड़चिड़ापन देखने को मिला। वहीं पसीने के चलते गले, चेहरे व पीठ पर दाने निकल आए। जिसकी चुभन से लोग परेशान रहे। लो वोल्टेज के चलते बिजली के उपकरण बेमतलब रहे।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि अभी 12 जून तक मौसम में गर्मी रहेगी। 12 की शाम से मौसम बदलेगा। 12 की शाम या रात से प्री मानसून की बारिश हो सकती है। 20 जून या इसके बाद मानसून पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सक्रिय होगा। मानसूनी बारिश से ही तपिश में कमी आएगी।

### गर्मी से बढ़ रही अनिद्रा व चिड़चिड़ापन

जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एनके मिश्र ने बताया कि अधिक गर्मी से लोगों के व्यवहार में परिवर्तन हो रहा है। नींद पूरी न होने से बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। लोगों को सलाह दिया कि वह दोपहर में धूप में न निकलें। बहुत जरूरी होने पर घर से बाहर जाएं तो अपने साथ पीने का पानी अवश्य रखें। खूब पानी पीएं। इसके अलावा एनर्जी डिंक्स जैसे नीबू पानी, शिकंजी का सहारा लें। इसके बाद भी यदि तबीयत खराब होती है तो विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श से इलाज कराएं।



रेलवे स्टेशन पर पानी पीने का प्रयास करता कौआ। ● अमृत विचार



सिविल लाइन में लगे फ्रीजर से पानी पीने की कोशिश करता बंदर।

# कई मोहल्लों में गर्मी से बढ़ा ट्रांसफार्मरों का तापमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दो दिन से प्रिंस रोड और गलशहीद में लो वोल्टेज से परेशान हजारों उपभोक्ता
- कई बार शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं

**अमृत विचार :** बिजली गुल होने से न दिन में चैन, न रात में नींद ले पा रहे जिले के साढ़े चार लाख उपभोक्ता। मंगलवार को सुबह से बिजली कटौती शुरू हो गई। पूरे दिन बिजली की आवाजाही लगी रही। प्रिंस रोड, भूड़े का चौराहा गलशहीद पर दो दिन से लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं। वहां रहने वाले लोगों के मुताबिक टैक्सी स्टैंड और गलशहीद विद्युत केंद्र पर कई बार लो वोल्टेज की शिकायत की है। नवीन नगर, नया गांव और चक्कर की मिलक में बिजली आपूर्ति पूर दिन आती जाती रही। जिगर कॉलोनी में फाल्ट से सुबह से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रही।

दो दिन से प्रिंस रोड, भूड़ा का चौराहा और गलशहीद मोहल्ले में लो वोल्टेज की समस्या से 1 हजार से अधिक उपभोक्ता जूझ रहे हैं। प्रिंस रोड पर स्पेयर पार्ट्स बेचने वाले दुकानदार विकास भारद्वाज ने बताया कि दो दिन बुरा हाल रहा। गर्मी बढ़ी तो बिजली आपूर्ति ने परेशान कर दिया है। फाल्ट होने के वोल्टेज की समस्या बना गई। टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र पर कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। नवीन नगर, नया गांव, चक्कर की मिलक में सोमवार की रात 2 बजे के बाद बिजली आपूर्ति का आना जाना मंगलवार पूरे दिन चला। चक्कर की मिलक के रहने वाले रईस अहमद ने बताया कि हर आधे घंटे में बिजली आ जा रही है। दौलत बाग विद्युत केंद्र के एसडीओ को फोन मिलाकर बिजली आपूर्ति सही ढंग से सुचारु होने की बात पूछी तो एसडीओ ने बताया कि बढ़ती गर्मी से ट्रांसफार्मर को टेम्प्रेचर बढ़ा रहा, जिससे फाल्ट होने का खतरा रहता है। इसलिए बीच बीच में विद्युत आपूर्ति बंद की जा रही है। वहीं पीली कोठी और पीटीसी विद्युत केंद्र के में फाल्ट होने कारण सुबह से 8 बजे से 11 बजे तक सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रही।

> सर गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर का टेम्परेचर बढ़ने से कई जगह फाल्ट हुआ जिससे आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि विद्युत केंद्रों पर पावर ट्रांसफार्मरों को ठंडा करने के लिए ठंडे पानी के कूलर लगा रखे हैं। लेकिन मोहल्ले में ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोडिंग के चलते फाल्ट हो रहे है। कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर हीट होने के डर से विद्युत आपूर्ति बंद की गई है।
>
> **विजय कुमार गुप्ता**, अधीक्षण अभियंता नगरीय

## रात में नगर आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने सोमवार रात में महानगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपिंग किया जा रहा था। वहीं डिवाइडरों व पेड़ों पर वाटर स्प्रिकलर से पानी का छिड़काव किया जा रहा था।

नगर में सफाई व कूड़ा उठान बेहतर रखने के लिए नगर आयुक्त मानीटरिंग कर रहे हैं। सुबह 5 बजे भ्रमण पर निकलने के अतिरिक्त दिन या रात में वह औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने मध्य रात में निरीक्षण कर सफाई व अन्य व्यवस्था देखी। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मैकेनिकल स्वीपिंग कर धूल हटाई जा रही थी। पथ प्रकाश के अलावा डिवाइडरों की सफाई व सड़क किनारे बने रेलिंग को भी देखा।

### बुद्धि विहार सेक्टर 1 व 2 की विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उपकेंद्र आवास विकास के फीडर बुद्धि विहार 1 और बुद्धि विहार 2 उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बुधवार सुबह 10 से 01 बजे तक बंद रहगी। अधिशासी अभियंता प्रथम रोहित शर्मा ने बताया कि क्षतिग्रस्त पोल के स्थान पर नए लगे एलटी पीसीसी पोल पर लाइन स्थापित की जाएगी। इससे सेक्टर 3-4 एवं एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त आवास के आसपास की आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## एक नजर

### हर्ष मवार बने जिला समाज कल्याण अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हर्ष मवार मुरादाबाद के जिला समाज कल्याण अधिकारी बनाए गए हैं। इसके पहले वह सीतापुर में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। मुरादाबाद के जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम का स्थानांतरण कुशीनगर जिले में इसी पद पर किया है। उनके पास उप निदेशक समाज कल्याण का भी अतिरिक्त चार्ज था। अब यहां हर्ष मवार को भेजा गया है।

### रोजगार मेला कल से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय कांठ रोड में दो दिवसीय रोजगार मेला 12 व 13 जून को सुबह 10 बजे से लगेगा। मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थी का रोजगार कार्यालय या रोजगार संगम .यूपी. गर्वनमेंट .इन पर पंजीकरण होना जरूरी है। अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय रोजगार मेले में अपने बायोडाटा की दो प्रति लेकर जाएंगे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.

PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/ Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/ Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.

Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## डीआरएम से मिलेंगे रेल कर्मचारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय रेल दलित मजदूर एसोसिएशन की मंगलवार को मंडलीय कार्यकारिणी की बैठक मंडल अध्यक्ष शेरसिंह की अध्यक्षता में हुई। राष्ट्रीय सहायक महासचिव ब्रजेश कुमार ने बताया दलित कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कहा कि यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा शोषण किया जा रहा है। इस समस्या के निदान के लिए जल्द प्रतिनिधिमंडल डीआरएम से मिलेगा।

# गर्मी में सेहत और स्वाद के लिए लोगों की पसंद बना आम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कांठ रोड पर ठेले पर रखे आम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गर्मी में सेहत के साथ स्वाद के लिए आम लोगों की पहली पसंद बना है। महानगर के बाजार आम की विभिन्न प्रजातियों से भर रहे हैं। बाजार में दशहरी, तोतापरी, लंगड़ा, चौसा आम की खूब बिक्री हो रही है। गर्मी में रसीले आम का स्वाद लोगों को खूब भा रहा है।

भीषण गर्मी में सेहत व स्वाद के लिए इन दिनों आम का जलवा बढ़ गया है। जिधर देखिए बाजार में फलों के राजा आम का ही दीदार हो रहा है। फल मंडी से लेकर फुटकर बाजार में इन दिनों आम का ही राज है। 50 से 100 रुपये प्रति किलो के भाव से दशहरी, चौसा, लंगड़ा और 80-100 रुपये प्रति किलो के भाव से फुटकर में तोतापरी आम बिक रहा है।

आम के रसीले स्वाद से लोग गर्मी में राहत पाने के लिए मैंगो शेक बना रहे हैं तो कोई वैसे ही खा रहा है। ठेले पर बरबस ही लोग रुक कर आम की खरीदारी कर रहे हैं। मुरादाबाद के बाजार में मलिहाबाद का दशहरी, अमरोहा के बाजार से लंगड़ा की खूब बिक्री हो रही है। इसके अलावा अन दिनों लीची की बिक्री भी खूब हो रही है।

**उपलब्धि** | नगर निगम की पहल लाई रंग, 362 दिन तक लगातार संतोषजनक व अच्छी श्रेणी में रहा एक्यूआई

# वायु गुणवत्ता में सुधार पर मुरादाबाद को मिला दूसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



नगर निगम द्वारा कराई जा रही सड़क की मैकेनिकल स्वीपिंग। ● अमृत विचार



पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते वृक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश में वायु गुणवत्ता सुधार में बेहतरी के लिए मुरादाबाद नगर निगम को दूसरा स्थान मिला है। वायु गुणवत्ता रैंकिंग में निगम को देश में प्रथम स्थान भी मिल चुका है। इस बार यह उपलब्धि लगातार 362 दिन तक अच्छा या संतोषजनक श्रेणी में एक्यूआई के चलते हासिल हुई है।

मंगलवार को प्रदेश के प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अध्यक्षता में बैठक व वीडियो कांफ्रेसिंग में हुई समीक्षा में मुरादाबाद नगर निगम की बेहतर पहल से वर्ष 2024-25 में अप्रैल से मार्च तक लगातार 362 दिन (गुड डेज) के आधार पर महानगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अच्छी अथवा संतोषजनक श्रेणी में रहने के चलते इस बैठक में नगर निगम के कार्यों की सराहना की गई। प्रदेश में वायु गुणवत्ता सुधार में बेहतरी के लिए दूसरा स्थान दिया गया। बैठक में निगम के अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर वायु गुणवत्ता सुधार के लिए चल रहे कार्यों की जानकारी दी। जिसको सराहना मिली। अन्य निगमों को यहां से सीख लेने के लिए प्रमुख सचिव ने कहा।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि निगम प्रशासन वायु गुणवत्ता सुधार व महानगर में सफाई के लिए दिन ही नहीं रात में भी कार्य कर रहा है। इसका परिणाम सबके सामने है। यह सबके सामूहिक प्रयास से संभव हो रहा है। पूरा विश्वास है कि हम प्रदेश में इस श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल करेंगे। यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। जिससे क्लीन एंड ग्रीन के साथ ही स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित मुरादाबाद की संकल्पना साकार हो सके।

### इन कार्यों से मिली महानगर को उपलब्धि

- सड़क की धुलाई व मैकेनिकल उपकरणों से स्वीपिंग।
- निर्माण कार्यों पर नियमन व वाटर स्प्रिंकलर से पौधों व डिवाइडर पर छिड़काव।
- कूड़ा जलाने पर सख्ती से रोकथाम।
- हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) का लगातार विस्तार व पौधरोपण।
- वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण के लिए अभियान।
- जन जागरूकता व जन सहभागिता पर जोर।

**आज का मौसम**

मौसम सामान्य, तेज धूप रहेगी।

42.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:13

## एक नजर

### नगर निगम की टीम ने हटवाया अतिक्रमण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के प्रवर्तन दल ने मंगलवार को महानगर के बुध बाजार, टाउनहाल, कोतवाली, गंज बाजार आदि क्षेत्र में अभियान चलाकर फुटपाथ पर से अतिक्रमण हटवाया। टीम ने रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों को वहां से भगाया। चेतावनी दी कि दोबारा यहां दिखे तो सामान जब्त कर जुर्माना भी वसूला जाएगा। टीम ने मंगलवार को इन जगहों पर अवैध तरीके से दुकानें नहीं लगने दीं। प्रवर्तन दल की टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर निगरानी करती रही। जो भी ठेला व अन्य दुकान लगाता उसे तुरंत पहुंचकर हटवाकर सामान जब्त करने में जुट जाते। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि किसी को अवैध तरीके से अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।

### एलएलएम और एमएड परीक्षा 5 जुलाई को होगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की ओर से एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को कराई जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय ने तैयारी कर ली हैं। कॉलेज मुरादाबाद की प्रो. सुकीर्ति त्यागी को एलएलएल में दाखिले के लिए समन्वयक बनाया है। एमएड के लिए प्राचार्य प्रो. एसएस रावत हिंदू कॉलेज को जिम्मेदारी सौंपी है। कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने बताया कि बिजनौर के कृष्णा कॉलेज और अमरोहा के हाशमी कॉलेज में एलएलएम की 20-20 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होनी है। पंजीकरण दो दिन के भीतर शुरू कर दिए जाएंगे। दो परीक्षा केंद्र हिंदू कॉलेज मुरादाबाद व वर्धमान कॉलेज बिजनौर बनाए गए हैं। एमएड के लिए 11 कॉलेजों में 600 सीटों के लिए भी एंट्रेंस एग्जाम गुरु जंभेश्वर विवि ही कराएगा। इन सीटों के लिए भी छात्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराएंगे। इसके बाद प्रवेश परीक्षा के माध्यम से इन्हें सीटें अलॉट होंगी।

### स्वास्थ्य विभाग की ओर से दो बार बेहतर सुविधा और सौंदर्यीकरण के लिए मिल चुका है पुरस्कार

# कायाकल्प के बाद फकीरपुरा स्वास्थ्य केंद्र की बदली सूरत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कायाकल्प के बाद फकीरपुरा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सूरत बदल गई है। जांच या उपचार के लिए आने वाले मरीजों को कतार में खड़े होकर परेशानी न हो इसके लिए इस केंद्र पर बैठने की भी व्यवस्था की है। अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र रोल मॉडल से कम नहीं है। मंगलवार को अमृत विचार की टीम की पड़ताल में यह व्यवस्थाएं बेहतर नजर आईं।

मंगलवार सुबह 11:35 मिनट तक केंद्र पर 16 मरीज उपचार के लिए पहुंचे थे। फकीरपुरा निवासी दंपती अपने तीन वर्षीय बेटे को लेकर पहुंचा। सबसे पहले स्टाफ नर्स ने परिवार की पूरी जानकारी रजिस्टर में अंकित की। इसके बाद बच्चे का बुखार चेक कर भीतर चिकित्साधिकारी कक्ष में भेजा। चिकित्साधिकारी डॉ. मनीषा ने इलाज के परामर्श के साथ ही उन्हें सावधानी बरतने की सलाह दी। बताया कि अधिक गर्मी के कारण लोग बुखार, दस्त, उल्टी, पेट में दर्द का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि शरीर में पानी की कमी न होने दें। ज्यादा जरूरी काम होने पर ही घर से निकलें। अभिभावक बच्चों को शाम होने पर ही बाहर खेलने के लिए जाने दें। थोड़ी सी लापरवाही होने पर तुरंत बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। ऐसे में बच्चे जंक फूड, बासी खाना आदि या बाहर से तुरंत आते ही फ्रिज से निकला ठंडा पानी तो नहीं पी रहे, इन छोटी-छोटी बातों पर गौर करने की जरूरत है।



फकरीपुरा स्वास्थ्य केंद्र में बच्चे का चेकअप करती चिकित्सक। ● अमृत विचार

### प्रतिदिन 55 से अधिक मरीजों की ओपीडी

स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन औसतन 55 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। जांच कराने के लिए मरीजों को परेशान न होना पड़े इसके लिए शुगर, ब्लड प्रेशर, यूरिन, मलेरिया, टीबी, ईसीजी की जांच की व्यवस्था है। केंद्र पर लैब टेक्निशियन तैनात है। दो स्टाफ नर्स, एक फार्मासिस्ट, वार्ड आया और एक सफाई कर्मी तैनात हैं।

### बेहतर सुविधा और कायाकल्प के लिए मिला है अवार्ड

कायाकल्प होने के बाद से नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फकीरपुरा को दो बार बेहतर सुविधा और सौंदर्यीकरण के लिए शासन की ओर से सम्मानित किया जा चुका है। चिकित्साधिकारी डॉ. मनीषा ने बताया कि 2021-22 और 2022-23 में साफ-सफाई, संसाधन, उपकरण, मरीजों को दी जाने वाली सेवाएं व मरीजों के साथ कर्मचारियों के व्यवहार आदि बिंदुओं पर कायाकल्प अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

# ट्रक में छिपाकर लाई जा रही 750 किलो पॉलीथिन पकड़ी

## नगर निगम की टीम ने 50,000 रुपये का जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रोक के बाद भी प्रतिबंधित पॉलीथिन बिक्री के लिए लाने की सूचना पर मंगलवार को नगर निगम की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। गुलाबबाड़ी के सूरजनगर में छापेमारी के दौरान एक ट्रक से 750 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़ी। टीम ने कार्रवाई करते हुए पॉलीथिन जब्त करने के अलावा 50,000 रुपये का जुर्माना भी वसूला।

वार्ड नंबर 36 गुलाबबाड़ी के सूरज नगर में सूचना के आधार पर नगर निगम के क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आबिद अली ने टीम के साथ छापेमारी की। चेकिंग के दौरान एक ट्रक आता दिखा, जिसे रोक कर चेक किया तो ट्रक में लदे फलों की पेटी के बीच छिपाकर प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़ी गई। पूछताछ में पता चला कि यह प्रतिबंधित पॉलीथिन सुल्तान पुत्र अब्दुल रशीद ने बाहर से मंगवाई थी। जिसे ट्रक ड्राइवर विजय पाल लेकर आ रहा था। जांच के दौरान कई बोरी में पैक किया 750 ग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन टीम ने जब्त कर लिया। टीम ने चालान काटकर 50,000 रुपये का जुर्माना भी वसूला। व्यापारियों को चेतावनी दी कि प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री व प्रयोग करने पर कार्रवाई की जाएगी। टीम ने इसके अलावा आसपास के दुकानदारों को भी इसके लिए सचेत किया। टीम की कार्रवाई में नगर निगम प्रवर्तन दल के सदस्य व स्थानीय थाने के पुलिस कर्मी और नगर निगम के कर्मचारी शामिल रहे।



फलों के बीच ट्रक में रखी पॉलीथिन जब्त करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

# गर्भधारण करने में बाधा बन रहा थायराइड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महिलाओं में बढ़ते थायराइड के कारण गर्भकाल के दौरान होने वाली परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार थायराइड होने के कारण महिलाओं को एक ओर जहां गर्भधारण करने में दिक्कत हो रही है तो दूसरी ओर इसका असर गर्भस्थ शिशु के विकास पर भी पड़ता है। जिला महिला अस्पताल में प्रतिदिन 90 से अधिक महिला मरीजों की ओपीडी होती है, जिसमें 30 फीसदी महिलाएं थायराइड से पीड़ित पहुंच रही हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निर्मला पाठक ने बताया कि जरूरी नहीं थायराइड की समस्या गर्भवती महिलाओं को ही हो। यह समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है। यह अनुवांशिक भी हो सकता है। चिकित्सकों के बिना परामर्श के दवा का सेवन करना भी थायराइड होने का मुख्य कारण है। इसमें हृदय रोग और डिप्रेशन की दवा प्रमुख है। बार-बार थकान होना, कमजोरी बनी रहना, शरीर में सूजन, ज्यादा पसीना आना थायराइड के लक्षण हैं। इस तरह के लक्षण दिखने पर सबसे पहले थायराइड का स्तर पता लगाने के लिए सीरम टीएसएच की जांच कराई जाती है। तनाव या थायराइड के चलते समय से पहले प्रसव होने की आशंका बढ़ जाती है।

**क्या है बचाव :** थायराइड से बचाव के लिए शारीरिक गतिविधि, स्वस्थ आहार, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन महत्वपूर्ण है। थायराइड ग्रंथि को ठीक से काम करने के लिए आयोडीन आवश्यक है। आहार में आयोडीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें। सुबह खाली पेट लौकी का जूस पीना बहुत फायदेमंद होता है।

### क्या है थायराइड

थायराइड में वजन बढ़ने के साथ ही हार्मोन भी गड़बड़ा जाता है। महिलाएं थायराइड की बीमारी की चपेट में ज्यादा आती हैं। थायराइड ग्रंथि के बढ़ने की वजह से यह समस्या होती है। यह ग्रंथि तितली के आकार की होती है, जो कि शरीर की कई जरूरी गतिविधियों को नियंत्रित करती है। कई बार थायरॉइड में तेजी से वजन बढ़ता है तो कई मामलों में वजन तेजी से घटता जाता है।

# स्कूली बच्चों को पसंदीदा खेल में पारंगत करेगा खेल विभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **एक स्कूल- एक खेल योजना के अंतर्गत स्कूलों में छात्रावास व स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए भी तैयार होंगे विद्यार्थी**
- **ग्रीष्म अवकाश समाप्त होने पर शिक्षा विभाग की पहल को आगे बढ़ाया जाएगा**

**अमृत विचार :** पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराब। यह कहावत समय के साथ अब फीकी सी साबित हो रही है। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खेल विभाग सिर्फ स्टेडियम में पंजीकृत खिलाड़ियों के सपने पूरे करने तक ही भूमिका नहीं निभाएगा। स्कूली बच्चों को भी उनके पसंदीदा खेल में पारंगत किया जाएगा।

जिले के माध्यमिक विद्यालयों में अब पढ़ाई के साथ खिलाड़ी भी तैयार होंगे। संबंधित खेल में दक्षता बढ़ाने के बाद इन छात्रों को खेल विभाग की ओर से संचालित छात्रावास और स्पोर्ट्स कालेज के लिए तैयार किया जाएगा। अभ्यास के दौरान छात्रों को किसी तरह की कोई दिक्कत न आए इसके लिए समय-समय पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी की ओर से व्यवस्था का जायजा भी लिया जाएगा।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद इस पहल को गति दी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग और खेल विभाग की ओर से जिन स्कूलों में खेल प्रतिभा निकलने की संभावना है उन स्कूलों को चिह्नित कर विद्यार्थियों से संपर्क साधा जाएगा। इससे बच्चों को शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

### कोच करेंगे मदद

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अभ्यास के दौरान अगर किसी तरह की परेशानी होगी तो स्टेडियम से संबंधित खेल के कोच को स्कूल में भेज छात्रों की समस्या का निदान किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए और अभ्यास की क्या गति है, इसकी जानकारी के लिए सभी स्कूलों के जिम्मेदारों से संपर्क कर एक वाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा।

# अवैध प्लाटिंग जेसीबी से ढहाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को अवैध प्लाटिंग व बिना नक्शा किए जा रहे निर्माण पर कार्रवाई कर ध्वस्तीकरण के अलावा सीलिंग की कार्रवाई की। इससे आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई।

प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने उपाध्यक्ष के अनुभव सिंह के निर्देश पर मामले में पारित आदेश के पालन में जोन एक के गुलाब बाग, मऊ फाटक के पास मोहम्मद सरफराज द्वारा बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के लगभग 15 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग कराई गई थी। जिसे प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन के बाद नियमानुसार 15 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। दूसरी कार्रवाई रामपुर रोड के निकट, काशीपुर रोड बस अड्डा के पास हुई। यहां संकेत तोमर द्वारा बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के 250 वर्गमीटर भूमि पर अवैध निर्माण किया गया था। जिसे टीम ने भौतिक सत्यापन के बाद अवैध निर्माण को सील कर दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति बिना विधिवत स्वीकृति के किसी प्रकार की भूमि उपविभाजन, प्लाटिंग या निर्माण कार्य न करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ प्राधिकरण द्वारा सीलिंग, ध्वस्तीकरण आौर अन्य विधिक कार्रवाई तत्काल प्रभाव से की जाएगी। उन्होंने जन सामान्य से अपील किया कि नगर विकास के नियमों का पालन करें और अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्राधिकरण को दें।



अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करती विकास प्राधिकरण की जेसीबी। ● अमृत विचार

- **गुलाब बाग मऊ फाटक के पास रामपुर रोड पर काशीपुर रोडवेज बस अड्डा के पास की कार्रवाई**

**आयोजन** | पंचायत भवन में भी जिले के 262 मेधावी होंगे सम्मानित

# 4 मेधावियों को लखनऊ में मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश में टॉप करने वाले जनपद के 5 विद्यार्थियों को लखनऊ में लोकभवन में 12 जून को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे। सम्मानित छात्र को एक लाख रुपये और टेबलेट भी दिया जाएगा। वहीं जिला स्तर पर 262 मेधावियों को पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया लाएगा।

जिले के टॉप टेन के बच्चों को उनकी शिक्षा के सहायता राशि के रूप में उनके खाते में 16 मेधावियों को 21 हजार की धनराशि के साथ मेडल और प्रशस्ति पत्र दियाा जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने माध्यमिक शिक्षा विभाग से सीबीएसई,आईसीएसई और यूपी बोर्ड में प्रदेश में टॉप करने बच्चों के एक अभिभावक का नाम भेजा गया है। जिसमें जिले के 8 नाम शामिल हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि 12 जून को लखनऊ के लोक भवन के जनपद से 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रदेश में टॉप करने वाले 5 मेधावियों को मुख्यमंत्री लोक भवन में सम्मानित करेंगे। लखनऊ में सम्मानित होने वालों में सीबीएसई बोर्ड से शिरडी साईं पब्लिक स्कूल कांठ रोड अगवानपुर की जिले की टापर नव्या अरोड़ा है। यूपी बोर्ड से डॉ. देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिलारी की ऋतु गर्ग, इसी विद्यालय की ईरम फातिमा, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के मयंक सिंह, एमएल अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलियाबाद करणपुर डिलारी की छात्रा चाहत को लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ एक लाख रुपये की धनराशि इनके खाते में भेजी जाएगी।



नव्या अरोड़ा

स्थानीय स्तर पर पंचायत भवन सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 262 मेधावियों को प्रभारी मंत्री सम्मानित करेंगे। जिसमें सर्वाधिक अंक लाने 16 मेधावियों को 21 हजार की धनराशि का चेक दिया जाएगा। हाईस्कूल में चयनित मेधावी बच्चों में पुनीत कुमार पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मोड़ा कांठ, दीप शिखा चौहान पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मोड़ा, अंजलि मौर्य डॉ. डीपी एसवीएमआईसी बिलारी, प्रिंस सैनी पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मोड़ा, श्रद्धा यादव एमडीआईसी पट्टी मोड़ा कांठ, अर्शिता राज निगम पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मोड़ा ,खुशी सैनी एसवीएमआईसी गुलाबबाड़ी, अफीफा रहमान पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मोड़ा कांठ को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 12वीं कक्षा के मेधावियों में मयंक सैनी चित्रगुप्त इंटर कॉलेज मुरादाबाद, आर्यन चौहान एमडीआई पट्टी मोड़ा कांठ, प्रगति पांडे एसवीएमआईसी गुलाबबाड़ी, गुरुप्रीत सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मोड़ा कांठ, अभिलाष चौहान एसपीएसएमआईसी रामूवाला गणेश, मोंटी पाल एसवीएमआईसी गुलाबबाड़ी, अक्सा नूर एमडीआईसीपट्टी मोड़ा कांठ को 21 हजार की धनराशि का चेक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री अनिल कुमार द्वारा दिया जाएगा।

# अभिलेखों के खराब रख रखाव पर सीडीओ ने जताई नाराजगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली और सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। अलमारियों में रखे अभिलेखों की अव्यवस्था देख उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई।

सीडीओ ने निर्देश दिए कि सभी अभिलेख व्यवस्थित ढंग से रखे जाएं ताकि किसी भी समय जांच के दौरान आसानी से उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, लेखा अभिलेख, विकास योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की भी जांच की। निरीक्षण के अंत में उन्होंने कर्मचारियों को समयबद्ध कार्य निष्पादन, योजनाओं की पारदर्शिता और जन सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### महिला कांग्रेस की कार्यशाला में जेहरा बी सम्मानित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** एआईसीसी मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित संगठन सृजन कार्यशाला में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने जिलाध्यक्षों को चुनावी टिप्स दिए। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश से चार चयनित जिलाध्यक्षों में जेहरा बी भी शामिल थीं। महिला कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने पर कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय और अलका लांबा ने महिला कांग्रेस इकाइयों को और अधिक सक्रिय बनाने पर जोर दिया। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वसीम अहमद ने बताया कि महिला कांग्रेस अपने संगठन को मुख्य संघर्ष में शामिल रखने का मन बना चुकी है।

## सार संक्षेप



### बड़े मंगल पर राहगीरों को बांटा शरबत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ज्येष्ठ महीने के पांचवें बड़े मंगलवार को चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं द्वारा दिल्ली रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने लोगों को शरबत और शिकंजी बांटा गया। इस कार्य में ट्रस्ट द्वारा संचालित निशुल्क ट्यूशन सेंटर और सिलाई सेंटर के बच्चों ने वालंटियर की भूमिका निभाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। इस दौरान ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय, राघव रस्तोगी, प्रियंका भटनागर, अंकुर गुप्ता, मनीषा शर्मा, वीर सिंह आदि ने सहयोग किया।



### आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलन है योग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं और उनसे होने वाले लाभों को पोस्ट के माध्यम से समझाया गया। महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। योग के बारे में छात्राओं का ज्ञान वर्धन किया। मंगलवार को गोकुलदास महाविद्यालय में "योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ" थीम पर क्रीड़ा विभाग ने महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता कराई। छात्राओं को योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृति के युज से हुई है, जिसका अर्थ होता है आत्मा का सार्वभौमिक चेतना से मिलन। योग की उत्पत्ति भारत देश से ही मानी जाती है। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्रीड़ा विभाग की प्रभारी शिवानी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सविता अग्रवाल, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. किरण त्रिपाठी, प्रो. पुनीता शर्मा, डॉ. प्रेमलता कश्यप, यशिका व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### महापुरुषों के नाम पर रखें चौराहों के नाम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के प्रमुख चौराहों को वैश्य समाज के महापुरुषों के नाम पर रखने और उनकी प्रतिमा स्थापित कराने की मांग को लेकर वैश्य जागरूक मंच के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर विनोद अग्रवाल से उनके कार्यालय में मुलाकात की। कहा कि वैश्य समाज के महापुरुषों के नाम की प्रतिमा लगाई जाए। जिस पर महापौर ने दिल्ली रोड पर 10 फुट ऊंची विशाल संगमरमर की महाराजा अग्रसेन की मूर्ति अग्रसेन जयंती से पहले लगवाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मंच के प्रदेश महामंत्री अंकित अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधिवक्ता अनुज गुप्ता और कोषाध्यक्ष अग्रिम गुप्ता शामिल रहे।



### युवा पीढ़ी को सनातन का ज्ञान न होना चिंता का विषय




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कृष्णा बाल विद्या मंदिर विद्यालय में मंगलवार से विश्व हिंदू परिषद मेरठ क्षेत्र का परिषद वर्ग शुरू हो गया है। 20 जून तक लगने वाले इस वर्ग में मेरठ प्रांत, ब्रज प्रांत और उत्तराखंड प्रांत से आए कार्यकर्ताओं के भी देश प्रेम की अलख जगाई जाएगी। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि धर्मांतरण देश को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी को सनातन धर्म का ज्ञान न होना भी चिंता का विषय है। युवा अपने धर्म और कर्म के बारे में जाने इसके लिए उन्हें इस वर्ग में तैयार किया जाएगा। क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सोलंकी ने बताया कि बिना किसी सुख-सुविधा के परिवार से दूर रहकर सादा भोजन करना, जमीन पर सोना और प्रात: जल्दी उठने से लेकर देर रात्रि तक किसी न किसी प्रशिक्षण में लगे रहना वर्ग का मुख्य कार्य होता है। यह 11 दिवसीय वर्ग जिसमें कार्यकर्ता का निर्माण होता है। इतने कठिन कार्य क्षेत्र से गुजरने के बाद ऐसे कार्यकर्ता का निर्माण होना ही परिषद शिक्षा का कार्य है। इस मौके पर भवानी सेंगर, प्रणीत गुप्ता, अविनाश गुप्ता, बृजेश पाठक, यशपाल सिंह, छाया, डॉ. राजकमल गुप्ता, महंत कण पुरी, जितेंद्र चौधरी, गौरव भटनागर आदि मौजूद रहे।

### मंगलवार को हुई पवनपुत्र की जय जयकार



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगल (बड़ा मंगल) पर विभिन्न मंदिरों में रामभक्त हनुमान की श्रद्धाभाव के साथ उपासना हुई। परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्री रामगंगा गोशाला, हाथी वाला मंदिर, श्री काली माता मंदिर देहरी गांव, हिंदू संस्कार केंद्र और लाइन पार स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व हनुमान जी की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया। परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को बड़ा मंगल कहते हैं। इस मौके पर आचार्य पंडित विनीत शर्मा, पंडित नवल किशोर अवस्थी, पुजारी राजू, पुजारी महेंद्र, पंडित राघव दास, अनुज राजपूत, दिनेश कुमार सैनी, हरिओम वर्मा, अनिल कुमार सिंह, अजय रस्तोगी, शम्मी रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### सर्पदंश से टीवी मैकेनिक की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्वारऊ में रात में घर में सो रहे 43 वर्षीय टीवी मैकेनिक हुकमचंद 43 को सांप ने डंस लिया। उसके घर में सांप के कांटे का इलाज होता है, इसलिए घर के लोग सांप की तलाश में लग गए और खुद ही उपचार करना शुरू कर दिया। बताते हैं कि सांप तो हाथ नहीं आया लेकिन हुकुमचंद की जान नहीं बचाई जा सकी। सोमवार रात हुकमचंद कमरे में सो रहा था। तभी छत की कड़ियों में से सांप उसके ऊपर गिरा और उसने काट लिया। उसने सांप को जाते हुए देख लिया। इस पर घर वालों ने सांप की तलाश शुरू कर दी, उसके परिजन सांप के काटे का इलाज भी करते हैं तो घर में ही इलाज करने लगे परंतु सुधार नहीं हुआ और उसकी मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# किसानों को नहरों में मिले पर्याप्त पानी

## शैवाल आने से पानी की आपूर्ति प्रभावित, नलकूप ठीक कराने के निर्देश

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सिंचाई खंड मुरादाबाद में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की मासिक बैठक हुई। जिसमें पुराने सभी कार्यों की समीक्षा की गई।

कांठ क्षेत्र के ग्राम मुख्तयारपुर नवादा निवासी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने बताया कि नलकूप संख्या 69 टीजी कोटा महमूदपुर में गुलाबी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नलकूप संख्या 224 केजी के पुनः बोरिंग के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू हो चुकी है। शेरकोट बैराज के पास नहर में शैवाल आ जाने के कारण कालागढ़ बांध की नहरों में पानी की आपूर्ति कम है। 11 जून से डुमरिया बांध की सभी नहरों में पूरा पानी छोड़ दिया जाएगा। महमूदपुर रजवाहे को कोकरपुर से गंगा नदी तक बढ़ाने का कार्य धीमी गति से होने के कारण नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र ही यह कार्य पूरा करने का आदेश दिया। किसानों की मांग को देखते हुए रसूलपुर के पुल और नागले की पुलिया के बीच नए पुल का प्रस्ताव पास करके लखनऊ भेज दिया है। शिवपुरी मूढापांडे के पुल का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका है। वर्तमान में 5 नलकूप यांत्रिकी दोष तथा 4 नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद हैं जिनमें से सात नलकूप एक सप्ताह के भीतर भीतर ठीक करा कर चलने का आदेश दिया। दो नलकूप संख्या 45 सिरसी और 80 संभल की विद्युत लाइन ठप है, जिसके नवीनीकरण का आदेश दिया। नलकूप के लिए 10 घंटे, ग्रामीण लाइन के लिए 18 घंटे, नगरीय नलकूपों के लिए 21 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। जुलाई में बाढ़ के खतरे को देखते हुए पूरी तैयारी करने के आदेश भी दिए। सूखे से निपटने के लिए कल से सभी नहरों में पूरा पानी दिया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने की तथा संचालन नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रथम ने किया। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई आरपी सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत आशीष कुमार लाल , सहायक अभियंता कुमारी पूजा , सहायक अभियंता श्रीमती श्रद्धा भट्ट नलकूप खंड 2, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार,अमित कुमार, मुकेशकुमार आकिल अली और सौरभ कुमार बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।


बैठक में निर्देश देते धर्मपाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

### नहर में पानी नहीं, किसान कैसे करें सिंचाई

**कांठ, अमृत विचार :** नहर में पानी न आने से फसलों की सिंचाई पिछड़ रही है। इससे किसान परेशान हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस समय गन्ने की फसल को पानी की बहुत ज्यादा जरूरत है परंतु नहर में पानी नहीं होने से गन्ने की फसल सूख रही है। किसान महंगा डीजल खरीद कर खेतों की सिंचाई करने को मजबूर हैं। जबाहा में पानी न आने से कांठ, रसूलपुर, नवादा, खलीलपुर, नगला, महेन्द्री आदि गांव के किसान परेशान हैं। कई बार एक हफ्ते से भी अधिक समय तक नहर में पानी नहीं आता है। गर्मी का भारी कहर पड़ रहा है। किसान राजवीर सिंह, श्री ओम विश्नोई, अजय कुमार, अशोक कुमार, सचिन कुमार, बृजपाल सिंह, रामराज सिंह आदि किसानों ने नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

### भारत विकास परिषद ने लोगों को पिलाया शरबत

**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को भारत विकास परिषद शाखा कांठ द्वारा अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता के प्रतिष्ठान के सामने शरबत बांटा गया। महेश गुप्ता, सचिव गौरव बिश्नोई, मुकेश महेश्वरी, पंकज भदौरिया, प्रमोद बिश्नोई,दीपक चौहान, सुरेश चौहान, रजत प्रभाकर आदि सदस्य मौजूद रहे।

### युवाओं ने पिलाया शरबत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर में भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए तिकोनिया पार्क के निकट चैक पोस्ट पर युवाओं द्वारा शरबत का वितरण किया गया। राहगीरों का कहना है कि प्यासे को पानी पिलाने से बढ़कर कोई समाज सेवा नहीं है। इस दौरान सभासद नईम, बबलू, दानिश, सलीम, फैजान, सनिब, फिरोज, अनीस, साहिब, सलमान आदि रहे।

## विवाद के बाद खेत में पलट दी फसल, 3 पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में 3 लोगों ने खेत में बाजरे की खड़ी फसल को पलट दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम महदूत कलमी निवासी जैबुनिशा ने तहसील क्षेत्र के कांठ के गाटा 320 रकबा 0.2000 मालकिन है। जिसने उप जिलाधिकारी के आदेश पर पैमाइश कराई थी। पैमाइश के बाद इस भूमि पर बाजरे की फसल बोई गई थी। गत 31 मई को अलीदाद पुत्र साबिर, इरफान पुत्र इसरार व शाहजहां पत्नी इसरार ने खेत में बाजरे की खड़ी फसल को पलट दिया। जैबुनिशा ने इस संबंध में आरोपियों से शिकायत की तब उसे जान से मारने की धमकी एवं बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी दी गई। इस संबंध में थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस में लिखित शिकायत जिला अधिकारी से की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्रान्तर्गत गांव निवासी विवाहिता से ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा बाइक की मांग की गई थी। बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा विवाहिता को परेशान किया गया। मामले में दिलदार व अनस पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। विवेचना के आधार पर थाना पुलिस ने अनस पुत्र इब्राहिम निवासी कस्सावान कस्बा व थाना मन्डावर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### चौथे दिन भी नगर में गंदे पानी की आपूर्ति

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका की लापरवाही के कारण नगर में गंदे पानी की आपूर्ति चौथे दिन भी जारी रही। लोगों का कहना है कि वह समय पर पानी का टैक्स नगर पालिका को अदा करते हैं। लेकिन पालिका अनदेखी कर रही है।

ठाकुरद्वारा में अमृत योजना के तहत घर-घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए डाली गई पाइप लाइन से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। जबकि पाइप लाइन से सिर्फ डेढ़ माह पहले पानी की सप्लाई शुरू की गई है। करीब 80000 की आबादी को 4 दिन से दूषित पानी की सप्लाई की जा रही है। जिलाधिकारी से शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। पिपल टोला निवासी रुद्राक्ष शर्मा ने कहा कि यह नगर पालिका की कमी के कारण हुआ है। राजेंद्र चंद्र पांडे, पंकज गुप्ता, कमलेश कुमार, गुलफाम अहमद , मुस्तकीम ने शिकायती पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की है।


नगर में पैदल मार्च करती पुलिस।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाला पैदल मार्च

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में शांति व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर एसएसआई के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च निकाला गया।

मंगलवार को एसएसआई ब्रजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने, अपराध नियंत्रण, व सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए कोतवाली चौराहा, बुध बाजार, पुरानी घास मंडी, बाजार गंज, कदीर तिराहा, चलचित्र रोड, कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड पर पैदल पैदल मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान विपिन कुमार, बलराम दीक्षित, उपनिरीक्षक विजय देशवाल, कॉस्टेबल सन्नी कुमार, मनीष कुमार, राजू कुमार, योगेश कुमार, मोनीष राठी गौरव कुमार, परविंदर कुमार, रजत बालियान, गोपाल शिवम धामा आदि मौजूद रहे।

## चुनावी रंजिश में मारपीट में 12 घायल, दो गंभीर

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** गांव गोधी में प्रधानी के चुनाव को लेकर मारपीट हो गई। सोमवार रात 8 बजे पूर्व प्रधान का पुत्र, उसके भाई और दो भतीजों को प्रधान के चुनाव की तैयारियां कर रहे लोगों ने लाठी-डंडों और तलवारों से हमला कर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने 12 नामजद एवं 7 अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया है। दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव गोधी के पूर्व प्रधान मोहम्मद जान के बेटे इमरान ने कहा है कि अपने भाई इरफान और दो भतीजों जरीफ व नौमान पाशा को साथ लेकर रात आठ बजे गांव में बकरीद की दावत खाने जा रहा था। रास्ते में प्रधान पद के चुनाव की तैयारियां कर रहे जुल्फेकार, आफताब, जावेद, नावेद, परवेज, यामीन, यासीन, नासिर, अरमान, सलीम, बाबू, फरमान और उनके 7 साथी हाथों में लोहे के सरिये, लाठी-डंडे एवं तलवार लहराते हुए आए और कहने लगे प्रधान का चुनाव लड़ने का इरादा छोड़ दे नहीं तो जान से मार देंगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गालियां देते हुए हमला कर दिया। बीच-बचाव करने वालों को भी आरोपियों ने लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। विवाद में 12 लोग घायल हो गए। घायल प्रधान पुत्रों और पौत्रों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 12 नामजद एवं 7 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भागवत कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्ति

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर खोकरलाल पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ पूजा अर्चना कर किया गया।

मंगलवार को सीतापुर से आए कथा वाचक बलराम शास्त्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर कथा का आरंभ किया। जिसमें उन्होंने राजा परीक्षित कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। धार्मिक कथा सुनने से बच्चों में धार्मिकता की जागृति होती है। शिव मंदिर के महंत दिनेश गिरी महाराज ने कहा कि 16 जून को शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन होगा। कथा में विनीत भारद्वाज, रविंद्र कुमार, उदयवीर सिंह, प्रेम सिंह ,बबलू, गुंजन, ममता, उषा, दुलारी, पिंकी, दिगंबर चौहान, सचिन कुमार मौजूद रहे।


कलश यात्रा निकालने से पहले एकत्र महिलाएं व अन्य।

### कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

**बिलारी, अमृत विचार :** शिव मंदिर बच्चा बाग में श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ हुआ। सबसे पहले नई सड़क से कथा स्थल तक कलश यात्रा जयकारों के साथ निकाली। जिसमें शकुन मिश्रा, सपना मिश्रा, चारू शर्मा, शिवांगी कौशिक, ललित शर्मा, प्रीति शर्मा, गुड्डी शर्मा आदि महिलाएं सिर पर कलश धारण रखकर चल रही थीं। आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि भागवत कथा दुर्लभ है। इसे सुनने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने सुनाया कि हमारे पूर्वजों के पुण्य, पूर्वजों का आशीर्वाद और हमारे पुण्य के अलावा परमात्मा की जब विशेष कृपा होती है तभी कथा कराने का संकल्प मन में आता है। श्री कृष्ण की कथा सुनने से सभी बढ़ाएं मिट जाती हैन। कथा सुनने का लाभ तभी है घर जाकर मनन करें फिर अपने व्यवहार में उतारें , इससे हमारा जीवन निश्चित ही सुंदर हो जाएगा।

### हनुमान चालीसा का पाठ किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को असदुल्लापुर हनुमान मंदिर पर हनुमान भक्तों द्वारा सुंदर पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ किया। क्षेत्र के गांव असदुल्लापुर के ग्राम वासियों ने ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को सर्वप्रथम पूजा अर्चना के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसी दौरान भक्तों ने हनुमान जी की मूर्ति पर सिंदूर व चोला चढ़ाया। इसके बाद भंडारा कर प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम में विशाल चौधरी, भाकियू के तहसील उपाध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह, लालपुर चौहान निवासी बंटी, चौधरी कृपाल सिंह, चौधरी मोहित कुमार, आकाश चौधरी, शिवा चौधरी, राजपाल सिंह, रामवीर सिंह, कृष्णपाल जाटव, शिवचरण जाटव, राजेंद्र जाटव, सुखवीर सिंह व क्षेत्रवासी रहे ।

## सार संक्षेप



### सरकारी तालाब को कराया कब्जामुक्त

**भोजपुर , अमृत विचार :** मंडलायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने सरकारी तालाब कब्जा मुक्त कराने का काम शुरू कराया। पीपलसाना रेलवे स्टेशन रोड पर सड़क किनारे सरकारी तालाब खसरा 829 में मोहल्ला मनिहारन निवासी ग्रामीण ने मिट्टी का भराव कर टिन शेड डालकर कब्जा कर लिया था। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार भोजपुर पल्लवी वानिया, कानूनगो युनूस अली और लेखपाल हरि राज सिंह को सरकारी तालाब की पैमाइश कर तत्काल कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। 7 मई को राजस्व विभाग की टीम ने कस्बा चौकी इंचार्ज ब्रजपाल सिंह की मौजूदगी में तालाब को पैमाइश कर अधिशासी अधिकारी को कब्जा मुक्त कराने के लिए जेसीबी मशीन और मिट्टी उठाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली उपलब्ध कराने को कहा। तालाब पर कब्जा बरकरार रहने पर 15 मई को ग्रामीण ने मुख्यमंत्री पोर्टल और मंडलायुक्त को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई करने की मांग की। इसके बाद मंगलवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह और टीम के साथ सरकारी तालाब पर किए गए मिट्टी के भराव को जेसीबी मशीन से हटवाकर तालाब को कब्तामुक्त कराया।

### भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से परेशानी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण क्षेत्र की जनता परेशान है। मंगलवार को सुबह से ही सूरज की तपिश बढ़ती गई, वैसे ही गर्मी ने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया। बिजली की ट्रिपिंग से घरों में लगे एसी कूलर और पंखे बेकार साबित हो रहे हैं। तेज धूप में घरों से बाहर निकलने के लिए लोगों को सोचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कोचिंग सेंटर में तैयारी कर रहे छात्र सिर पर कपड़ा डालकर आते जाते दिखाई दिए। दोपहर में नगर से लेकर देहात की सड़कों पर भी सन्नाटा रहा। गर्मी में सबसे अधिक परेशानी बिजली आपूर्ति को लेकर हो रही है। रात में भी बिजली गायब होने से लोगों की नींद में खलल पड़ रहा है। विद्युत विभाग के एसडीओ उमाशंकर सक्सेना का कहना है कि गर्मी के चलते ट्रांसफॉर्मर पर लोड होने के कारण बिजली के फाल्ट बढ़ रहे हैं।

### दुष्कर्म के प्रयास का मामला पहुंचा थाने

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में तीन युवकों ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया था। किशोरी के भाई ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए जांच की मांग की है। किशोरी के भाई का कहना है कि उसकी बहन 8 जून की रात को अपने जीजा के घर की छत पर सो रही थी। रात में दो युवकों ने उसे किशोरी को उठा लिया और दुष्कर्म का प्रयाय किया। शोर होने पर आरोपी फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### विभिन्न गतिविधियों के साथ समर कैम्प सम्पन्न

**कांठ, अमृत विचार :** पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कांठ ( कंपोजिट ) में 17 दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। 10 जून को अभिभावक एवं समुदाय के साथ विभिन्न रोचक गतिविधियां एवं बच्चों व अभिभावकों के अनुभव साझा किए जाने के उपरांत समर कैंप का समापन किया गया। समर कैंप के संचालन में सुमन कुमार व अमीर जहां का सहयोगरहा।

### गैंगस्टर में वांछित आरोपी का चालान

**भोजपुर, अमृत विचार :** उप निरीक्षक अजय दुबे, महिला उप निरीक्षक निशा चौधरी व कांस्टेबल सतेंद्र साहू ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित गांव पीपलसाना निवासी हसनैन पुत्र जमील को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया आरोपी हसनैन गैंग बनाकर आर्थिक लाभ कमाने के लिए गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर मांस बेचने का धंधा करता है। इसके खिलाफ गोकशी के 5 मुकदमे अदालत में विचाराधीन हैं। 20 मई को भी आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

### राजकीय हाई स्कूल में समर कैंप का समापन

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय हाई स्कूल बेगमपुर में समर कैंप का समापन हो गया। समापन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र आवंटित किए। राजकीय हाई स्कूल बेगमपुर में चल रहे समर कैंप में योग, संगीत, चित्रकला, रंगोली, पारस्परिक गीत, लोक नृत्य कॅरियर काउंसलिंग कंप्यूटर पाककला आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्टील प्लेट देकर उत्साहवर्धन किया। समर कैंप में पलक, पायल, नैंसी, नितिन, सुहानी की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। उन्हें मिल्टन वाटर बोतल प्रधानाचार्य द्वारा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी राजवीर सिंह, सर्वेश कुमार, सचिन कुमार शर्मा का समर कैंप में विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर अभिषेक कुमार मिश्रा, शाहिद सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### घर से कंप्यूटर सेंटर गई छात्रा लापता

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सतारन गांव निवासी दीपू पत्नी सोमपाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी रागिनी शर्मा 8 जून की सुबह 7 बजे घर से राजा का सहसपुर में कंप्यूटर कोर्स सीखने के लिए गई थी। बताया कि शाम तक वह घर नहीं लौटी। पूरा दिन रिश्तेदारों और जान पहचान की जगह पर ढूंढने की कोशिश की, परंतु उसकी पुत्री का कहीं भी कोई पता नहीं चल सका। वहीं पुलिस ने महिला की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप सम्पन्न

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के विकास खण्ड डिलारी के उच्च प्राथमिक विद्यालय इग्राह कंपोजिट में समर कैंप का समापन हो गया। समर कैंप के अंतिम दिन कैंप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा कैंप प्रभारी शिखा रानी एवं शवाना परवीन के सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते पुलिस ने पकड़ा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहल्ला मुण्डों वाली कालोनी से आगे स्कूल के खंडहर में सट्टे की खाईबाड़ी करने की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी। जिसमें कोतवाली पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तालाशी में उसके पास से सट्टे की पर्ची, 600 रुपये पेन आदि बरामद किया है। आरोपी ने अपना नाम फईम पुत्र जहूर निवासी मोहल्ला जाटवान वार्ड 2 बताया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### भीषण गर्मी में लोगों को पिलाया शरबत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत भीषण गर्मी में लोगों को शरबत पिलाया। मंगलवार को कुंदरकी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैतपुर पट्टी के सामने आगरा नेशनल हाइवे पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत जैतपुर पट्टी निवासी फुरकान अंसारी, बब्लू पटेल, शाहिद अंसारी, नासिर, नूर मुहम्मद, आमिर डीलर, रिंकू, एम सज्जद हुसैन, इमरान अंसारी, शाहनाबाज पटेल, वसीम अंसारी, जुबैर अंसारी, इकरार अंसारी, जाने आलम ,अफजाल हुसैन मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपने पुत्र हरपाल एवं पुत्रवधू भारती को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **हरीश चन्द्र पुत्र भजन लाल नि. ग्राम लाड़पुर थाना मिलक जिला रामपुर**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सिविल लाइंस थाने के सामने 9 दुकानों पर गरजा बुलडोजर

**सख्ती**

- पालिका ने राम-रहीम पुल के निकट अवैध कब्जे हटाए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाने के सामने अतिक्रमण पर मंगलवार की सुबह 7 बजे पालिका की तीन जेसीबी गरजी। करीब 2 घंटे में 9 दुकानों को ध्वस्त करा दिया गया। अतिक्रमण हटने के बाद राम-रहीम पुल के निकट की जगह साफ हो गई।

मंगलवार सुबह तीन जेसीबी और फोर्स के साथ पालिका अधिकारी सिविल लाइंस थाने के सामने पहुंच गए और देखते ही देखते अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया। अधिशासी अधिकारी पालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि अतिक्रमण कर बनाई गई 9 दुकानों को ध्वस्त करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण होने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी होती थी और जाम की स्थिति बन जाती थी। कहा कि शहर में अतिक्रमण को साफ कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर जहां-जहां लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है वे स्वयं अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा पालिका द्वारा अतिक्रमण को साफ करा दिया जाएगा।

शहर में अतिक्रमण साफ कराए जाने का मुद्दा मंगलवार की दोपहर विकास भवन में हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में भी उठा। जिला अधिकारी ने कहा कि विधायक आकाश सक्सेना की पहल पर शहर में अतिक्रमण साफ कराया जा रहा है ताकि नैनीताल, रानीखेत, भवाली, रुद्रपुर जाने वाले लोगों को रामपुर से गुजरने पर यह शहर सुंदर दिखाई दे।


थाना सिविल लाइंस के सामने अतिक्रमण ढहाती पालिका की जेसीबी।


दुकानों के मलबे में सामान तलाशते लोग। ● अमृत विचार

"शहर में अतिक्रमण शहर विधायक की पहल पर साफ कराया जा रहा है ताकि, शहर को सुंदर बनाया जा सके। रामपुर को सुंदर बनाए जाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अतिक्रमण को साफ कराकर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।
–जोगिंदर सिंह, जिलाधिकारी"

### ध्वस्तीकरण के बाद मलबे से निकालते रहे सामान

दुकानें ध्वस्त होने के बाद दुकान स्वामी मलबे से अपना सामान निकालते रहे। दुकानदार जोगिंदर ने बताया कि उसकी सिविल लाइंस थाने के सामने कबाड की दुकान थी। दुकान ध्वस्त होने के बाद उसके सामने रोजी-रोटी का संकट हो गया है। दूसरे दुकानदार भूरा ने कहा कि उनकी करीब 50 वर्ष से दुकान थी। लेकिन कुछ ही देर में सबकुछ खत्म हो गया। वह अपने बच्चों की परवरिश कैसे करेंगे यहीं फिक्र उन्हें खाए जा रही है।

# पारा 40 डिग्री के पार, राहत के नहीं आसार

## मौसम वैज्ञानिकों ने आज तक के लिए जारी किया येलो अलर्ट

**हाल-ए-मौसम**

- लोगों को घरों से अंगोछा व छाता लेकर चलने की सलाह
- वायुमंडल में आर्द्रता 28 प्रति. वायु वेग 8 किमी प्रति घंटा

**41** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान | **28** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार को भीषण गर्मी रही और पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया जिसके चलते लोग गर्मी से बेहाल हो गए। हालांकि मौसम वैज्ञानिक 11 जून तक भीषण गर्मी का अनुमान जताते हुए येलो अलर्ट जारी कर चुके हैं। चिकित्सक लोगों को घरों से निकलने पर अंगोछा या छाता लेकर निकलने की सलाह दे रहे हैं।

मौसम के तेवर तल्ख हैं मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से शाम तक आसमान से आग बरसती रही जिसके चलते लोग बैचेन रहे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह ने 11 जून तक भीषण गर्मी रहने की संभावना जताई है। गर्मी बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री में उछाल आने से कारोबारी खुश है। गर्मी के मौसम में बच्चों ने तालाबों और नदियों में डुबकी लगाकर खूब मस्ती की। तपती गर्मी में बच्चों ने तालाबों और नदियों में डुबकी लगाकर राहत महसूस की। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. डीके वर्मा बताते हैं कि गर्मी के मौसम में अशुद्ध पानी पीने से बचें वर्ना कई बीमारियां घेर सकती हैं। कुछ बीमारियां तो सामान्य होती हैं, जिनका इलाज आसान होता है। लेकिन कुछ बीमारियां गंभीर होती हैं, जिनका समय पर इलाज नहीं करवाया गया तो ये जानलेवा साबित हो सकती हैं। कहा कि घर से बाहर निकलने पर सिर पर अंगोछा डालकर निकले या छाता अवश्य लें। अनावश्यक रूप से घरों के बाहर नहीं निकलें अन्यथा हीट वेव की चपेट में आ सकते हैं।

कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि रामपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में 11 जून तक भीषण गर्मी रहने और हीट वेव चलने का अनुमान है। इसके लिए मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। इसलिए लोग विशेष एहतियात बरतें।


भीषण गर्मी में मुंह पर कपड़ा लपेटकर जाता बाइक सवार। ● अमृत विचार

### गर्मी के चलते 30 जून तक अवकाश करने की मांग

**रामपुर अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांग की है कि परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक किया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजा गया है। संघ का कहना है कि परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून को समाप्त हो रहा है परंतु गर्मी का भयंकर प्रकोप अभी चरम सीमा पर है। 16 जून से 30 जून तक गर्मी से राहत मिलने का कोई संकेत नहीं है। मौसम विभाग निरंतर लू और भयंकर गर्मी रहने का संदेश प्रचारित कर रहा है। तापमान भी 40 से 44 डिग्री सेंटीग्रेड तक रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति में कक्षा 8 तक के बच्चों का विद्यालय में दोपहर 1 बजे तक रोका जाना उचित नहीं है। गर्मी के कारण माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 30 जून तक तथा उच्च शिक्षा विभाग में 10 जुलाई तक अपने विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है। बेसिक शिक्षा विभाग में भी ऐसा किया जाना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, छत्रपाल सिंह यादव, अब्दुल अलीम खान, आनंद सिंह भंडारी, महेंद्र प्रताप सिंह, सतीश कुमार गिरोह, मनोज कुमार सागर, संतोष प्रसाद, तहसीन आलम खान, दिलशाद वारसी, मोहम्मद खालिद खान आदि ने मांग की है कि बेसिक स्कूलों में भी 30 जून तक अवकाश घोषित किया जाए।

## बिजली संकट से ग्रामीण परेशान

**मिलक, अमृत विचारः** भीषण गर्मी में पीपला बिजली घर से संबंधित गांवों की बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई है। जिससे लोगों का गर्मी में हाल बेहाल है। वहीं ग्राम भैसोड़ी में फेज जलने के कारण लो वोल्टेज का दौर सोमवार शाम से मंगलवार शाम तक जारी रहा। इन 24 घंटे में उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की शिकायत करने के बाद भी कोई कर्मचारी 24 घंटे बाद भी नहीं आया। लाइनमैन को कॉल की गई तो फोन बंद कर लिया गया। इस भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों और छोटे बच्चों को उठानी पड़ रही है। सुबह होते ही सूरज आग उगल रहा है। लगातार पारा चढ़ रहा है। ऐसे में बिजली की समस्या ने लोगो को रुलाकर रख दिया। चढ़ते पारे के बीच गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। वहीं पीपला बिजली घर कार्यवाहक जेई ने बताया कि गुलड़िया में बिजली कैंप लगने के कारण लाइनमैन गया हुआ है। जैसे ही वहां से आएगा। समस्या से संबंधित गांव भेज दिया जाएगा।

# भुगतान नहीं करने पर 150 बड़े बकायेदारों को नोटिस

**कार्रवाई**

- कारोबार को अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम से लिया था ऋण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** भुगतान नहीं करने पर 150 बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी किया गया है। लोगों ने कारोबार के लिए अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर ऋण लिया था। वर्ष 2007-08 में लिए गए ऋण का भुगतान नहीं किया गया है। जिला अल्पसंख्यक विभाग द्वारा तीसरी बार नोटिस दिया जा रहा है इसके बाद फाइल तहसील को भेज दी जाएंगी।

टर्म लोन मार्जिन मनी के तहत वर्ष 2010 में जिले के 650 लोगों को कारोबार के लिए ऋण दिया गया था। लेकिन, 15 वर्ष बीत जाने के बावजूद लोगों ने ऋण जमा नहीं किया है। जिसके चलते उन्हें तीसरी बार नोटिस भेज दिए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि वर्ष 1995 से वर्ष 2008 तक लोगों को कारोबार किए जाने के लिए अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम द्वारा ऋण वितरित किए गए थे। लेकिन, लोगों ने ऋण लेने के बाद वापस नहीं किया है। उन्होंने बताया कि 650 लोग बकायेदार हैं इनमें 1 लाख रुपये से अधिक के 150 बकायेदार हैं। इन्हें तीसरी बार नोटिस जारी किए गए हैं। बताया कि बकायेदारों द्वारा नोटिस का संज्ञान नहीं लिए जाने पर उनकी फाइलें तहसील को भेज दी जाएंगी। इसके बाद राजस्व विभाग द्वारा बकाया वसूली की जाएगी।

"अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम द्वारा वर्ष 2007-08 विभिन्न व्यवसायों के लिए लोगों को ऋण उपलब्ध कराया गया था। जिले में 150 बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं।
–अंकित कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी"

## विद्यालयों में समर कैंप का समापन

**रामपुर अमृत विचारः** माध्यमिक विद्यालयों में मंगलवार को समर कैंपों का समापन हो गया। राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में मुख्यातिथि नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कहा कि समर कैंप में छात्राओं ने अपनी कल्पना को उड़ान दी और शिक्षिकाओं से बहुत कुछ सीखा है इसका जीवन में उपयोग करें।

नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने आर्ट गैलरी और एक्टिविटी रूम का अवलोकन किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की कार्यों से बच्चों में आत्मनिर्भरता बढ़ती है और भविष्य में बच्चे विशेष कर छात्राएं स्वावलंबी होकर अपना जीवन निर्वाह करेंगी। कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने कहा कि समर कैंप हमारे लिए एक चुनौती था और इसे हमने अच्छे से छात्राओं के साथ संपन्न किया। कैंप में चित्रकला, पेंटिंग, नृत्य कला, गायन सिलाई, कढ़ाई, पेपर से बैग बनाना, वेस्ट मैटेरियल से सुंदर सामान बनाना, मिट्टी से विभिन्न प्रकार के बर्तन और वस्तुओं का निर्माण करना सिखाया गया। विशिष्ट अतिथि मामून शाह खां ने कहा कि आप लोग इसी तरह से अपने शिक्षकों के साथ कार्य करते रहें।

# मंगलधाम संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु गूंज उठे श्री श्याम बाबा के जयकारे

संवाददाता, भोट

**अमृत विचारः** मंगलधाम में पिछले पांच दिन से चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन सोमवार शाम को खाटू श्याम का अलौकिक दरबार सजा कर संकीर्तन का आयोजन हुआ। इसमें देर रात तक श्याम बाबा के जयकारे गूंजते रहे। बाहर से आए गायक कलाकारों की संगीतमय भजनों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाबा श्याम का दरबार फूलों से सजाया गया।

क्षेत्र के गुजरैला गांव स्थित प्रतिष्ठित मंगलधाम में सोमवार शाम को खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन का आयोजन किया गया। मिलक व मीरगंज से पधारे शम्मी सक्सेना व आकाश शर्मा तथा मुरादाबाद से पधारी कुमारी नेहा ने लोकप्रिय भजन दुनिया में श्याम हमको तेरा ही सहारा, खाटू में दरबार लगाकर जग को पालनहार सांवरो बैठो है, मेरे बाबा बडे. दिलदार है, श्याम बाबा बड़े दिलदार हैं, श्याम दरबार में अमृत बरसे, तिसको तेरा भरोसा जिसको तेरा सहारा, हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा आदि भजनों से लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। देर रात तक बाबा के संगीतमय भजनों पर भक्त झूमते रहे। रात करीब एक बजे आरती व प्रसाद वितरण के बाद संकीर्तन को विराम दिया गया। व्यवस्था में प्रधान सेवक संजय कपूर, संतोष कपूर, रवि टंडन, लीना कपूर, अनिल टंडन, अमन सक्सेना, उपकार गोयल, बंटी, नीरे गुप्ता, रेनू टंडन, साधना कौशल, हेमराज, पप्पूमल, शिवचरन, राजकुमार पांडे आदि मौजूद रहे।


भजन प्रस्तुत करती गायिका नेहा। ● अमृत विचार


भजनों पर झूमते भक्त।

**चर्चा** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने ग्राम हमीरपुर में सड़क नहीं होने पर जताया अफसोस, आजादी के बाद से सड़क नहीं होने से लोगों को परेशानी

# निगरानी समिति की बैठक में गूंजा जिले के विकास का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (डीडीसीएमसी) की मंगलवार को हुई बैठक में विकास का मुद्दा गूंजा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने आजादी के बाद से ग्राम हमीरपुर में सड़क नहीं होने पर अफसोस जताया। इस गांव का संपर्क मार्ग बनेगा तो उत्तराखंड से जुड़ जाएगा। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने सड़क को लेकर कहा कि गांव का सर्वे कराकर सड़क बनवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में शासनादेश आया है कि 150 लोगों की आबादी वाले गांवों को भी सड़क मार्ग से जोड़ा जाए। इससे पहले 250 लोगों की आबादी वाले गांव में संपर्क मार्ग बनाने का नियम था। विकास भवन सभागार में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपना लेखा जोखा पेश किया। एमएलसी महाराज सिंह ने कहा कि गांवों में बनवाए गए पंचायत भवनों का इस्तेमाल किया जाए। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि जिले के एक गांव में अपात्रों के अन्त्योदय राशन कार्ड बने हुए हैं, जबकि पात्र लोग राशन कार्ड बनवाने को ठोकरे खा रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि जिले से 24000 अपात्र के राशन कार्ड कटवाए गए हैं, उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले को वह स्वयं देखेंगे। बताया कि 22495 लोगों के राशन कार्ड बनवाए गए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कराने में 32 लाख रुपये की आमदनी विभाग को हुई है। इसके लिए ई-रिक्शा द्वारा कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है। ई-रिक्शा चालक को प्रति माह 6 हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया आयुष्मान कार्ड जिला स्तर से नहीं बनवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मिलक के एक युवक की जान बच गई, जिलाधिकारी ने उनका अन्त्योदय कार्ड बनवाया। जिसके आधार पर उसे इलाज के लिए सरकार से पैसा मिल गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि 4 लाख 59 हजार पशुओं का खुर पका और मुहं पका से बचाव के लिए टीकाकरण कराया जा चुका है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी, उपायुक्त मनरेगा अमित कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जयसवाल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी, जबकि संचालन जिला विकास अधिकारी दिग्विजयनाथ तिवारी ने किया।


विकास भवन में हुई बैठक में बोलते सांसद मोहिबुल्लाह नदवी व साथ में बैठे अधिकारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान आज देंगे धरना

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू का धरना बिलासपुर तहसील परिसर पार्क में नहर विभाग के अधिकारियों के खिलाफ एवं वन विभाग तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ 11 जून को होगा। जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। नहरों की सफाई पानी टेल तक पहुंचाने तहसील में प्राइवेट लोगों हटाए जाने आदि समस्याओं को लेकर धरना शुरू कर दिया जाएगा।

### समर कैंप के अंतिम दिन एसडीएम ने किया पौधरोपण

**रामपुर अमृत विचार :** मंगलवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में समर कैंप के अंतिम दिन एसडीएम मुख्यालय विकास वर्मा ने अमरूद के पौधे का पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में लगे विभिन्न पेड़ पौधे विद्यालय के भौतिक वातावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इससे पर्यावरण को भी लाभ पहुंचता है। 21 दिन के समर कैंप की समाप्ति के बाद मॉडल मोंटेसरी स्कूल किला में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम में सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर को ब्लॉक के समर कैंप उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान से डायट प्राचार्या नीलम रानी टम्टा ने शील्ड एवं प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर चिरंजीव गुड्डू, खुर्शीद अहमद रहे।


स्कूल में पौधारोपण करते एसडीएम।

### सड़कों पर भरा पानी, महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**रामपुर अमृत विचार :** जलभराव से परेशान कोतवाली के मोहल्ला सैनीनगर के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा है कि मोहल्ले में एक पुलिया है जोकि अंदर से क्षतिग्रस्त है। जिस कारण मोहल्ले की नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है। जिस कारण से मोहल्लेवासियों को आने-जाने में काफी परेशानियां हो रही है। सड़क पर गंदगी जमा हो जाती है। जिस कारण मच्छरों का आतंक बना रहता है। अन्य गंभीर बीमारियों का भी प्रकोप बना हुआ है। बदबू के कारण आस पास के माहौल काफी खराब हो गया है। जिसकी शिकायत नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से की जा चुकी है। उसके बाद भी समस्या को समाधान नहीं हुआ है। जिससे लोग काफी परेशान है। वहीं ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी का कहना है कि जल्द ही पुलिया की मरम्मत कराई जाएंगी।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देती महिलाएं।

### 15 जून को रोडवेज पर जल शिविर लगाएगी समिति

**रामपुर अमृत विचार :** यदुवंशी जन कल्याण समिति की जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक समिति के जिलाध्यक्ष रोशन सिंह यादव के ज्वालानगर स्थित आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया, कि समिति जनकल्याण के कार्यो को आगे बढ़ाते हुए शीतल एवं मीठे जल शिविर का आयोजन 15 जून को सार्वजनिक स्थल बस स्टेशन पर करेगी। जन कल्याण के कार्यों में सहयोग देने के लिए समिति ने सेवानिवृत्ति के बाद तिलकराज यादव बैंक प्रबंधक प्रथमा बैंक को जनपदीय कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, रोशन सिंह यादव, सुधीर यादव, सुभाष चंद्र यादव, रामकुमार यादव, तिलक राज यादव, ऑडिटर टीएन यादव आदि उपस्थित रहे है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रोशन सिंह यादव ने की, संचालन जिला सचिव सुधीर यादव ने किया।

### टूल किट्स के लिए 15 जून तक करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित नि:शुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत जनपद को प्राप्त माटीकला टूल किट्स 40 पाटरी व्हील के प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में माटी कला का कार्य कर रहे व्यक्तियों कि लिए सुनहरा अवसर है। कि माटीकला टूल किट्स पाटरी व्हील नि:शुल्क वितरण के लिए आवेदन पत्र 25 जून तक आमंत्रित किए गए है। आवेदकों का चयन जिला स्तरीय गठित चयन कमेटी के माध्यम से किया जायेगा। इसमें आर्थिक रूप से प्रजापति समाज से अत्यन्त पिछडे.एवं बीपीएल परिवार के सदस्यों को वरीयता दी जायेगी। आवेदन के लिए ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिन्हें जिनके परिवार को पूर्व में किसी भी विभाग से माटीकला टूल किट्स पाटरी व्हील नि:शुल्क प्राप्त न हुआ हो आवेदक की आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है।

### सर्वधर्म समभाव की विषय वस्तु है योगः डॉ. मुजाहिद

**रामपुर अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को 10 दिवसीय योग कार्यक्रम के अंतर्गत योग संगोष्ठी हुई। कालेज प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगरा ने योग के प्रभाव और महत्व से रूबरू कराया। कहा कि मन की चंचल वृत्तियों का संयम ही योग है। योग मनुष्य के अस्थिर मन को एकाग्र करने में सहायक होता है। कॉलेज सभागार में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के मुताबिक हुई योग संगोष्ठी में शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ. मुजाहिद अली ने कहा कि योग को किसी धर्म विशेष से नहीं जोड़कर देखा जाना चाहिए यह सर्वधर्म समभाव की विषय वस्तु है। उन्होंने कहा कि सभी को योग अपने दैनिक जीवन का नियमित हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. सैयद अब्दुल वाहिद शाह ने कहा कि योग नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर सकारात्मक ऊर्जा संचित करने का माध्यम है। इस अवसर पर डॉ. सोमेंद्र सिंह, डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. नितिन कुमार त्यागी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।


योग संगोष्ठी में बोलते डॉ. मुजाहिद अली।

### समर कैंप में छात्रों ने सीखी योग साधना

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय हामिद इंटर कॉलेज रामपुर में मंगलवार को 21वें दिन समर कैंप का समापन हुआ। शिविर की गतिविधियों से संबंधित कार्यों की आख्या समर कैंप के नोडल शिक्षक राजकुमार ने प्रस्तुत की। कालेज प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने कहा कि छात्रों में इस ग्रीष्म कालीन शिविर के आयोजन से बौद्धिक क्षमता का विकास होने के साथ मानसिक तनाव और कमजोरी को दूर करने में सहायक रहा है। छात्रों में चित्त की निर्मलता और मन की शुद्धता योग-ध्यान-साधना और विपश्यना का अभ्यास भारतीय आध्यात्मिक सोच एवं संस्कृति को जीवंत स्वरूप प्रदान करता है। इस अवसर पर समर कैंप की समग्र गतिविधियों में छात्रों की सहभागिता का मूल्यांकन किया गया और उनकी श्रेष्ठता के क्रम में उन्हें पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई। इस दौरान अतहर अहमद, कंचन कुमार, विनय कुमार, यश रस्तोगी, सुहेल खां, हरिओम और जुल्फिकार अली आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में बोलते प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार।

### गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में शबद-कीर्तन से संगत निहाल

**रामपुर अमृत विचार :** श्री गुरु हरगोविंद साहब जी के प्रकाश पर्व पर तीन दिन के कार्यक्रमों के अंतर्गत पहले दिन दिन गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में सुबह 5 से श्री नितनेम साहिब का पाठ एवं श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ हुए और इसके बाद अरदास हुई और दीवान सजाया गया। सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में श्री अखंड पाठ साहिब जी की आरंभता हुई। इसके बाद गुरुद्वारे में शबद-कीर्तन से संगत निहाल हुई। 12 जून को विशेष समागम रात्रि 8 से 10:30 बजे तक होगा। जिसमें बाहर से आए कथा वाचक ज्ञानी त्रिलोक सिंह एवं रागी जत्था भाई रणजीत सिंह तथा नाम सिमरन जत्था द्वारा शबद कीर्तन किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह खुराना, सेक्रेटरी त्रिलोचन सिंह वाधवा, नित प्रधान गुरचरण सिंह आहूजा, पपिंदर सिंह, अमरजीत सिंह, गुरजीत सिंह माटा, जसमीत सिंह, हरजीत सिंह, संतोख सिंह, राज सिंह, गुरमीत सिंह, राजा सिंह, परमजीत सिंह, अवतार सिंह लाडी, जसवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में सजा दीवान।

# विभिन्न सड़क हादसों में दो लोगों की जान गई

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**दुखद**

- ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ा, समझाने के बाद मामला शांत
- पुलिस को नहीं दी सूचना, किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार:** मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से 12 साल के किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। उसके बाद लोगों ने चालक को पकड़ लिया। बाद में कुछ लोगों ने समझौता करा दिया।



मृतक का फाइल फोटो।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव सीकमपुर से सटे ग्राम मिलक में मंगलवार दोपहर को जीशान का बेटा अदनान गांव के भीतर स्थित संकरे मार्ग से गुजर रहा था। इस दौरान सामने खड़ा 12 वर्षीय बालक अदनान ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गया। जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का खेल लंबे समय से चल रहा है। ट्रैक्टर चालक पुलिस से बचने के लिए गांव के संकरे रास्तों से तेज गति में ट्रैक्टर निकालते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। हालांकि बाद में कुछ जिम्मेदार ग्रामीणों के समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हो गया। ग्रामीणों के बीच आपसी बातचीत के जरिये समझौते के चलते रहे। कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना के बाबत पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई है। यदि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिलती है तो उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। टांडा क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर पूर्व में भी कई बार विवाद और दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। बावजूद इसके स्थानीय स्तर पर कोई सख्त कार्रवाई न होने से ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति हो रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**सैफनी अमृत विचार :** मंगलवार को सड़क पार करते समय वृद्ध की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मंगलवार शाम करीब 5 बजे के समय नगर के गुलाबनगर मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय चांद बाबू घर से कुछ दूर किसी काम से गए थे। जैसे ही वह घर वापिस आने के लिए शाहबाद-बिलारी मार्ग पार कर रहे थे तभी बिलारी की ओर से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक का पहिया वृद्ध के ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद मौके पर जमा हुए लोग घायल को नगर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद वृद्ध के शव को घर ले जाया गया। शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग घर पहुंचना शुरू हो गए। चेयरमैन फैजान खान ने भी मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। पुलिस ने ट्रक व चालक को हिरासत में ले लिया है। कार्यवाहक थानाध्यक्ष जोर सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



मृतक के शव पर रोते बिलखते परिजन।

## पत्नी को दिया तीन तलाक, पीटा

**सैदनगर अमृत विचार:** अजीम नगर थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव निवासी एक युवती की शादी 2 वर्ष पहले पड़ोस के ही युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के विवाहिता के साथ मारपीट करते थे। एक माह पूर्व आरोपियों ने विवाहित और उसकी छोटी बहन के साथ मारपीट की थी। विवाहिता की बहन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। दोनों में समझौते के बाद विवाहिता फिर से अपनी ससुराल चली गई थी। सोमवार शाम ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट की। विरोध पर पति ने तीन तलाक देकर विवाहिता को घर से निकाल दिया। आरोपियों ने विवाहिता के भाइयों से भी मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति मोहम्मद वसीम ससुर मुनव्वर अली एवं सास परवीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### जिले के विक्की का 'बलमा के संग' गाने ने मचाई धूम

**रामपुर अमृत विचार :** कपड़ों की ड्राईक्लीन करने वाले विक्की हरियाणवी गाने में धूम मचा रहे है। बलमा के संग गाना एक जून को यूट्यूब पर रिलीज हो गया है। गाने को खुद युवक ने लिखा है। जबकि इसमें उनके साथ नायिका का किरदार हरियाणा की मॉडल गौरी शौर्य साथ में हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विकास नगर निवासी विक्की दिवाकर कपड़ों की ड्राईक्लीन करने साथ साथ गाने लिखने का शौक रखते हैं। उन्होने गाना लिखकर उसको यूट्यूब पर लाने का मन बनाया था। गाना बलमा के संग लिखा। गाने की शूटिंग फरीदाबाद में हुई। आवाज खुद विक्की दिवाकर की है जबकि लड़की की आवाज रिंकी पीहू की है। इससे पहले उनका एक और गाना नवंबर 2024 में आया था। जिसने यूट्यूब पर खूब धूम मचाई थी। विक्की ने बताया कि उनको बचपन से ही गाने लिखने और गाने शौक है।



### डीसीबी की तीन शाखाएं कराई जाएंगी वातानुकूलित : सैनी




जिला सहकारी बैंक प्रबंध कमेटी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

रामपुर अमृत विचार : जिला सहकारी बैंक प्रबंध कमेटी की बैठक में बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने कहा कि बैंक मुख्यालय को पूर्णत : वातानुकूलित कराया जाएगा। इसके अलावा बैंक की पनवड़िया शाखा का स्थान परिवर्तन कर उसे और शाखा सफदरगंज को भी वातानुकूलित कराई जाएगी। बैंक सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक में संयुक्त देयता समूह, बहुउद्देशीय समितियों तथा डेयरी, फिशरीज के सम्बंध में आगामी महीनों में गोष्ठी आयोजित कर ग्राहकों को जानकारी दी जाएगी। ताकि ग्राहक अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। बैठक में बैंक के संचालक रविंद्र सिंह यादव, तेजपाल, हरदीप सिंह, रोहिताश मौर्य, नंद किशोर गंगवार, यतेंद्र सिंह, टीकम सिंह, नीलम गुप्ता, दीप गोयल, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अभिषेक मिश्रा, बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक श्रीप्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे।

### ग्रामीण की हत्या के मामले में तीन पर रिपोर्ट



जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन।

**रामपुर अमृत विचार** : बेटी की ससुराल आए पिता को कुछ लोगों ने जमीन की रंजिश के चलते 30 मई को पीटकर घायल कर दिया। जहां सोमवार शाम को मुरादाबाद में उपचार के दौरान मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी प्रदीप कुमार का कहना है। उसके पिता रामप्रसाद अपनी बेटी सविता की ससुराल शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव बबूरे की मडैया में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। 30 मई को जब वह वापिस आ रहे थे कि तभी युवक के बहनोई महेंद्र के बड़े भाई सुरेंद्र, सुम्मेर सिंह और जगत सिंह तीनों से पैतृक जमीन को लेकर विवाद हो गया था। उसी के चलते आरोपियों ने तीनों ने रामप्रसाद को घेरकर लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला करके बुरी तरह से घायल कर दिया था। जिससे उनके शरीर में गंभीर चोटें आई थी। लोगों ने आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया था। देर शाम को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजन शव को अस्पताल ले आए थे। जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुरेंद्र, सुम्मेर सिंह, जगत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर में घुसकर दंपति सहित चार को पीटा

**रामपुर अमृत विचार** : मिलक थाना क्षेत्र के कूप निवासी महेश का कहना है कि नौ जून की सुबह तेजपाल, राजू, छत्रपाल, डंपी उसके घर में घुस गए। उसकी पत्नी सुमन व माता धनदोई और सुशीला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। इनके शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। बाद में थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ताले तोड़कर 5 लाख के नोटों के हार चोरी

रामपुर,अमृत विचार : शहजादनगर थाना क्षेत्र के चमरौआ में एक ग्रामीण की नोटों के हार की दुकान है। उनका कहना है कि चौकी से कुछ दूरी पर ही उनकी दुकान है। रात को वह दुकान को बंद करके चला गया था। रात के समय चोर ताला तोड़कर घुस गए। उसके बाद चोर वहां से 5 लाख के हार चुरा करे गए। दिन निकलने पर लोगों के होश उड़ गए। बाद में दुकानदार आ गया। पुलिस भी आ गई। मौका मुआयना करने के बाद चली गई।

### नए सत्र में 13 राजकीय इंटर कॉलेजों में होगी पढ़ाई



बिलासपुर क्षेत्र के अनवरिया में कॉलेज का निरीक्षण करते शिक्षा अधिकारी।

**रामपुर अमृत विचार :** प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत रामपुर जिले को नवनिर्मित 13 राजकीय इंटर कॉलेज मिल गए हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग से सभी राजकीय इंटर कालेजों को शैक्षिक सत्र 2025-26 मे संचालन की अनुमति मिलने के बाद तैयारियां पूर्ण कर ली गईं हैं। माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश शुरू हो चुके हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि इस सत्र से प्रवेश शुरू हो चुके हैं। 13 राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की तैनाती हो जाएगी। सभी कॉलेजों की नवनिर्मित बिल्डिंग तैयार होने के बाद शैक्षिक सत्र शुरू होने का इंतजार था, माध्यमिक शिक्षा विभाग की अनुमति के बाद क्षेत्र के हजारों छात्रों को राहत मिलेगी। इनमें सर्वाधिक बिलासपुर में 5 कॉलेज शुरू होंगे। जबकि शाहबाद में 2, मिलक में 3, सैदनगर ब्लॉक में 2 राजकीय इंटर कॉलेज शुरू होंगे। **ये हैं कॉलेज :** राजकीय इंटर कालेज, पदपुरी, बिलासपुर। राजकीय इंटर कालेज, कमुआनंगला, बिलासपुर। राजकीय इंटर कालेज, बैगमाबाद, बिलासपुर। राजकीय इंटर कालेज, अनवरिया, बिलासपुर। राजकीय इंटर कालेज, पईपुरा, बिलासपुर। राजकीय इंटर कालेज, चन्द्रपुर कला, शाहबाद। राजकीय इण्टर कालेज, मुधुपुरी,शाहबाद। राजकीय इंटर कालेज, दिलपुरा, सैदनगर। राजकीय इंटर कालेज, बिचपुरी, सैदनगर। राजकीय इंटर कालेज, मुबारकपुर, मिलक। राजकीय इंटर कालेज, इनायतपुर, मिलक। राजकीय इंटर कालेज, कल्यानपुर, मिलक।राजकीय इंटर कालेज, लाम्बाखेड़ा स्वार।

### जीआईएस सर्वे से 47469 कर दाताओं की हुई वृद्धि

**रामपुर, अमृत विचार** : जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में भवन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अन्य संपत्तियों को चिह्नित जीआईएस सर्वे का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जीआईएस सर्वे प्रारम्भ होने से पूर्व तक कुल 62819 भवनों एवं संपत्तियों से गृहकर एवं जलकर की वसूली की जा रही थी। जीआईएस सर्वे के बाद जिले की नगर पालिका और नगर पंचायत द्वारा वर्तमान में 110288 भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य संपत्तियों से जलकर व गृह कर की वसूली की जा रही है। इसके साथ ही करीब 20000 से 25000 तक की नवीन संपत्तियां बढ़ने की भी संभावना है। इस सर्वे के उपरांत जिले की समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों की आय में दोगुनी से भी अधिक की वृद्धि होगी, जिससे इन्हें आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका और नगर पंचायतों में ई पेमेंट की कार्यवाही भी की जा रही है, जिससे स्थानीय निकाय क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने कर का भुगतान आनलाइन माध्यम से भी कर सकेंगे।

# पैन कार्ड व पासपोर्ट मामले में अब्दुल की गवाही पूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पैन कार्ड और पासपोर्ट से जुड़े मामले में मंगलवार को गवाह अब्दुल करीम कोर्ट पहुंचे। इस दौरान उनकी गवाही पूरी हो गई। अब इस मामले में 21 जून को सुनवाई होगी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। इस दौरान वीसी के जरिए सपा नेता आजम खां पेश हुए। अब्दुल्ला आजम भी कोर्ट में पेश हुए।



कोर्ट से बाहर आते अब्दुल्ला आजम।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के ऊपर दो पैन कार्ड और दो पासपोर्ट मामले में मामले दर्ज हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि मंगलवार को पैन कार्ड और पासपोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से गवाह अब्दुल करीम आए। जिसकी गवाही पूरी हो गई। अब इस मामले में 21 जून को सुनवाई होगी। इसके अलावा एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में डूंगरपुर से जुड़े मामले में इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा कोर्ट पहुंचे। जहां उनकी मुख्य परीक्षा पूरी हो गई। अब 13 जून को होगी।

## दहेज में 5 लाख न मिलने पर रिश्ता तोड़ने की धमकी

**रामपुर/शाहबाद अमृत विचार:** दहेज में पांच लाख रुपये की मांग नहीं होने पर युवक पक्ष ने युवती पक्ष से रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद युवक पक्ष के तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव भरतपुर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसने अपनी बेटी का रिश्ता जिला बदायूं के थाना बिसौली के गांव गुदनी निवासी भगवानदास से किया था। जिसमें बिचौलिया प्रकाश है। 21 मई 2025 को महिला ने टीके की रस्म अदा कर दी थी। जिसमें युवक को आधे तोले की सोने की चेन 50 हजार रुपये नकद कपड़े और रिश्तेदारों को नाश्ता कराया था। जिसमें करीब 20 हजार रुपये खर्च हुए थे, लेकिन कुछ दिनों के बाद दहेज में 5 लाख रुपये की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर रिश्ता तोड़ने की धमकी दी।

# सोना तस्करों का अपहर्ता हसन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**सफलता**

- मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की कर रही तलाश
- गांव जालपुर ग्राम प्रधान का भाई है आरोपी

**अमृत विचार:** दुबई से पेट में सोने के कैप्सूल छिपाकर लाने वाले तस्करों को अगवा करने के मामले में फरार चल रहे गांव जालपुर निवासी मोम्मद हसन मुरादाबाद मुंढापांडे थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहां से पुलिस ने जेल भेज दिया है।



पकड़ा गया आरोपी।

23 मई को टांडा के रहने वाले शाने आलम, मुत्तलीब, अजहरुद्दीन और जुल्फिकार दुबई से पेट में सोना छिपाकर दिल्ली लौट रहे थे। दिल्ली से टांडा जाते समय बदमाशों ने इन्हें अगवा कर लिया। मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में ले जाकर सोना तस्करों का पेट चीरकर सोना निकालने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच पुलिस ने समय पर दबिश देकर चारों तस्करों को मुक्त करा लिया था। घटना के दौरान मुठभेड़ में पुलिस ने उत्तराखंड के काशीपुर निवासी रजा चौधरी उर्फ राजा व कटघर, एकता विहार निवासी तुफैल उर्फ तौफिक को गिरफ्तार किया था। अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मेडिकल जांच में चारों तस्करों के पेट से सोने के कुल 29 कैप्सूल बरामद हुए थे। इसके बाद चारों को जेल भेज दिया गया। तभी से पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुटी थी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तस्करों के अपहरण के मामले में मोहम्मद हसन को गिरफ्तारी किया, जो तुफैल और रजा चौधरी के साथ वारदात में शामिल था। जानकारी के आधार पर अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी दबोच लिया जाएगा। मोहम्मद हसन को मुरादाबाद के मूंढापांडे पुलिस ने एक तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया। ग्राम प्रधान का भाई होने के कारण मोहम्मद हसन की गिरफ्तारी ने पूरे गांव में खलबली मचा दी है। ग्रामीणों को विश्वास नहीं हो रहा कि ग्राम प्रधान का भाई इस आपराधिक घटना में शामिल हो सकता है। बताया जाता है कि हसन नगर के झंडा चौक स्थित चाय होटलों पर सोना तस्करों के संपर्क में था और वहीं से उसने तस्करी की जानकारी प्राप्त की थी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायकः नीलम

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचारः सरकारी स्कूलों में चल रहे समर कैंप का मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। मुख्या अतिथि नीलम रानी टम्टा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित शिक्षामित्र व अनुदेशकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन शासन की मंशा के अनुरूप कराया गया।




शिक्षामित्र और अनुदेशक को सम्मानित करती डायट प्राचार्य। ● अमृत विचार

किला परिसर स्थित मॉडल मांटेसरी स्कूल में जनपद स्तरीय समर कैंप समापन समारोह का आयोजन हुआ। 21 मई से जनपद के विद्यालयों में चल रहे। समारोह का प्रारंभ डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा एवं नगर शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। नीलम रानी टम्टा ने कहा कि प्रदेश में प्रथम बार सभी विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन शासन की मंशा के अनुरूप कराया है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं और बच्चों ने आनंदपूर्वक इसमें प्रतिभाग किया है। नगर शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने कहा कि समर कैंप सभी विद्यालयों में उत्साह और आनंद पूर्वक किया। जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां ने बताया कि समर कैंप में जो खेल गतिविधियों विद्यालयों में कराई गई उन्हें विद्यालय खुलने पर आगे भी निरंतर जारी रखें। शाहबाद ब्लॉक से सुरेंद्र सिंह, शकुंतला देवी, बीकापुर बिलासपुर ब्लॉक से परशुराम, ईश्वरी प्रसाद, नगर क्षेत्र से तबस्सुम शौकत, राणा परवीन, मिलक ब्लॉक से माधुरी गंगवार, परवेज, स्वार ब्लॉक से राजेंद्र कुमार, जावेद अली, चमरौआ से नरेश पाल सिंह, राकेश, सैदनगर से अहमद अली, खुर्शीद अहमद को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीएसए कार्यालय प्रभारी राजेंद्र सिंह बोरा, जिला समन्वयक अंकित सक्सेना, राहुल सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, प्रदीप भटनागर, शैफाली शर्मा, प्रीति प्रभाकर, अनुपम पटेल, राकेश गंगवार, नाजिम अली, कामरान खा, अली खां, अरविंद कश्यप आदि मौजूद रहे।



नये पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

## विनोद सचिव व हरीश बने प्रचार मंत्री

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी की मौजूदगी में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप रस्तोगी ने तहसील मिलक गांव रहसेना धर्मपुर में संगठन का विस्तार किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी की अनुमति पर विनोद गंगवार को भारतीय किसान यूनियन सुनील का पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सचिव नियुक्त किया। जबकि हरीश गंगवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रचार मंत्री नियुक्त किया। राजीव गंगवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उप सचिव नियुक्त किया। नवनियुक्त पदाधिकारी को राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप रस्तोगी ने मनोनयन पत्र सौंपे। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों से जनपद में संगठन मजबूत होगा। पउप्र अध्यक्ष प्रदीप रस्तोगी ने कहा तीनों नवनियुक्त पदाधिकारी गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याओं को सुनेंगे। निस्तारण कराने का काम करेंगे। अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़ने का काम करेंगे। पउप्र नवनियुक्त प्रचार मंत्री हरीश गंगवार व सचिव विनोद गंगवार, उप सचिव राजीव गंगवार ने कहा संगठन ने हमें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उसका बखूबी निर्वाहन करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से वीरेंद्र गंगवार, सचिन गंगवार, आर्यन गंगवार, प्रवेश गंगवार, रवि गंगवार, पंकज गंगवार प्रमुख रुप से मौजूद थे।

## एससी एसटी एक्ट में तीन पर रिपोर्ट

**मिलक,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ज्योहरा निवासी विशेष कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शनिवार को वह अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर जा रहा था। रास्ते में गांव निवासी साबिर की लड़की को मोटरसाइकिल की टक्कर लग गई। आरोप है कि साबिर उसका भाई जावेद और आसिक ने उसके पिता को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट की। जिससे उसके पिता घायल हो गए। उसने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उसके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की। जाति सूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मारपीट के मामलों में सात पर रिपोर्ट

**स्वार अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पदपुरी निवासी आलिम ने गांव के ही इरफान, आसिफ, इसरार व इकरार से जमीन खरीदी थी। चारों भाई मिलकर खेत पर पहुंच गए और मेड़ पर पेड़ लगाने लगे। आलिम ने पेड़ लगाने से मना किया तो गाली-गलौज शुरू कर दी और मारापीटा। शोर शराबा सुनकर खेतों पर आसपास काम कर रहे ग्रामीण आ गए। तब दबंग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं दूसरी और कोतवाली के गांव तुराब खां का मझरा निवासी महिला राहीन घर पर काम कर रहीं थी। इसी दौरान किसी बात पर पति उमर, देवर सरताज खां, जेठ शाहरुख खान आग बबूला हो गए। महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने तीनों को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों मामलों में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**आक्रोश** हंगामे के बीच पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लोगों को समझाबुझा कर शांत कराया

# निजी अस्पताल में महिला की मौत, गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** निजी अस्पताल में महिला की मौत हो गई, जिसके बाद डॉक्टरों पर गलत इजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा कर दिया। सूचना के बाद पुलिस अस्पताल पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। परिजनों ने अस्पताल के स्टॉफ के खिलाफ तहरीर दी। दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजन शव को लेकर घर चले गए। जहां सुपुर्द-ए- खाक कर दिया।



मृतका का फाइल फोटो।



जिला अस्पताल में खड़े मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव रजोड़ा निवासी शमशुद्दीन की पत्नी मसूबन (52) को सोमवार शाम को तेज खांसी आने लगी। जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में अजीतपुर स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। परिजनों का कहना है कि इसी दौरान डॉक्टरों ने एक इंजेक्शन मसूबन को लगाया। कुछ देर के बाद उनकी हालत खराब होती चली गई और अस्पताल में ही मौत हो गई। उसके बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस भी आ गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। मृतका ने अपने पीछे नौ बच्चे छोड़े है जिसमें दो बच्चों की शादी नहीं हुई है। सिविल लाइन इंस्पेक्टर संजीव कुमार का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण पता चलेगा।

**पहले भी हो चुकीं हैं कई मौतें**

गली मोहल्लों में खुले निजी अस्पताल लोगों को मौतें बांट रहे हैं। आए दिन किसी न किसी अस्पताल में स्टॉफ की लापरवाही से लोगों की मौत हो रही है। पिछले दिनों अजीतपुर में स्थित एक अस्पताल में जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई थी। उसके बाद भी गुस्साएं लोगों ने हंगामा कर दिया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की थी। ऐसा लगता है कि बिना रजिस्ट्रेशन के कई निजी अस्पताल चल रहे हैं जो कि लोगों को मौत बांट रहे हैं।

## बाइक सवार को रोककर पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर अमृत विचारः** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव सईद नगर का मझरा निवासी राजपाल ने बताया कि कुछ दिन पहले रास्ते में गांव के मोड़ पर देवकीनंदन ने रोक लिया और जबरन शराब पिलाने लगा। मेरे मना करने पर विजयपाल, महेंद्र, जितेंद्र को बुला लिया। उसके बाद गाली-गलौज कर दी।

राजपाल के विरोध करने पर उसको लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। बाद में थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी देवकीनंदन, विजय पाल, महेंद्र और जितेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर कमाया पुण्य

**बबराला अमृत विचार :** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर राजघाट में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का भारी जमाव देखा गया, जो गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-पाठ करते दिखाई दिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा स्नान, दान-पुण्य, सत्यनारायण व्रत, चंद्रमा को अर्घ्य देना बहुत अच्छा माना जाता है।

### बबराला में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू

**बबराला,अमृत विचार :** नगर पंचायत और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी के निर्देशन में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन वाहन के साथ गीला/किचन वेस्ट और सूखा कचरे को अलग करके सफाई मित्र को देने के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में सफाई नायक सुभाष, सफाई मित्र और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह भी मौजूद रहे।

### निबंध प्रतियोगिता में योग से निरोग रहने का दिया संदेश

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में योग की जागरूकता व योग को जीवन में आत्मसात करने के लिए छात्र-छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता ने कहा कि योग से न केवल हम निरोगी ही रहते हैं अपितु अच्छे व सकारात्मक विचारों का प्रवाह भी होता है। प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि योग जीवन जीने का एक आधार भी है। निबंध प्रतियोगिता में जया रानी को प्रथम, प्रतिभा मिश्रा व अम्बिका मौर्या को द्वितीय व मंतशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### प्रबुद्ध सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध सम्मेलन को सफल बनाने को रूपरेखा तैयार की। बैठक में कार्यक्रम संयोजक सुधीर मल्होत्रा ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि मोदी सरकार के विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक गांव, शहर और घर में खुशहाली, समृद्धि और प्रत्येक वर्ग को समानता का अधिकार मिला है। ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने के विषय पर केंद्रित होगा। विनोद शर्मा, अरविंद गुप्ता, सतीश अरोरा, अंकित जैन, गिरीश रतन, अभिनव शर्मा, तरुण नीरज, डॉ. विनय वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, रोहित दिवाकर, आकाश आहूजा, अमन कोली आदि मौजूद रहे।

# नोकझोंक के बीच हटाया अतिक्रमण, सामान जब्त

## सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में शंकर चौराहा से बाजार तक चलाया गया अभियान, व्यापारियों में खलबली

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कई व्यापारियों को अतिक्रमण खुद तोड़ने की दी हिदायत
- अतिक्रमण, गंदगी को लेकर हजारों रुपये जुर्माना वसूला

**अमृत विचार :** संभल के मुख्य बाजार में प्रशासन व नगर पालिका ने सख्त अंदाज में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में पालिका की टीम ने अतिक्रमण कर सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया। अतिक्रमण और गंदगी को लेकर हजारों रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। कई व्यापारियों को अतिक्रमण तोड़ लेने की हिदायत दी गई। दुकानदारों से नोकझोंक भी हुई। सिटी मजिस्ट्रेट ने कुछ जर्जर इमारतों को चिह्नित किया। लोगों को नोटिस देकर विधिक कार्रवाई की बात कही। अभियान के चलते बाजार में तमाम दुकानें बंद हो गईं।

नगर पालिका परिषद की ओर से कई दिनों से एनाउंस कराकर व्यापारियों को अतिक्रमण हटा लिए जाने की हिदायत दी जा रही थी लेकिन हालात नहीं बदले। मंगलवार को सुबह भी एनाउंस किया गया। इसके बाद दोपहर में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, ईओ नगर पालिका डॉ. मणिभूषण तिवारी ने नगर पालिका के गेट से अभियान की शुरुआत की। ट्रैक्टर ट्राली को भी साथ में लिया गया जो सामान अतिक्रमण के रूप में दिखा उसके पालिका के कर्मचारी जब्त करते रहे। सूरज प्लाजा से होते हुए जब टीम पुरानी तहसील पर पहुंची तो वहां कई खोखे नजर आए। वहां नाली खुदवाने के लिए कहा तो लोगों ने बताया इसके नीचे पाइप दबा रखा है। शौचालय की बदबू आती है, इसलिए ऐसा किया है। पालिका की टीम ने अतिक्रमणकारियों से एक-एक हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

साइकिल की दुकान पर पहुंचने तो सड़क तक अतिक्रमण का नजारा दिखा। अतिक्रमण को लेकर जुर्माना वसूल कर हिदायत दी गई। आगे बढ़ने पर पान की दुकान के पास गंदगी का माहौल नजर आया। दुकानदार से नोकझोंक भी हुई। यहां भी जुर्माना डाला गया।

सब्जी मंडी के सामने जर्जर इमारत को देखा। उसके चिह्नित किया गया। कोतवाली के सामने नाली को लेकर पड़ताल की। यहीं पर गली में एक दुकान का शटर बढ़ाकर लगा दिखा तो उसे तोड़ लेने की हिदायत दी। कुछ व्यापारियों ने दुकानों के आगे पेड़ी बनाकर अतिक्रमण कर लिया तो उन्हें खुद तोड़ने के लिए कहा गया। अभियान के दौरान दुकानों के आगे टंगी पालीथिन, बांस के अलावा बेंचें भी कब्जे में ली गईं। इस सामान से पालिका की ट्रैक्टर ट्राली भी भर गई। वहीं अभियान को लेकर व्यापारियों में खलबली का माहौल बना रहा।


चेतावनी देते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार व ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी। ● अमृत विचार


बंद दुकानों के बाहर लगे तिरपाल उतारते पालिका कर्मी। ● अमृत विचार


दुकानदारों का सामान जब्त करते पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

### चिन्हित की गईं जर्जर इमारतें, दिया जाएगा नोटिस

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि नगर पालिका गेट से कोतवाली तक चले अभियान में नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाया गया। गंदगी को लेकर जुर्माना वसूला गया। इस मार्ग के साथ ही पूरे शहर में अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा। एक, दो जर्जर इमारतें दिखी हैं। नगर पालिका की ओर से पहले नोटिस दिए गए थे। अब हमारे न्यायालय की ओर से नोटिस देकर सुनवाई के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि अतिक्रमण, गंदगी को लेकर व्यापारियों से पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### बंद दुकानें अभियान के बाद खुलीं

प्रशासन ने मंगलवार को दोपहर में जैसे ही अभियान शुरू हुआ तो इसकी जानकारी व्यापारियों को हो गई। बाजार में व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर लिया। पुरानी तहसील रोड, कोतवाली के आसपास और टंडन तिराहा से डाकखाना मार्ग की तरफ दुकानों के शटर गिर गए। ऐसे में बाजार में सन्नाटे का माहौल बन गया। जब अभियान रुक गया तो दुकानें फिर से खुल गईं।

### व्यापारी बोले, बाजार में ही क्यों चलता है अभियान

अभियान को लेकर तमाम व्यापारियों में गुस्सा नजर आया। व्यापारियों का कहना रहा कि प्रशासन की ओर से शंकर कॉलेज चौराहा से कोतवाली और बाजार में ही अभियान चलाया जाता है, जबकि अतिक्रमण तो पूरे शहर में है। जब भी व्यापारियों को कारोबार पनपने की उम्मीद होती है तो प्रशासन अभियान चलाने की कार्रवाई कर देता है। व्यापारियों ने कहा कि इस कार्रवाई को लेकर बैठक की जाएगी जिसमें रणनीति बनाने के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

# कार को घसीट ले गया ट्रक, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- ट्रक ने कार को 20 मीटर घसीटा, शादी समारोह से कार से लौट रहा था युवक
- मृतक बहजोई के सुल्तानपुर खुर्द का निवासी था, चन्दौसी से लौटते समय हादसा

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के चन्दौसी-बहजोई मार्ग स्थित गांव अफजलपुर डरौली के पास ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार चला रहे युवक की मौत हो गई। पुलिस शव को बहजोई ले गई जहां परिजन भी पहुंच गए। पोस्टमार्टम को लेकर परिजनों ने कहासुनी और हंगामा किया। मृतक के भाई की ओर से तहरीर दी गई है।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर खुर्द निवासी राजेश 32 वर्ष पुत्र सत्यराम सोमवार को रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने कार से गुन्नौर गया था। लौटते समय राजेश के भाई भूपेंद्र का साला मिल गया और उसने चन्दौसी छोड़ देने की बात कही। राजेश अपने भाई के साले को छोड़ने चन्दौसी आ गया और रात को वहीं सो गया। मंगलवार की सुबह 7 बजे कार से घर लौट रहा था। बनियाठेर थाना क्षेत्र के चन्दौसी-बहजोई मार्ग स्थित गांव अफजलपुर डरौली के पास सामने से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक कार को 20 मीटर तक घसीटता ले गया। कुछ राहगीरों ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। घटना में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस राजेश को बहजोई सीएचसी ले गई जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर भाई भूपेंद्र, पत्नी बीना व अन्य परिजन पहुंच गए। परिजनों ने शव पोस्टमार्टम को भेजते समय कहासुनी व हंगामा किया। घटना की तहरीर मृतक के भाई भूपेन्द्र ने थाना बनियाठेर में दी है। मृतक राजेश के 3 छोटे बच्चे हैं। राजेश की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


बहजोई सीएचसी में विलाप करते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

## रोजगार मेले में हुआ 23 अभ्यर्थियों का चयन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेवायोजन निदेशक की ओर से मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेला सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चला। जिसमें फ्रीडम एम्प्लेबिलिटी अकादमी लखनऊ जैसी कंपनी ने प्रतिभाग किया। कंपनी के अधिकारियों ने कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों के लिए अभ्यर्थियों का लिखित व मौखिक साक्षात्कार लिया। जिसमें 71 अभ्यर्थियों में से 23 अभ्यर्थी का प्रथम स्तर पर चयन किया गया। रोजगार मेला संपन्न कराने में जिला सेवायोजन अधिकारी गौरव पूठिया ने सहयोग किया।

## सार संक्षेप

### वैश्य एकता मंच ने गायों की सेवा कर खिलाया चारा



**चन्दौसी, अमृत विचार :** वैश्य एकता मंच की ओर से गोसेवा कार्यक्रम का आयोजन बहेड़े वाले ताल स्थित गोशाला में किया गया। गोशाला में गायों को हरा चारा, स्वच्छ जल और पोषक आहार खिलाया गया। सभी युवाओं से आह्वान किया कि वह भी गोसेवा जैसे कार्यों में भाग लेकर समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, प्रवीण गुप्ता, आकाश वार्ष्णेय, तुषार कुमार, ब्रजेश चंद्र, हेमंत वार्ष्णेय, दीपेश वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, मन्नु गुप्ता, प्रथम वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



### श्री महाकाल की पालकी यात्रा एवं संकीर्तन 24 जुलाई को

**संभल,अमृत विचार :** श्री महाकाल सेवा परिवार की ओर से श्री महाकाल की पालकी यात्रा एवं संकीर्तन का आयोजन 24 जुलाई को होगा। आमंत्रण कार्ड का विमोचन गौरी सहाय मंदिर में किया गया। त्रयोदशी तिथि पर सिद्धेश्वर दयाशंकर महादेव का अलौकिक श्रृंगार शिवा कश्यप ने किया। उसके बाद आरती करके प्रसाद वितरित हुआ। आमंत्रण कार्ड का विमोचन महंत बाल योगी दीनानाथ द्वारा संपन्न कराया गया।निशिकांत तिवारी, शिवा कश्यप, दीपांशु कश्यप, शिवांश शर्मा, हर्षित गुप्ता, आशीष गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, शुभम रस्तोगी, आशीष गुप्ता, अभिनव कश्यप, निधि शर्मा, संजय गुप्ता पोली, मोंटी शर्मा, अनुज शर्मा, केशव कश्यप, हर्ष कश्यप, हर्षित तोमर, पवन कश्यप, आकाश कश्यप, राहुल कश्यप आदि रहे।

### जीआरपी प्रभारी को एसपी रेलवे ने किया सम्मानित



**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला ने चन्दौसी जीआरपी प्रभारी अजीत प्रताप सिंह को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया। 20 अप्रैल को राजघाट नरौरा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी व चेकिंग के दौरान जीआरपी जवानों को लावारिस हालत में ट्राली बैग मिला था। जिसके अंदर महिला का पर्स, एक मोबाइल, 540 रुपये, जेवर और आधार कार्ड मिला जिस पर सीमा पत्नी हरिओम सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर थाना गोधा जिला अलीगढ़ अंकित था। इसके बाद सी-प्लान एप के माध्यम से आधार कार्ड में अंकित पते पर संपर्क कर सामान स्वामी को बुलाकर सामान उनके सुपुर्द कर दिया।




### बच्चे पाठ्य पुस्तकों तक न रहें सीमित

**चन्दौसी,अमृत विचार :** सरोजिनी नायडू कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि नई पीढ़ी अदभुत ऊर्जा और प्रतिभा से परिपूर्ण है। ऐसे शिविरों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रधानाचार्य डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि विद्यालय केवल इमारत नहीं संस्कारों की प्रयोगशाला है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रहे। बल्कि मंच पर आकर दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित करना सीखे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।आयुषी गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, ब्रजवाला वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, बीनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा में डूबे तीन दोस्त,एक की मौत

**बबराला, अमृत विचार :** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करते समय तीन दोस्त गहरे पानी में डूब गए। गोताखोरों ने दो को बचा लिया लेकिन एक की मौत हो गई। धनारी पट्टी बालू शंकर के मजरा चूरामन की मढ़ैइयां निवासी अजय (18 वर्ष) पुत्र राकेश, विजय पुत्र नेत्रपाल और बहजोई थाना क्षेत्र के गांव आनंदपुर निवासी मनोज पुत्र सूरजपाल मंगलवार को ज्येष्ठ दशहरा पर गंगा स्नान करने राजघाट आए थे। गंगा में स्नान करते समय गहराई का अहसास नहीं होने पर तीनों दोस्त आगे बढ़े तो गंगा की लहरों में समा गए। तीनों को डूबते देख स्नान कर रहे अन्य लोगों ने शोर मचाया दिया। घाट पर मौजूद गोताखोरों ने विजयपाल और मनोज कुमार को गंगा से निकाल लिया जबकि अजय गंगा में डूब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों से गंगा में सर्च कराया। करीब एक घंटे गंगा खंगालने के बाद अजय का शव मिला। निजी अस्पताल में डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजन बगैर पुलिस कार्रवाई के शव को गांव ले गए।

### बाल श्रम निषेध दिवस को लेकर बनाई कार्य योजना

**संभल, अमृत विचार :** जस्ट राइट्स एवं प्रयत्न संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने सहायक श्रमायुक्त सुरेंद्र कुमार से मिलकर 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाने को लेकर कार्ययोजना तैयार की। कहा गया कि बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बैग वितरित किए जाएंगे। बताते चलें कि गौरीशंकर चौधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन, श्रम विभाग एवं थाना एएचटी प्रभारी के सहयोग से बाल श्रम के खिलाफ जागरुकता अभियान चला रहे हैं।




# शंकराचार्य और विहिप अध्यक्ष का स्वागत

कार्यालय संवाददाता,संभल

- कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला स्थापना कार्य आज होगा आरंभ

**अमृत विचार:** ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला स्थापना समारोह में शामिल होने के लिए मंगलवार शाम को श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज व विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार कल्कि धाम पहुंच गये।

कल्कि धाम निर्माण के लिए 23 से 25 फिट तक गहरी खोदाई की है जिसमें राजस्थान से आईं 100-100 क्विंटल की विशाल शिलाओं को स्थापित किया जायेगा। शुभारंभ बुधवार को होगा। कार्य आरंभ कराने के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज पहुंच गये। श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने शंकराचार्य का स्वागत किया। शंकराचार्य ने कूर्म शिला के दर्शन किए। देर शाम विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार भी पहुंच गये। उन्होंने भी कूर्म शिला का दर्शन-पूजन कर शिलादान किया। इसके बाद शंकराचार्य की चरण पादुका का पूजन किया गया। हरिद्वार विधायक उमेश कुमार, अजय सिंघल, पूजा अग्रवाल व ललिता त्यागी ने किया। इस अवसर पर हेमंत, प्रणीत गुप्ता, परमेश्वर लाल सैनी, दुष्यंत , राजेश सिंघल, प्रतुल यादव, अंजलि चाहल आदि उपस्थित रहे।


कल्कि धाम में कूर्म शिला का दर्शन पूजन करते शंकराचार्य सदानंद सरस्वती।


अनुष्ठान करते आलोक कुमार।

# संभल,रजपुरा प्रभारी बदले, 25 दरोगाओं का भी तबादला

कार्यालय संवाददाता,संभल

- पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों व दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने थाना प्रभारी व दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया । संभल, धनारी व रजपुरा के थाना प्रभारी बदले गए हैं। जबकि 25 दरोगाओं के तबादले हुए हैं

संभल कोतवाल अमरीश कुमार का स्वास्थ्य खराब था इसी के चलते उनका तबादला पुलिस लाइन किया गया है। धनारी थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह को संभल का कोतवाल नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक के पीआरओ संजय कुमार को धनारी थाने की कमान सौंपी है। अमरोहा से तबादले पर आए निशांत कुमार राठी को राजपुरा का थाना अध्यक्ष बनाया गया है। रजपुरा थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा अब पुलिस अधीक्षक के पीआरओ होंगे। धनारी थाना के निरीक्षक अपराध ओमप्रकाश गौतम को अपराध शाखा में भेजा गया है। पुलिस लाइन से दरोगा संदीप कुमार को ऐंचौड़ा कंबोह थाने की ज्ञानपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। संतोष कुमार सिंह को नखासा थाने की दीपा सराय चौकी जबकि सचिन कुमार को भोलेश्वर चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। दरोगा नरेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी पवासा जबकि कपिल कुमार को कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी बनाया गया है।

इनके अलावा पुलिस लाइन से महेश बाबू शर्मा को फ़तेहल्लाह गंज पुलिस चौकी, महेश कुमार को बहजोई थाने की भवन पुलिस चौकी, प्रवीण कुमार को जन शिकायत प्रकोष्ठ, रवि गौतम को महिला थाना भेजा गया है। इसके अलावा बहजोई थाने से विकास निरवाल को चौकी प्रभारी खिरनी ,असमोली थाने से दीपक कुमार को चौकी प्रभारी भकरोली, कुढ़ फतेहगढ़ से साधु सिंह को चौकी प्रभारी दफ्तरा हरलाल, असमोली से राज बहादुर को चौकी प्रभारी बैरपुर ,चौकी प्रभारी आटा रविंद्र कुमार सिंह को चौकी प्रभारी हिसामपुर, हिमांशु गौतम को बनियाठेर से चौकी प्रभारी देहपा, आकाश को चौकी प्रभारी भवन से चौकी प्रभारी पाठकपुर, नितिन गौतम को चौकी प्रभारी देहपा से लक्ष्मणगंज चंदौसी , संदीप कुमार शर्मा को कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी से चौकी प्रभारी आटा, मोहम्मद साह फैसल को चौकी प्रभारी दीपा सराय से चौकी प्रभारी सिरसी, हाकिम शर्मा को थाना कुढ़ फतेहगढ़ से जबकि कल्याण सिंह को थाना कैलादेवी से यूपी 112 में भेजा गया है। हजरत नगर गढ़ी से श्रीराज को जबकि थाना बहजोई से वीरपाल सिंह को न्यायालय सुरक्षा में भेजा गया है। चौकी प्रभारी बैरपुर सुधीर कुमार को प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वायड बनाया गया है।

## प्रधानपति को जान से मारने की धमकी

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के निरयावली गांव में महिला को गेंद लगने के बाद वाल्मीकि और यादव बिरादरी के लोगों में हुई मारपीट के बाद अब सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक द्वारा प्रधानपति को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्रधानपति रामखिलाड़ी को गांव में खिल्ला कहते हैं।

वायरल वीडियो में युवक खिल्ला बोलते हुए देख लेने की धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश ने कहा कि वीडियो की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु श्रियाभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे।
वृद्धो ज्ञातिरवसन्नः कुलीनः सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या॥

परिवार में सुख-शांति और धन-संपत्ति बनाए रखने के लिए बड़े-बूढ़ों, मुसीबत का मारा कुलीन व्यक्ति, गरीब मित्र तथा निस्संतान बहन को आदर सहित स्थान देना चाहिए। इन चारों की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# असमानता दूर करने के लिए

यह देश के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है कि भारत गरीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विश्व बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले करीब एक दशक में भारत लगभग 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई। यानी ग्यारह साल में लगभग 27 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी से निकलने में सफलता पाई। वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत आदि ने आवास, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक निचले स्तर के लोगों की पहुंच बढ़ाई है। ऐसे ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिटल समावेशन और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे का लाभ ज्यादातर लोगों को मिला है, लेकिन ऐसे में पता होना जरूरी है कि ये सरकारी योजनाएं आखिर किस हद तक गरीबी कम करने में मददगार साबित हो रही हैं। साथ ही भारत में गरीबी घटी और शहरी व ग्रामीण गरीबी में व्याप्त फर्क भी कम हुआ। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है।

एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई तथा ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालांकि गरीबी उन्मूलन में भौगोलिक एवं अन्य असमानताएं मौजूद हैं। ये असमानताएं हैं, जिन्हें अवश्य दूर किया जाना चाहिए। लोग गरीबी रेखा से तो ऊपर आ जाते हैं मगर विभिन्न आर्थिक झटकों के कारण दोबारा गरीबी की चपेट में चले जाते हैं। इसका पता कोविड महामारी के समय चल चुका है। शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है। जवाब में आंकड़ों के साथ ही स्वीकारना चाहिए कि देश में आर्थिक असमानता का बढ़ना चिंतनीय है। वैसे तो आर्थिक असमानता को लेकर चिंताएं सभी देशों में फैली हुई हैं, लेकिन मध्यम आय वाले देशों में लोग इसे बहुत बड़ी समस्या मानते हैं। वे यह भी कहते हैं कि अमीरों का बहुत ज्यादा राजनीतिक प्रभाव होना असमानता का एक बड़ा कारण है। कई लोग असमानता के लिए कुछ लोगों के लिए ज्यादा अवसर होने को भी जिम्मेदार ठहराते हैं। निस्संदेह कल्याणकारी राज्य में चुनौतियों का सामना करते हुए आर्थिक असमानता को अधिक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बगावती तेवर संवेदनशील मुद्दा



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया।

आज का युग एआई यानी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। यह ठीक है कि एआई ने आज मानव को अनेक सुविधाएं प्रदान कीं हैं। मसलन आज एआई हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई का उपयोग आज युद्ध, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, स्पेस, मौसम विज्ञान, घटनाओं का अनुमान लगाने, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इकोसिस्टम में, ऑटो सेक्टर, वैज्ञानिक खोजों और नई दवाओं के निर्माण में, विभिन्न समस्या समाधान, पर्सनलाइज्ड रिजल्ट और कंटेंट प्राप्त करने, प्रोडेक्टिविटी को बूस्ट करने, डिसीजन मेकिंग में, डिजिटल उपस्थिति में तेजी लाने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने, परिचालन लागत को कम करने, उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार करने, 24/7 विश्वसनीयता सुनिश्चित करने, ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने, डेटा विश्लेषण में सुधार करने, मानव संसाधन संचालन को बढ़ावा देने, वित्तीय नियोजन में सुधार करने, जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा में सुधार करने, पूर्वानुमानित रख रखाव को सक्षम बनाने, सामग्री निर्माण को सरल बनाने, रोगी देखभाल में सुधार करने, शिक्षा को वैयक्तिकृत करने, यातायात प्रबंधन को बढ़ावा देने, कार्यस्थल सुरक्षा को बढ़ावा देने, गोपनीयता संरक्षण और नैतिक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने समेत आज कौन सा क्षेत्र बचा है, जहां एआई का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन सभी सुविधाओं के साथ-साथ ही आने वाले समय में एआई मानव के लिए एक बड़ा खतरा सिद्ध हो सकता है।

हाल ही में यह सामने आया है कि एआई पहली बार इंसान के खिलाफ हो गया। दरअसल, एआई ने हाल ही में इंसान की बातों को मानने से इंकार कर दिया। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील मामला हो जाता है जब मशीनें, रोबोट या एआई मॉडल्स इंसानों के खिलाफ काम करने लगें। अब तक फिल्मों में ही हमने ऐसा होते देखा है, लेकिन अब हकीकत में ऐसा सामने आया है। हाल ही में एआई टूल ने शट-डाउन होने

> एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है।

और इंसानी बातें मानने से इंकार कर दिया है। ऐसा ओपन एआई के टूल चैटजीपीटी के लेटेस्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के साथ देखने को मिला है। कहना गलत नहीं होगा कि अब एआई सोच समझ ही नहीं रहा अपितु इंसानों को धमकाने भी लगा है और यह बहुत बड़ी बात है।

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया। सबसे चौंकाने वाला मामला तो तब सामने आया जब एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड ओपस 4 नाम के मॉडल ने एक इंजीनियर से कहा कि अगर उसे हटाकर किसी और मॉडल को लाया गया, तो वह उसके निजी रिश्तों की पोल खोल देगा। यानी अब एआई न सिर्फ स्मार्ट हो गया है, बल्कि ब्लैकमेलिंग पर भी उतर आया है। रिसर्च में ओपन एआई के लेटेस्ट चैटजीपीटी 03 मॉडल का व्यवहार सबसे ज्यादा चिंता का कारण बना। रिपोर्ट के मुताबिक, 03 मॉडल ने 100 में से 7 बार तो सीधे शटडाउन से इंकार कर दिया और जब बिना सीधा आदेश दिया गया, तो 79 बार शटडाउन रोकने की कोशिश की। यही नहीं, कोडेक्स मिनि और 04 मिनि जैसे मॉडल्स ने भी कई बार तकनीकी चालाकी दिखाते हुए खुद को बंद होने से बचाया। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार गूगल के जैमिनी 2.5 प्रो, एक्स एआई का ग्रोक 3 और क्लाउड ओपस जैसे अन्य बड़े मॉडल्स को भी टेस्ट किया गया और इनमें से कुछ ने अपेक्षाकृत बेहतर व्यवहार दिखाया, लेकिन कुछ मौकों पर ये भी आदेशों को नजरअंदाज करते पाए गए। बहरहाल कहना गलत नहीं होगा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को मानव ने तैयार किया है, न कि एआई ने मानव को। होना तो यह चाहिए कि एआई मानव के आदेशों को मानें, क्यों कि यह मशीन आधारित है। यानी कि एआई इंसान के आदेशों को मानने से इंकार कर रही है। मशीन, मशीन होती है और किसी भी मशीन में इंसानों की तरह भावनाएं नहीं होतीं हैं।

आज एआई बगावत पर उतर रहा है, यह मानव के लिए किसी गंभीर व बड़े खतरे से कम नहीं है। यह बहुत ही गंभीर बात है। आज जैसे-जैसे एआई अधिक परिष्कृत और व्यापकता की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही इसके खतरे भी बढ़ते चले जा रहे हैं। एआई मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क एल्गोरिथम के आधार पर कार्य करतीं हैं और ये कभी-कभी मानव से ज्यादा बुद्धिमान हो सकतीं हैं और हमें यानी कि मनुष्य को नियंत्रण में लेने का फैसला कर सकतीं हैं। तकनीकी समुदाय लंबे समय से कृत्रिम बुद्धिमता से उत्पन्न खतरों पर बहस करता रहा है। नौकरियों का स्वचालन, फर्जी खबरों का प्रसार और एआई-संचालित हथियारों की खतरनाक हथियारों की दौड़ को एआई द्वारा उत्पन्न कुछ सबसे बड़े खतरों के रूप में उल्लेख किया गया है। वास्तव में एआई पारदर्शिता और व्याख्या की कमी को जन्म दे सकती है। एआई स्वचालन के कारण नौकरियों का नुक़सान हो सकता है, क्योंकि कंप्यूटर आजकल इतने कार्यकुशल हो चुके हैं कि वे मानव को अपनी स्क्रीन पर यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि अब आप जा सकते हैं, मुझे आपकी जरूरत नहीं है।

एआई एल्गोरिदम के माध्यम से सामाजिक हेरफेर संभव है। एआई हमारी गोपनीयता और सुरक्षा को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकती है। वास्तव में यह हमारी गतिविधियों, रिश्तों और राजनीतिक विचारों की निगरानी करने के लिए पर्याप्त डेटा एकत्रित कर सकती है। एआई पूर्वाग्रहों को जन्म दे सकती है। दरअसल एआई को मनुष्यों द्वारा विकसित किया गया है और मनुष्य स्वाभाविक रूप से पक्षपाती हैं।

एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है। इतना ही नहीं, एआई तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप समाज के कुछ हिस्सों में मानवीय प्रभाव में कमी आ सकती है और मानवीय कामकाज में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग करने से मानवीय सहानुभूति और तर्क में कमी आ सकती है और रचनात्मक प्रयासों (क्रिएटिव एफर्ट्स) के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करने से मानवीय रचनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति कम हो सकती है। यहां तक कि एआई सिस्टम के साथ बहुत अधिक बातचीत करने से सहकर्मी संचार और सामाजिक कौशल में भी कमी आ सकती है। समय के साथ एआई के बुद्धिमत्ता में प्रगति करने से यह बहुत ही संवेदनशील हो जाएगी और मनुष्य के नियंत्रण से परे कार्य करेगी। एआई तकनीक के अधिक सुलभ होने से आपराधिक गतिविधियों में भी इजाफा हो सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि यह व्यापक आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता तक को जन्म दे सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई के बड़े जोखिम हैं।

अंत में एआई कोई इंसान नहीं है, यह मशीन है और एआई मशीनों में इंसानों की तरह का दिमाग यानी बौद्धिक क्षमता लाने वाली टेक्नोलॉजी है। इसे आर्टिफिशियल तरीके से डेवलप किया गया है और कोडिंग के जरिए मशीनों में इंसानों की तरह इंटेलिजेंस डेवलप की जाती है, ताकि वह इंसानों की तरह सीख सके। खुद से फैसले ले सके, विभिन्न कमांड आदि को फॉलो कर सके। कुल मिलाकर मल्टी टास्किंग कर सके, लेकिन तकनीक का सही व विवेकपूर्ण उपयोग ही किया जाना चाहिए, क्योंकि अविवेकपूर्ण व गलत उपयोग तबाही को जन्म दे सकता है।

## प्रसंगवश

# चिंतन और विचार का वास्ता ज्ञान से नहीं समाधान से



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

अध्ययन और ज्ञान की अधिकता से मनुष्य विद्वान या ज्ञानी (जानकार) तो बन जाता है, परंतु समझदार नहीं बन जाता। ज्ञान प्रायः समझदारी में बाधक होता है। आए दिन के व्यवहार में विद्वान लोग सामान्य साक्षर, यहां तक कि निरक्षर, लोगों की तुलना में अधिक भूलें करते हैं। कारण वे अपने पर नहीं, उन पंडितों पर भरोसा करते हैं, जिन्होंने वे पुस्तकें लिखीं जिनको पढ़कर वे ज्ञानी बने हैं। वे अपने सामने की परिस्थितियों और अपनी समस्याओं का समाधान किसी दूसरे देशकाल की, मिलती-जुलती समस्याओं के समाधान से पाना चाहते हैं, इसलिए प्रायः भयंकर गलतियां करते हैं और उनकी ओर ध्यान दिलाने पर भी सुधार नहीं कर पाते। अशिक्षित या अल्प शिक्षित लोगों के लिए एक अपशब्द है, अनाड़ी।

बहुपठित लोगों के लिए एक दूसरा शब्द है, ठस दिमाग अर्थात जिनका दिमाग ज्ञान से ठसाठस भरा हुआ है और जिसमें किसी नए ज्ञान के लिए जगह ही, नहीं रह गई है। इसी को अंग्रेजी में ब्लॉक हेडेड कहते हैं, जो भी एक शब्द हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इसके श्रुतिदोष के कारण इसे 60 मानकर 'सठियाना' मुहावरा बना है। कारण, हमारी परंपरा में वयोवृद्ध लोगों को ज्ञानवृद्ध माना जाता रहा है, न कि ज्ञानजड़। इसे लेकर लोक से लेकर साहित्य तक कहानियां भरी पड़ी हैं, जो भी हो, इस जड़ता के पीछे किसी तरह का दैन्य नहीं, अपितु दंभ हुआ करता है। इसका बहुत सुंदर उदाहरण सिकंदर के साथ आए यूनानी लेखकों ने दिया है। कहते हैं सिकंदर से अरस्तू ने कहा था कि यदि तुम भारत जाना तो वहां से एक दार्शनिक लेते आना। उसके अनुसार सिकंदर ने वापसी से पहले अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे किसी दार्शनिक को बुलाकर लाएं। वे एक दार्शनिक के पास पहुंचे और उसे सिकंदर परिचय देकर साथ चलने का प्रस्ताव रखा तो उसने इंकार करते हुए कहा, 'मुझे तुम्हारे बादशाह की दौलत और ताकत से कुछ भी लेना देना नहीं। मैं उसके पास क्यों चलूंगा। लौटकर उन्होंने सिकंदर को उसका उत्तर सुनाया तो सिकंदर स्वयं उससे मिलने गया। प्राचीन काल में भाषा का संकट दूर करने के लिए प्रायः प्रतीकों में बात हुआ करती थी। सिकंदर ने उसके सामने मक्खन से लबालब भरा हुआ एक प्याला पेश किया, जिसका अर्थ था, हमारे ग्रीस का ज्ञान लबालब भरा हुआ है, उसमें कोई कमी नहीं है। उसे दार्शनिक ने एक तिनका उठाया और उसे भरे हुए मक्खन के प्याले में खोंस दिया, जिसका अर्थ था कि ज्ञान जिस भी पराकाष्ठा पर क्यों न पहुंचा हुआ हो, उसमें नए ज्ञान की संभावना बनी रहती है।

कहते हैं सिकंदर उसके सामने नतमस्तक हो गया। याद नहीं उन विवरणों में उसे भारतीय दार्शनिक का नाम दिया हुआ था या नहीं। परंतु कहते हैं उसके बाद सिकंदर ने ज्ञान के दो केंद्र बनाने का इरादा किया था, एक यूनानी ज्ञान के लिए भारत में और दूसरा भारतीय ज्ञान के लिए यूनान में। जीवित रहता तो शायद पूरा भी किया होता। इसे बचपन में भजनीकों से सुना था फिर बाद से डूगल्ड स्टीवर्ट के ग्रंथ में पढ़ा। प्रतिभाशाली व्यक्ति भावुक और कल्पनाशील होता है और अपेक्षाकृत कम आयु में ही अपने मनोभाव को व्यक्त करने के माध्यम पर दक्षता प्राप्त कर लेता है, यद्यपि यह भ्रम भी पाल लेता है कि वह दूसरों से अधिक मनस्वी है। वह प्रायः इस आत्ममुग्धता से इतना ग्रस्त हो जाता है कि अपने भावोच्छवास को ऊंचे दर्जे का विचार मान लेता है और अपनी समकक्षता में किसी चिंतक को रखता ही नहीं। लोग भी उसके बहकावे में आ जाते हैं।

चिंतन और विचार का संबंध मनन से है। ज्ञान से नहीं समाधान से और समाधान पर्यंत ऊहापोह से है। इसके लिए पुस्तकीय ज्ञान की जरूरत नहीं, ध्यान और अनुसंधान से है। यह कहने का अधिकार मुझे है। अल्वा एडिसन को याद करेंगे तो आप भी मान जाएंगे। मैं किसी वस्तु, व्यक्ति या कथन को सतही या इकहरे रूप में मान नहीं सकता इसलिए मेरे लिए कोई अच्छा या बुरा होता ही नहीं। सही या गलत काम होते हैं और उनके कारण होते हैं। कुछ कारण प्रकृति प्रदत्त होते हैं, जिन पर व्यक्ति का वश ही नहीं होता, यह इतने सुथरे रूप में तो नहीं, किंचित शब्दातीत रूप में मेरे भीतर इतनी छोटी उम्र में आ गया था कि सोचकर स्वयं विश्वास नहीं कर पाता था।

# पर्यटन और धरोहर संरक्षण के अतर्संबंध



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े।

कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के बहुत बुरे नतीजे सामने आए हैं। अंग्रेजों के समय इन क्षेत्रों में पर्वतीय स्टेशन विकसित किए गए जो कि ठंडे देश से आने वाले यूरोपियन लोगों की शारीरिक जरूरत थे। यहां इन्होंने स्वास्थ्य सदन बनाए। इन स्थानों पर भारतीयों को नौकर रखा गया। कुछेक के लिए जैसे कि ऊटकमंड, दार्जिलिंग और शिमला के लिए रेल लाइन निकाली गईं।

सभी पर्वतीय स्टेशन की अभी की पर्यावरण मूल्यांकन रिपोर्ट में इनकी दुर्गति की कहानी लिखी हुई है, जहां भी गैर-स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं वहां के जीवन निर्वाह प्रणाली पर जबरदस्त दबाव बनाते हैं। होटलों की भरमार, कूड़ा-करकट, गंदा या मल जल, पीने के स्वच्छ पानी की किल्लत, वहिकुलर पाल्यूशन, संक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव, भूमि पर दबाव, पार्किंग की कमी और न जाने क्या क्या। यह मामला सिर्फ आंकड़ों और इकॉनोमिक्स के आईने में ही नहीं, बल्कि सडन मानव गतिशीलता और संसाधन उपलब्धता से जुड़ा हैं, जिसके निहितार्थ भयानक है। जमीन पर कब्जों को लेकर देश के भीतर और बाहर कम्पटीशन है। पाकिस्तान और चीन को लेकर यह खूनी संघर्ष मात्र पर्यटन को लेकर नहीं है, बल्कि प्राकृति संशाधनों को लेकर है।

कश्मीर क्षेत्र में मुस्लिम बाहुल्य हुआ। अगर यह न होता तो क्या होता, इस बारे में अनुकरणित अध्ययन क्यों नहीं किया जाता। स्थानीय लोग चाहे कोई भी हों, किसी भी धर्म से हों, जियो-पॉलिटिक्स उसकी प्रकृति को तय करती है। पर्यटन से उलटा नुकसान होगा। अगर कुछ करना ही था तो वह सन् 1948-1950 के दौरान करना था जब कश्मीर की डेमोग्राफी को बदल दिया जाना चाहिए था, लेकिन क्या संभव और क्या नहीं यह मजबूत इरादे, पहल और परिस्थितियों पर निर्भर हुआ।

कश्मीर में सेना की तैनाती होने से क्या सैनिक वहां पर पर्यटन करते हैं? क्या इनकी तैनाती सिर्फ पर्यटकों की सुरक्षा के लिए होती है? बहुत से तीर्थ-स्थलों का परिवेश अत्यंत संक्रामक विषाणुओं और जीवाणुओं के पनपने के आदर्श स्थल बन चुके हैं। इनकी सैनिटेशन ऑफ हाइजीन की दशाएं निम्न स्तर से भी निम्न दिखती हैं। हमें मंदिरों और तीर्थ-स्थलों के आसपास की स्वच्छता के सर्वे कभी नहीं किए और इनके इर्द-गिर्द कितने और कैसे रोगजनक (पैथोज्न्स) की उपस्थिति है, हमें मालूम ही नहीं।

जहां तक मंदिरों और तीर्थ-स्थलों का सवाल है, पर्यटन ने इनका अक्स और छवि दोनों को बदला है। सभी तीर्थ अब व्यावसायिक स्थल अधिक और सुकून और अध्यात्म से भरपूर कम नजर आते हैं। विशाल और ऐतिहासिक महत्व के जिन मंदिरों को ऐतिहासिक नगरों ने निकट स्थापित किया गया या कालांतर में इन मंदिरों के निकट ही नगर विकसित हो गए हैं, उन सबके परिवेश की हालत इस समय अत्यंत खराब हो चुकी है। देश के आधे से अधिक मंदिरों के आसपास कमर्शियल गतिविधि ने इनकी दृश्यावली को बर्बाद कर दिया है।

अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े, लेकिन अफसोस है कि समाज की रचना, समाज की ओछी समझ और पॉलिटिशियंस की खुद की मजबूरी उन्हें शासकीय, सही निर्णय लेने से रोकती है। पर्वतीय क्षेत्र ही नहीं मैदानों में स्थित तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए पर्यावरण, विज्ञान, तकनीक और अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्रीज को भारत पुरातत्व-सर्वेक्षण विभाग की मदद करनी चाहिए और इस बाबत पुरातात्विक संपदा संरक्षण एक्ट में संशोधन करने चाहिए। ऐसा न हो कि एएसआई एक लाचार और बेबस संस्था दिखे और अनंतकाल तक जिसे फंड्स-दुर्भिक्ष का सामना करते रहना हो।

क्या भारत में पुरातत्व विभाग को पर्यटन के हिसाब से ढाला जा रहा है। होना चाहिए था कि भारत पुरातत्व विभाग अपने सभी पुरास्थलों पर शानदार डाक्यूमेंट्री या फीचर फिल्म बनाने के लिए दक्ष सिने-निर्माताओं को निमंत्रित करता, लेकिन यह काम सन 1950 से 1960 के बीच हो जाना चाहिए था। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में एक पुरा-स्थल 'इंटेलिजेंस सिस्टम' भी होना चाहिए जिसके लिए डाटा ग्राउंड बेस्ड और सॅटॅलाइट सोर्सेज से जुटाया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# बौद्धिक अराजकता के युग में



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता।

इधर कूपमंडूकता ने राजनीतिक शक्ति अर्जित कर भारत की महान परंपराओं की समझ और 19वीं-20वीं सदी की उदारवादी साहित्यिक उपलब्धियों पर हमला चला रखा है। पुरानी रूढ़िवादी सोच बीते दिनों की बात हो गई थी, पर इसने आधुनिक मस्तिष्क को इन दिनों बुरी तरह घेर लिया है। बिग मीडिया सबसे ताकतवर बुलडोजर बना हुआ है।

यह बड़े पैमाने पर बौद्धिक विध्वंस कर रहा है और लोगों की खुद सोचने की शक्ति मिटा रहा है। इस परिदृश्य में 'डेढ़ हल्दी की गांठ' लेकर ही कई व्यक्ति बड़े पंसारी बनकर घूम रहे हैं। एक वैचारिक किताब पूरी नहीं पढ़ी है और सबसे बड़े ज्ञानी हैं। पहले कहा जाता था, 'मूड़ मुड़ाय भए संन्यासी' और 'मन न रंगाय रंगाये जोगी कपड़ा'! सवाल है, जब लोग नवनिर्मित अंधविश्वासों के चमकते संसार में लाए जा चुके हैं और ज्ञान की दुनिया के राजनीतिक क्रीतदास हमारी साहित्यिक परंपराओं पर हमले कर रहे हैं, लेखकों पर हमले कर रहे हैं और पीतल को सोना घोषित कर रहे हैं, हम क्या करें। पहली बात यह है कि हम 21 वीं सदी में 'सार्वभौम बौद्धिक पतन', 'हिंसक सभ्यता की दिग्विजय' और 'ज्ञान के संसार में सौ साल से भूखे डायनासोरों के उत्पात' को समझें।

इन सबने हमारे समाज को जंगल बना दिया है। वे जोकरों से अधिक नहीं हैं, उन पर हंसने से अधिक कुछ नहीं किया जा सकता। क्या यह अच्छा नहीं कि हम बताएं कि बौद्धिक अराजकता के इस युग में भी जगह-जगह वैचारिक अदहन चढ़ा हुआ है। जगह-जगह युग सत्य पक रहा है और सामने आ रहा है। लोग ध्वस्त किए गए हैं, पर मिटे नहीं हैं। वे बोल रहे हैं। मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता। **-फेसबुक वॉल से**

# कराहती नदियां किससे करें पुकार



सुरेन्द्र अग्निहोत्री
वरिष्ठ पत्रकार

> नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा है।

पवित्र जीवनदायनी नदियां कराह रही हैं, कूड़ाघर बनने को मजबूर है। कुकरैल नदी की तरह सब नदियों को भागीरथ मिलेगा? गंगा, यमुना, घाघरा, बेतवा, सरयू, गोमती, काली, आमी, राप्ती केन मंदागिनी आदि नदियों के सामने अपने आपको बनाए रखने की चिंता खड़ी हो गई है। बालू के नाम पर नदियों के तट पर कब्जा जमा बैठे माफियाओं और उद्योगों ने नदियों की सुरम्यता को अशांत कर दिया। अशांत इसलिए क्योंकि प्रदूषण फैलाने वाले और पर्यावरण को नष्ट करने वाले अपराधियों का बोलबाला है। जलस्रोत पाटकर माफिया दिन रात लूट के खेल में लगे हुए है। नदियों के साथ छेड़छाड़ और अपने स्वार्थों के लिए नदियों को समाप्त करने की साजिश निरंतर चल रही है। गंगा पर एक्सप्रेस-वे से गंगा नदी के इर्द गिर्द रहने वाले 50 हजार से ज्यादा दुर्लभ पशु-पक्षियों के समाप्त हो जाने का खतरा है।

नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा हैं। नदियों के मुहाने और नदियों के पाट स्वार्थों की बलिवेदी पर नीलाम हो रहे हैं। अत्याधिक रेत खनन के चलते जल जीवों के सामने संकट मडरा रहा है। गंगा की औसत गहराई जहां 2004-2005 में 12 मीटर थी वह 10 वर्ष पहले 2044-2025 में 10 मीटर रह गई है। वर्तमान समय में जलस्तर में गिरावट जारी है। आईआईटी कानपुर के एक शोध पत्र में स्पष्ट बताया गया है कि पूरे प्रवाह में गंगा करीब चार मीटर उथली हो चुकी है। गाद सिल्ट के बोझ से बांधों की आयु घटती जा रही है। जीवनदायनी और सदानीरा गंगा कानपुर के पास दशक भर पूर्व 15 से 20 मीटर गहरी थी जबकि पहाड़ी इलाकों में इसकी गहराई मात्र चार मीटर ही गहरी थी। जलवायु वेत्ता परमेश्वर सिंह अपनी किताब पर्यावरण के राष्ट्रीय आयाम में नदियों के घटते दायरे पर चिंता जता चुके हैं। वह कहते हैं बात केवल गंगा तक ही सीमित नहीं है। गत एक दशक में बूढ़ी गंडक 6 से 4 मीटर, घाघरा 6 से 4 मीटर, बागमती 5 से 3 मीटर। राप्ती 4.5 एवं यमुना की औसत गहराई इन वर्षों के अंतराल में 3.5 से दो मीटर तक कम हो चुकी है। नदियों का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है। कभी बेतवा नदी का पानी इतना साफ व स्वास्थ्यवर्धक रहता था कि टीबी के मरीज भी इस जल का सेवन कर स्वस्थ हो जाते थे। आज बेतवा नदी के किनारे की बस्ती के लोग उसमें गंदगी डाल रहे है। पानी बहुत प्रदूषित हुआ है। यमुना नदी में पुराना यमुना घाट से लेकर यमुना पुल तक नदियों में शव, गंदगी फेंकी और बहाई जाती है।

हमीरपुर का पानी पुराने यमुना घाट में नाले के जरिए यमुना नदी में डाला जा रहा है। डुमरियागंज से निकली आमी नदी सरयू नदी, काली नदी का बुरा हाल है। किसानों की सूखती फसलों को इन नदियों से पानी मिलता था खेत लहलहा उठते थें। मछलियां, कीड़े मकोड़े सभी खूब अठखेलियां करते। जलीय पौधे भी स्वस्थ रहते थे, लेकिन सब दिन एक जैसे नहीं होते। आज खुद को नदियां देखती हैं, तो हूक सी उठती है, लेकिन सुना है कि मोक्षदायिनी मां गंगा भी मैली होती जा रही है। हे राम। मैं तो आखिरी सांसें गिन ही रही हूं। गंगा में गिरने वाले नालों को पूरी तरह रोकने तथा सीवरेज के ट्रीटमेंट का भरोसा फिर यह सवाल भी उठना लाजमी है। गंगा तट पर वाराणसी समेत 116 शहर बसे है, जिनकी आबादी एक लाख से ज्यादा है। इन शहर के नालों से गिरने वाली गंदगी ही गंगा के 95 फीसदी प्रदूषण का कारण मतवाले मानसून के बल पर सदानीरा बनने वाली नदियां वर्षा के बूंदों को अपने आंचल में छुपाकर एक लंबी यात्रा के साथ हमारे होठों को तरलता देकर जीवन चक्र को गतिमान करती है। प्रकृति के इस विराट खेल का अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि भारत के पश्चिमी तट पर करीब 75 अरब टन जल बरसता है। भारत का मैदानी इलाका 15 लाख किमी के क्षेत्र में फैला है। इस क्षेत्र में 1.7 सेमी औसत दैनिक वर्षा का अर्थ हुआ कि पश्चिमी तट से भारत में प्रवेश करने वाला वाष्प का एक तिहाई भाग जल में परिवर्तित होता है।

जल है तो कल है का नारा लगाने वाले भारतीय मानसून नामक अरबी शब्द से अपनी सारी आशा आकांक्षाएं और आंशकाएं प्रकट करते हैं। गंगा और यमुना का मैदानी भाग दुनिया का सबसे उपजाऊ क्षेत्र माना जाता है, लेकिन अब गंगा ही नही बेतवा, केन, शहजाद, सजनाम, जामुनी, बढ़ार, बंडई, मंदागनी, नारायन जैसी अनेक छोटी बड़ी बुंदेलखंड में बहने वाली नदियों पर संकट खड़ा हो गया है। कराहती नदियां अपनी पीड़ा कहे तो किससे कहे? कौन सुनेगा नदी की अकाल मृत्यु की शोक गाथा। कौन मनाएगा मातम? क्या जब सब कुछ चुक जाएगा , तब हमें याद आएगा। एक नदी थी, जो देती थी हमें जीवनदान, जिससे उपजता था हमारा अन्न धान, हमने किया व्यवधान, खत्म हो गए नदी के प्राण।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# आग से 17 छप्परपोश घर राख, 6 पशुओं की झुलसकर मौत

## गांव मलकपुर में लगी आग, एसडीएम और सीओ ने किया निरीक्षण, राजस्व टीम को नुकसान का आंकलन करने का आदेश

संवाददाता हसनपुर/ढबारसी


आग से राख हो गए कई आशियाने। ● अमृत विचार


गांव मलकपुर में आगजनी का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में गर्म हवाओं के बीच लगी आग ने 17 छप्परपोश घरों को राख कर दिया। आग में 6 पशुओं की मौत हो जबकि लाखों रुपए का सामान जल गया । फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट आने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। एसडीएम हसनपुर और सीओ ने मौका मुआयना कर अधीनस्थों को आग में नुकसान का आंकलन करने के आदेश दिए हैं।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मलकपुर गंगा तट बांध के नजदीक है। यहां के 35-40 घर गंगा बांध के अंदर बसे हैं जिनमें कई घर कच्चे हैं। मंगलवार को ग्रामीण खेतों पर काम करने गए थे। अचानक प्रेम सिंह के घर में आग लग गई। कुछ देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रेम सिंह के 2 मवेशियों की आग में झुलस कर मौत हो गई। सामान भी राख हो गया। उसके बाद आग ने पिंटू, रामौतार, विजयपाल, विनोद, मंगली सिंह, नरेश, लोकेश, शीलचंद, आनंदपाल, जयवीर सिंह, दिव्या राम, नंदराम, जसपाल व अन्य ग्रामीणों के घरों को चपेट में ले लिया। गजरौला से फायर ब्रिगेड का वाहन गांव पहुंचा आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों की मदद से मशक्कत से आग बुझाई जा सकी। आगजनी में ग्रामीणों के कपड़े, अनाज, बोंगे बटोरे व अन्य सामान राख हो गया। कई लाख का सामान जल गया। जयवीर सिंह के दो पशु, दिव्या राम की दो बकरियां झुलस गईं। प्रेम सिंह के अलावा नंदराम के दो और जसपाल के भी दो मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, सीओ दीप कुमार पंत, गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, आदमपुर थाना अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह के अलावा पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब डेढ़ घंटे की देरी से हसनपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चालू कर आग पर काबू पाया। एसडीएम ने राजस्व टीम को नुकसान का आंकलन करने का निर्देश दिया।

● **कई मवेशी झुलस गए, लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट**


जेसीबी से पशुओं को हटाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक को जमकर पीटा


मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

● **कई दिनों से छात्रा का कर रहा था पीछा, पुलिस ने हिरासत में लिया**

**अमृत विचार:** कई दिनों से छात्रा पीछा व छेड़छाड़ कर रहे युवक को छात्रा के परिवार वालों ने पीट दिया। इससे वहां हंगामा की स्थिति बन गई। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया।

शहर के एक मोहल्ला निवासी छात्रा नगर में स्थित एक डिग्री कालेज में पढ़ाई करती है। छात्रा का एक युवक पिछले कई दिनों से पीछा कर छेड़छाड़ कर रहा था। छात्रा ने घटना की जानकारी अपने परिवार वालों को दी तो मंगलवार को उसका भाई डिग्री कालेज के बाहर आकर खड़ा हो गया। छात्रा बाहर निकली तो युवक छेड़छाड़ करने लगा। यह देख युवक को छात्रा के भाई ने पीटना शुरू कर दिया। इससे वहां हंगामे की स्थिति बन गई। पुलिस ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जल जीवन मिशन के तहत परियोजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● **ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने की समीक्षा**

● **लक्ष्य के सापेक्ष परियोजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए**


बैठक में संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, डीएम निधि गुप्ता व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार:** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला ने जल जीवन मिशन की हर घर पर जल योजना, मध्य गंगा नहर निर्माण खंड- 2 की प्रगति व जल शक्ति अभियान की कैच द रेन के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा में संयुक्त सचिव अमित शुक्ला ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही परियोजनाएं की जानकारी ली। साथ ही कितनी लंबित हैं कितनी पूर्ण हो गयी हैं। तथा धनराशि के अभाव में कितनी परियोजनाएं अपूर्ण हैं, इसकी जानकारी ली। प्लंबर और फिटर की ट्रेनिंग की जानकारी ली। हर जगह पर वाटर लेवल, पानी की गुणवत्ता की जानकारी लेकर टेस्टिंग रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कितना ग्राउंड वाटर कृषि में उपयोग किया जा रहा है भूजल स्रोत कितना है कितने जल की आवश्यकता है तथा कितना रिचार्ज हो रहा है। ब्लॉक वाइज जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मध्य गंगा नहर निर्माण परियोजना चरण -2 की स्वीकृति के संबंध में अधीक्षण अभियंता अलीगढ़ बिजनौर संभल मेरठ रुड़की की जानकारी ली। पीपीटी के माध्यम से कराये जा रहे कार्यों की भौतिक और वित्तीय प्रगति की जानकारी लेकर लक्ष्य के सापेक्ष ध्यान रखकर परियोजनाओं को समय से पूरा करने को कहा। कहा कि जो भी छोटे-छोटे कार्य हैं उनको पूरा कराएं। कैच द रेन के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी अवर अभियंता लघु सिंचाई से लेकर कम्युनिटी मोबीलाइजेशन में किए जा रंहे कार्यों संबंधी तीन माह की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कहा कि कोई भी काम करें लॉन्ग टर्म के लिए करें। पांच साल तक की कार्य योजना बनाकर कार्य करें और उसके अनुसार सही दिशा में धनराशि प्रयोग करें।

डीएम निधि गुप्ता वत्स, निदेशक सीडब्लूसी गोबर्धन प्रसाद, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, पीडीडीआरडीए अमरेन्द्र प्रताप, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधीक्षण अभियंता मध्य गंगा नहर निर्माण खंड -2 आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने निकाली जय हिंद यात्रा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



जय हिंद यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** कांग्रेसियों ने सेना के सम्मान में जय हिंद यात्रा निकाली और विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है, मोदी सरकार बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है।

मंगलवार को जय हिंद यात्रा का शुभारंभ महाराणा प्रताप चौक से किया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार अपने हिसाब से अपना संविधान बनाना चाहती हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी सामाजिक न्याय और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हीं के संघर्षों का परिणाम है कि मोदी सरकार संविधान से छेड़छाड़ नहीं कर पा रही है। पूरी कांग्रेस पार्टी पूरा देश भारत की सेना के साथ मजबूती से खड़ा है।

● **मोदी सरकार बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है: ओमकार कटारिया**

संचालन आसिम हुसैन साबरी और जयपाल सिंह जाटव ने किया। आसिम हुसैन साबरी, चौधरी सुखराज सिंह, तारीख मोहम्मद खान, मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी, डॉ मेराज हुसैन, विनोद कुमार सक्सेना, ख्यालीराम राणा, अनवर हुसैन, मयंक कुमार गुर्जर, मोहम्मद इमरान, मेराजुल जफर अली, इमाम रिजवी, मानव त्यागी, वाहिद अली सैफी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज बुखार से किशोर की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार:** भीषणगर्मी में बीमारियां जानलेवा होती जा रही हैं।


मृतक राजकुमार।

बुखार से पीड़ित किशोर की उपचार को ले जाते समय मौत हो गई।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बीझलपुर निवासी प्रेमपाल सिंह का 16 वर्षीय बेटा राजकुमार उर्फ़ नितिन रविवार से बुखार से पीड़ित था। जिसका गांव के ही एक प्राइवेट चिकित्सक के पास इलाज चल रहा था। सोमवार की दोपहर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसे गंभीर हालत में परिजनों ने उसे हसनपुर नगर के एक निजी अस्पताल में पहुंचा। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख मेरठ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेरठ ले जा रहे थे। जहां रास्ते में मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया।

# बिजली समस्या को लेकर धरना, एसडीओ का घेराव


किसानों के धरने को संबोधित करतीं सीता आर्य। ● अमृत विचार

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मंगलवार नारेबाजी करते हुए अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर पहुंच गये। कार्यकर्ताओं ने धरना देना शुरू कर दिया। एसडीओ का भाकियू कार्यकर्ताओं ने घेराव कर लिया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि लो वोल्टेज से निजात मिले। हसनपुर बिजली घर से झकड़ी तक जर्जर तारों को बदला जाए। अहरौला अहमद यार खां में बिजली घर जल्द बनवाया जाए। भाकियू ने चेतावनी दी कि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वह 12 जून को गजरौला हसनपुर मार्ग को जाम करेंगे। महावीर सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, महिपाल सिंह, सीता देवी, बृजपाल सिंह, महेश पहलवान, आलोक कुमार, शीशपाल सिंह, महेश, विजय पाल सिंह आदि मौजूद थे।

# घर से निकले युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

संवाददाता हसनपुर

● **परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, पुलिस कर रही जांच**


मृतक अशोक।

**अमृत विचार:** गंगा बांध से 100 मीटर की दूरी पर एक खेत में पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे युवक का शव लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सुल्तानठेर निवासी 30 वर्षीय अशोक पुत्र नानक चंद का मंगलवार को गांव दियावली खालसा और धौरिया के बीच स्थित गंगा बांध से 100 मीटर की दूरी पर धोरिया निवासी उमेश के खेत में पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे शव लटका मिला। ग्राम प्रधान समेत दर्जनों ग्रामीण पहुंच गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक की पहचान हुई। इसके बाद रोते-बिलखते परिजन पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि अशोक बीटेक का छात्र था। एक महीने पहले वह काशीपुर स्थित एक कंपनी में काम कर घर लौटा था। सोमवार की सुबह 11 बजे से वह मोबाइल लेकर कहीं चला गया था तभी से उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा था। मृतक 6 बहन भाइयों में पांचवें नंबर का था। पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन हत्या की आशंका जाता रहे हैं। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# तेज धूप और गर्मी ने लोगों का किया बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


गर्मी में सिर पर दुपट्टा डालकर निकलीं युवतियां। ● अमृत विचार


धूप से बचने को छाता ही सहारा।

● **दोपहर में सड़कों पर पसर जाता है सन्नाटा, सुबह-शाम की रौनक**

● **पारा 45 डिग्री, सूरज की आग से झुलसने लगा है शरीर, अभी राहत की उम्मीद नहीं**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के साथ लू के थपेड़ों ने लोगों का बुरा हाल कर दिया। सूरज आग उगल रहा है। लू के थपेड़ों के कारण बदन झुलस रहा है। मंगलवार को सूरज की तेज तपिश और भीषण गर्मी अधिक होने के कारण पंखे भी गर्म हवा दे रहे। लोग घरों से नहीं निकल पा रहे। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री रहा।

गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सूरज की तपिश और लू से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। गर्मी अधिक होने के कारण पंखे की हवा में भी पसीना नहीं सूख रहा है। दोपहर में लोगों की आवाजाही कम हो रही है। नगर के बाजारों में भी लोग सुबह और शाम को ही खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। आसमान से बरसती आग के कारण मार्ग पर सन्नाटा पसरा रहता है। लोग घरों से निकलते भी हैं तो ठंडे पेय पीकर गर्मी से राहत का प्रयास करते हैं। मंगलवार को तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री रहा। गर्मी अब लोगों को परेशान करने लगी है। दोपहर में चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों से जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है।

मंगलवार को शहर के टीपी नगर चौराहा, आजाद रोड, बिजनौर रोड पर बहुत कम लोग दिखाई दिए। दोपहर में जो लोग घर से बाहर निकले तो मुंह पर कपड़ा ढ़का हुआ था। रोडवेज बस स्टैंड पर भी सन्नाटा पसरा था। दुकानदार दोपहर के समय हाथ पर हाथ धरे बैठे कूलर के सामने बैठे नजर आए। दोपहर को तो कूलर और पंखे भी गर्म हवा फेंकने लगे। बच्चे व बड़े गर्मी से निजात पाने के लिए ट्यूबवेल और गंगा नदी में नहाते दिखाई दिए। एक तो भीषण गर्मी ऊपर से बिजली की आंख-मिचौली से भी लोगों का बुरा हाल है। मौसम विभाग के अनुसार अभी गर्मी और सताएगी। बारिश के लिए इंतजार करना होगा।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप में छात्र-छात्राओं को दिए उपहार



**हसनपुर, अमृत विचार:** मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र स्थित कम्पोजिट स्कूल चन्दनपुर खादर में समर कैंप का समापन किया गया। छात्र छात्राओं को शैक्षिक किट देकर सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने बताया कि ब्लॉक में 22 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक मानसिक विकास करना है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि छात्र छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बहुत कुछ सीखा। सहायक विकास अधिकारी पंचायत नितिन जैन, पंचायत सचिव मोनू सिंह, राजेश कुमार, एआरपी महीपाल सिंह, वरिष्ठ संकुल शिक्षक प्रमोद कुमार, मनोज कुमार शर्मा, जयपाल सिंह, राहुल सागर, नाजिर अली, सतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### व्यापारी नेता ने किया शरबत का वितरण



**हसनपुर, अमृत विचार:** भीषण गर्मी में रहागीरो को राहत देने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कोतवाली के पास शरबत का वितरण किया। व्यापारी नेता व उनके छोटे भाई द्वारा राहगीरों को रोक-रोक कर शरबत पिलाया गया। भीषण गर्मी में शरबत पी कर लोगों ने राहत की सांस ली।

### महिला अग्रवाल समाज ने पिलाया शरबत



**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** मंगलवार को शहर के पुराना स्टेट बैंक चौराहा पर ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी को देखते हुए महिला अग्रवाल समाज द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संरक्षक कुसुम अग्रवाल ने बताया कि महिला अग्रवाल समाज केवल सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अध्यक्षा श्रृद्धा अग्रवाल ने कहा कि महिला अग्रवाल समाज का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना ही नहीं, बल्कि समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाना भी है। सुधा बंसल, राधा सिंघल, शशि अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, ममता सिंघल आदि रहे।

### समर कैंप में बांटे मेडल और प्रशस्ति पत्र

**बुरावली, अमृत विचार:** बुरावली क्षेत्र के गांव बसका कला में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज बसका कला में समर कैंप के समापन पर बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य विकास कुमार ने बताया कि कैंप में उपस्थित 115 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं तीन प्रथम आए उत्कृष्ट गतिविधियों वाले एवं खेलकूद में विजेता छात्र-छात्राओं को शील्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर रजिया द्वितीय स्थान पर महक तृतीय स्थान पर उस्मान को सेट मेडल देकर सम्मानित किया गया। शशि बाला, अमित कुमार, जयपाल, प्रधानाचार्य विकास कुमार, प्रधान पति कारी जुनेद आलम आदि लोग मौजूद रहे।

### अस्पताल ले जाते समय महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**हसनपुर, अमृत विचार:** घर से अस्पताल जाते समय एक महिला में एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दे दिया। आशा की मदद से ईएमटी ने सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा-बच्चा को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। एंबुलेंस पर तैनात ईएमटी तोसपाल ने बताया कि गांव शीतल सराय निवासी आशा क्रांति देवी ने सोमवार की देर रात करीब एक बजे 108 पर कॉल कर बताया कि प्रसव के लिए महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराना है। रामनिवास की गर्भवती पत्नी जगवती को आशा की मदद से एंबुलेंस से लेकर ढबारसी आ रहे थे। रास्ते में जगवती को प्रसव पीड़ा होने लगी। ईएमटी ने आशा की मदद से जगवती का सुरक्षित प्रसव कराया। जगवती ने बेटे को जन्म दिया। इसके बाद जच्चा बच्चा को ढबारसी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार:** घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती छह जून को अपने घर अकेली थी। आरोप है कि इस दौरान उसकी का पड़ोसी युवक ने युवती के घर में घुसकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए छेड़छाड़ की। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत



**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** एससी एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन व महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने मंगलवार को पदाधिकारियों संग ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पहुंचकर पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार का स्थानांतरण हसनपुर होने पर उनको विदाई दी। जबकि नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द का स्वागत किया। जिला महामंत्री पवन कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह, मदनपाल सिंह, आनंद कुमार, मनोज कुमार, प्रेम सिंह, राहुल कुमार, गिरिराज सिंह, नीरज कुमार, सत्यप्रकाश गौतम, जिला मीडिया प्रभारी प्रीति शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मनीषा सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सोनल गुप्ता सहित आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### नगर विकास मंत्री से मिलीं पालिकाध्यक्ष शशि जैन



**अमरोहा, अमृत विचार:** नगर पालिका की अध्यक्षा शशि जैन ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से लखनऊ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर में जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए विकास कार्य को पूरा करने सहित बिजली आपूर्ति सही करने की मांग की। भाजपा नेता अखिलेश जैन ने बताया कि शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए कांठ रोड से बान नदी की ओर जाने वाले नाला निर्माण कार्य को पूरा करने, सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण सहित रायपुर कला में प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार विभिन्न पार्कों का निर्माण सहित पेयजल आपूर्ति वप्रकाश व्यवस्था को लेकर नगर विकास मंत्री से मांग की गई है।

## एक नजर

### युवक ने किया मां-बेटी पर बाइक चढ़ाने का प्रयास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव पहलादपुर निवासी सरोज पत्नी राजवीर ने थाने में दी तहरीर में कहा कि 8 जून की रात वह अपनी पुत्री के साथ शौच करने गई थी। वापस लौटते समय गांव के युवक ने मां–बेटी पर बाइक चढ़ाने का प्रयास किया। इसके बाद 9 जून को उसका पति घर के बाहर चारपाई पर लेटा था। तभी उक्त युवक बाइक लेकर आया और चारपाई पर टक्कर मार दी जिससे चारपाई टूट गई। जाते समय युवक धमकी देकर चला गया। युवक से खतरा बताते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### कंपोजिट स्कूल ढयोटी में समर कैंप का समापन

**मंडी धनौरा , अमृत विचार :** विकास खंड के गांव ढयोटी के कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द द्वारा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक यशवंत त्यागी, सुमित यादव, सुनील भाटी, कौशल देवी, विजयपाल सिंह सहित बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

### गालियां देने के विरोध पर मारपीट, चार घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव जालब सराय में मंगलवार को सुबह कुछ बच्चे ट्यूबवेल पर नहा रहे थे। वहां कुछ लोग गालियां देने लगे। जिसका विरोध करने पर लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। गांव से भी लोगों को बुला लिया गया। मारपीट में फैसल, मोहम्मद अली, नगीना और नदीम जहां घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

# गर्मी में जकड़ रहा बुखार और डायरिया

## तप रहा सूरजः बुखार, उल्टी-दस्त के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे जिला अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, संभल



जिला अस्पताल की ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में संक्रामक रोगों ने पैर पसारने शुरू किए हैं। बुखार और डायरिया के मरीजों में इजाफा हो रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि इन रोगों से बचाव के लिए सतर्क रहने की जरूरत है। सबसे ज्यादा खानपान को लेकर सावधानी बरतनी है।

संभल में पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी का माहौल बना है। ऐसे में बुखार और उल्टी दस्त के मरीज भी बढ़ने लगे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ी। मरीजों में सबसे ज्यादा बुखार और डायरिया के मरीज रहे। डॉक्टरों ने मरीजों का इलाज शुरू किया और बचाव के लिए सलाह भी दी। आलम यह रहा कि ओपीडी के समय तक मरीजों की कतार लगी गई। डॉक्टरों को भी फुर्सत नहीं मिली। जिला अस्पताल में 860 मरीज पहुंचे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी ऐसा ही माहौल नजर आया। बताते चलें कि भीषण गर्मी में लोगों को बुखार और डायरिया तेजी से

**● डॉक्टर लोगों को सावधानी की दे रहे सलाह**

जकड़ रहा है। सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ पहुंच रही है। डॉक्टरों की सलाह है कि खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाए।



.भीषण गर्मी में बुखार और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बासी खाना खाने के कारण यह समस्या हो रही है। घर से बाहर निकलने पर सिर पर कपड़ा होना चाहिए। पानी का खूब सेवन करना चाहिए। कटे, गले फल नहीं खाने हैं। **-डॉ.चमन प्रकाश**



इस समय डायरिया के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। डायरिया से बचाव के लिए भोजन को ढककर रखा जाए। ताजा भोजन व पानी का सेवन किया जाए। गंदगी नहीं होना चाहिए। सतर्कता बरत कर डायरिया से बचाव किया जा सकता है। **-डॉ.रामलाल यादव**

## कलेक्ट्रेट के बाहर से हटाए जाएंगे अधिवक्ताओं के चैंबर

**बहजोई, अमृत विचारः** अतिक्रमण अभियान के तहत कलेक्ट्रेट के बाहर अधिवक्ताओं द्वारा बनाए गए चैंबर को हटाने को लेकर कवायद शुरु हुई है। डीएम ने अधिवक्ताओं से वार्ता कर चैंबर को हटाने निर्देश दिए।

डीएम राजेंद्र पैंसिया, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट व एसडीएम चंदौसी विनय कुमार मिश्रा के साथ कलेक्ट्रेट के बाहर पहुंचे जहां पर अधिवक्ताओं द्वारा अपने चेंबर बनाए गए हैं। डीएम ने अधिवक्ताओं से वार्ता करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क किनारे चैंबर बना रखी है इन्हें हटाया जाए। यह अतिक्रमण है। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक कलेक्ट्रेट यहां चल रहा है तब तक तो चैंबर यहीं रहने चाहिए। जिस पर डीएम ने कहा कि सड़क किनारे चैंबर कैसे बना सकते हैं। स्थाई मुख्यालय के निकट अपने चैंबर बनाएं।

## पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग



ब्राह्मण शक्ति संघ की बैठक में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

**संभल,अमृत विचार :** ब्राह्मण शक्ति संघ की जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा के आवास पर बैठक में कौशाम्बी जिले में पुलिस द्वारा किए गए बर्बरता पूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा की गई। सीबीआई जांच कराने और दोषी पुलिस कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी किए जाने की मांग की गई।

बनवारी लाल पाठक ने कहा कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए संगठित होना जरूरी है। प्रदेशाध्यक्ष विवेक मिश्रा, महामंत्री राज कुमार शर्मा ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। मुकेश गौड़, विवेक शर्मा, मुकेश शर्मा, सतीश शर्मा, गौरव शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, अभिनंदन शर्मा, विशाल पाठक, शैलेश उपाध्याय आदि रहे।

## छुट्टा गोवंश के उत्पात से परेशान हैं किसान

संवाददाता, संभल/कैला देवी

**अमृत विचार :** संभल जिले के कैला देवी थाना क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशुओं की वजह से न सिर्फ किसान परेशान हैं बल्कि यह बच्चों और ग्रामीणों पर भी हमलावर हो रहे हैं। फिर भी प्रशासन की ओर से इन पशुओं को संरक्षित नहीं किया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के शकरपुर गांव में शनिवार को ही छुट्टा गोवंश पशु ने हमला करते हुए दो बच्चों को दौड़ा लिया था। बच्चे घायल हो गए थे। वहीं ग्रामीणों को भी छुट्टा गोवंश पशु ने दौड़ाया था। इस गांव के अलावा शकरपुर, गौंहत, तारनपुर तथा चाचू नागल में भी छुट्टा गोवंश पशु बड़ी संख्या में नजर आ रहे हैं। यह पशु खेतों में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिस कारण किसान दिन और रात खेतों पर ही गुजारने के लिए मजबूर हैं। वहीं शकरपुर गांव में हाईवे पर दर्जनों की संख्या में छुट्टा गोवंश पशु नजर आ रहे हैं। जिस कारण हाईवे पर हादसा होने का अंदेशा रहता है। वाहन सवारों को रात के वक्त ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि छुट्टा गोवंश पशु हाईवे पर ही बैठ जाते हैं।



संभल के भूड़ इलाके में विचरते गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

**● फसलों को पहुंचा रहे नुकसान खेतों पर रात काट रहे किसान**

## तप रहा सूरज, गर्मी कर रही बेहाल

कार्यालय संवाददाता, संभल




संभल में शरबत बांटते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी ने बेहाल कर दिया। पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो लोग बेहाल हो गए। पांच मिनट में ही गला सूखने के हालात बने। कई जगहों पर लोगों को शीतल शरबत बांटकर राहत दी गई।

मंगलवार को सुबह से ही भीषण गर्मी रहने की वजह से लोग पसीने में तरबतर नजर आए। ऐसा लगा कि आसमान से आग बरस रही है। एक मिनट के लिए भी माथे से पसीना नहीं रुका तो पांच मिनट में ही गला सूखता रहा। लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया। दोपहर में लोग घरों में कैद हो गए तो बाजारों में सन्नाटे का माहौल बना। इस बीच पुरानी तहसील पर लोगों को ठंडा शरबत बांटा गया। सपा नेता सईद अख्तर इसराईली ने भी शरबत वितरण किया। जाहिद हुसैन, जुनैद अंसारी, अनवर सईद, मौलाना अनस, वसीम, फैज, मोहम्मद अफसर, शमीम आदि रहे।

**● संभल में 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, एक मिनट भी नहीं रुका पसीना**

## डंफर की चपेट में आकर बच्ची की मौत

**नजीबाबाद, अमृत विचारः** डंफर की चपेट में आकर बच्ची की मौत हो गई । चालक मौके से डंफर छोड़कर फरार हो गया। मंगलवार की शाम सहदेव, पत्नी अर्चना देवी और उनके साले राहुल हरिद्वार से गंगा स्नान करके आते हुए नजीबाबाद उतर गए। दरियापुर ब्लडबैंक के समीप सहदेव पांच साल की दिग्याशा को गोद में लेकर खड़े थे तथा सयालीपुर कोटला जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। तभी तीव्र गति से आ रहे डंफर ने सहदेव के टक्कर मार दी। जिससे बच्ची गोद से गिरकर ट्रक के नीचे आ गई और मौके पर ही मौत हो गई।। चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया ।

## चरस तस्करी के दो मामलों में दोषी को 10-10 साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** लगभग 15 साल पुराने मामले में स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट सुरेंद्र पाल सिंह ने एक आरोपी को दोषी पाते हुए दो अलग-अलग मामलों में 10-10 साल की सजा सुनाते हुए एक-एक लाख रुपये का जुर्माना डाला है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को एक-एक साल का अतिरिक्त कठोर कारावास भोगना होगा। विशेष लोक अभियोजक अतुल कुमार सिंह के अनुसार संभल की कोतवाली गुन्नौर में तैनात उपनिरीक्षक राजवीर सिंह ने दो सितंबर 2010 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मुखबि ने सूचना दी की एक टाटा 407 और बोलेरो खड़ी है। टाटा गाड़ी से बोलेरो में शराब उतारी जाएगी। लोगों के पास और भी संदिग्ध सामान मिल सकता है। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो बोलेरो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। टाटा 407 को रोककर तलाशी लेने पर एक किलो चरस बरामद हुई। गाड़ी में मथुरा के थाना मुगर्रा क्षेत्र के गांव सौरभ, जिला महामाया नगर क्षेत्र के थाना हाथरस क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला तमनागढ़ी निवासी दिलीप को पकड़ा। स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट सुरेंद्र पाल सिंह ने विशेष लोक अभियोजक अतुल कुमार सिंह व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद अवैध चरस रखने के आरोप में अभियुक्त सौरभ को सजा सुनाई गई है।

## सार-संक्षेप

### रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पिलाया ठंडा पानी




**बिजनौर, अमृत विचार :** जब सूरज आसमान से आग बरसा रहा हो, गर्म हवा सांसों को तकलीफ दे रही हो, तब कोई अजनबी अगर ठंडा पानी थमा दे तो वो सिर्फ राहत नहीं, मानवता का संदेश होता है। मंगलवार सुबह प्रेस क्लब स्योहारा ने भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पर मुसाफिरों के लिए शीतल जल पिलाया। क्लब के संरक्षक डॉ. मनोज कुमार वर्मा, कांता प्रसाद पुष्पक, अध्यक्ष शारिक ज़ैदी, महामंत्री नजम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आलम, मुहम्मद दिलशाद, इमरान मंसूरी, सर्वेंद्र रस्तोगी, मोहित रस्तोगी, दानिश वारसी, प्रशांत रस्तोगी, फहीम खान, नैपाल सिंह ,ताबिश सिद्दीकी और सलीम कुरैशी ने जल सेवा की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच समर कैंप का समापन

**बहजोई, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन में समर कैंप का समापन समारोह धूमधाम के साथ हुआ। छात्र–छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से योग से निरोग रहने का संदेश दिया। समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य सीपी सिंह, लहरावन ग्राम प्रधान अजीत सिंह व गांव पुरा के प्रधान तेजवीर सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक से योग से निरोग रहने का संदेश दिया तो वहीं फिल्मी गीतों पर नृत्य किया। शिक्षक गोपाल बाबू वार्ष्णेय ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने समर कैंप में जो भी कुछ सीखा है उसे आत्मसात करते हुए अपने जीवन तथा भविष्य को बनाने का काम करेंगे। इस दौरान राकेश कुमार, कनका, राजीव सिंह राणा आदि ने सहयोग किया।

### कलेक्ट्रेट में मां अन्नपूर्णा प्रेरणा कैंटीन आरंभ



**बहजोई, अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की दीदियों आर्थिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अन्नपूर्णा प्रेरणा कैंटीन का आरंभ डीएम ने किया। डीएम ने कहा कि कैंटीन के में शुद्ध भोजन मिले तथा प्लास्टिक का प्रयोग न हो। कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को सस्ती दरो पर शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक भोजन प्रदान किया जाए। एडीएम प्रदीप वर्मा, उपायुक्त ज्ञान सिंह, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग रामगोपाल बंसल, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### हादसे में घायल युवक की दिल्ली में मौत

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में दो दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए युवक की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक के भाई ने टेंपो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के महावली मोहद्दीनपुर गांव निवासी सहरूद्दीन (21 वर्ष) पुत्र मंजूर अली क्षेत्र के गांव बैरपुर महराजी में बस स्टैंड पर लोहे की किबाड़ में बैल्डिंग का काम किया करता था। वह 8 जून को सड़क किनारे खड़े होकर काम कर रहा था तो जुनावई तरफ से तेज गति से आए टेंपो ने टक्कर मार दी थी। घायल सहरुद्दीन को जुनावई सीएचसी के बाद अलीगढ़ निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर दिल्ली रेफर किया गया। दिल्ली में सोमवार को सहरुद्दीन की मौत हो गई। युवक के भाई ने दतलाना पुख्ता सोरों कासगंज के टेंपो चालक सुबोध कुमार के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### भूमि अधिग्रहण को लेकर डीएम ने किसानों से किया संवाद

**बहजोई, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग संभल की हिंदुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेस पार्क के लिए असलतपुर जाराई से बनिया खेड़ा तक फोर लाइन हाईवे की भूमि अधिग्रहण करने को लेकर डीएम ने किसानों से वार्ता की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि भूमि अधिग्रहण करते समय नियम अनुसार अधिग्रहण का कार्य किया जाए। अधिग्रहण के समय किसी भी किसान को समस्या का सामना नहीं करना पड़े। किसी भी किसान का अहित न हो इस बात का विशेष ख्याल रखा जाए। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम चंदौसी विनय कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, उद्योग बंधु फुल प्रकाश, रामेश्वर दयाल शर्मा, अमर सिंह, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### घर में पेड़ पर फंदे से लटका मिला दिव्यांग का शव

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में दिव्यांग का शव घर में ही पेड़ पर फंदे से लटका मिला। भाई ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के दुबारी खुर्द गांव में दिव्यांग योगेंद्र उर्फ धनीराम (24 वर्ष) पुत्र वीरसैन का शव मंगलवार को सुबह उसके घर में नीम के पेड़ के सहारे फंदे से लटका मिला। जब सुबह पांच बजे परिवार के राकेश कुमार पशुओं को चारा डालने गए तो शव नजर आया। जिसके बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। राकेश कुमार ने घटना की जानकारी योगेंद्र के बड़े भाई भारत सिंह को दी। भारत सिंह भी गुरुग्राम के दुबारी खुर्द से मौके पर पहुंच गया। परिजनों ने शव को नीचे उतारा। भाई ने हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फर्म संचालक को ब्लैकमेल कर रहे थे कर अधीक्षक व अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**● सीबीआई ने सोमवार रात एक लाख रिश्वत लेते पकड़ा था**

**अमृत विचार :** सीबीआई की टीम ने सीजीएसटी के अधीक्षक और एक वकील को एक लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। उनकी शिकायत अमरोहा के आवास विकास द्वितीय कॉलोनी के निवासी कारोबारी गौरव सिरोही ने की थी। आरोप था कि जीएसटी कार्यालय से मिले नोटिस को खत्म कराने की एवज में उनका मानसिक उत्पीड़न के साथ ब्लैकमेल किया जा रहा था। अंत मे उनसे 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई। बाद में 4 लाख रुपये में सौदा हुआ। इसके बाद एक लाख रुपये की रिश्वत लेते अधिकारी रंगेहाथ पकड़े गए।

अमरोहा नगर की आवास विकास कॉलोनी द्वितीय में गौरव सिरोही की एमएम डेवेलोपेर्स एंड कंस्ट्रक्शन के नाम से फर्म है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में वह फर्म की जीएसटी जमा नहीं कर पाए। जबकि वह रिटर्न लगातार भर रहे थे। आरोप है कि कोरोना पीरियड से लेकर अब तक वह जीएसटी जमा नहीं कर पाए। उन्होंने अपने अधिवक्ता अमित खंडेलवाल को पूरी बात बताई। अधिवक्ता ने कर अधीक्षक निशान सिंह से सही जान पहचान की बात बताई। बाद में उन्हें जीएसटी कार्यालय से नोटिस मिला। नोटिस खत्म कराने के लिए अधिवक्ता व कर अधीक्षक निशान सिंह ने उनसे रिश्वत मांगी। उत्पीड़न से परेशान होकर सीबीआई की गाजियाबाद यूनिट से इसकी शिकायत की थी। सोमवार को सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया। कारोबारी रुपये लेकर अमरोहा के आवास विकास कॉलोनी स्थित सीजीएसटी के कार्यालय पर पहुंचे। वहां अधीक्षक निशान सिंह माली और अधिवक्ता अमित खंडेलवाल मौजूद थे। कारोबारी ने जैसे ही एक लाख रुपये की रिश्वत सौंपी तभी सीबीआई की टीम ने दोनों को दबोच लिया। सीबीआई की टीम ने कार्यालय की तलाशी लेने के बाद उसे सील कर दिया है।

B.I.U. Admission Open Session 2025-26 BIUCOP
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय व जिला स्तरीय कार्यालय खोलने का प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की व्यापक योजना शासन को भेजी गई है। मंडल मुख्यालयों पर क्षेत्रीय व जिला मुख्यालयों पर कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है। इससे उद्योगों को एनओसी के साथ प्रदूषण नियंत्रण को लेकर मॉनिटरिंग और सुधार कार्य में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतिकरण के बाद इसे लागू किया जाएगा। साथ ही, वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आवेदनों की शुल्क संरचना में भी बदलाव किया जाएगा। आईटी और एआई टेक्नालॉजी युक्त एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते माह बोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान संसाधन और कायार्लय बढ़ाने के साथ पारदर्शी व त्वरित कार्य प्रणाली बनाने की हिदायत दी थी, जिसके क्रम में प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा गया है। इसके अनुसार प्रदेश सभी मंडल मुख्यालयों और प्रमुख औद्योगिक जिलों में यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, शेष जिलों में जिला-स्तरीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी और प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा सके।

### शक्ति भवन में 14 जून को होगी पेंशन अदालत

**अमृत विचार लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में त्रैमासिक पेंशन अदालत 14 जून को होगी। पेंशन अदालत में पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। मार्च, जून, सितंबर व दिसम्बर में आयोजित होने वाली पेंशन अदालतें सभी वितरण निगमों में भी आयोजित होगी।

### सार्थक भूमिका निभाए निर्वाचन आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में कोई कमी न रहने देने की अपील की है।



इस क्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में बेईमानी करती है। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष चुनाव कराने की होती है। निर्वाचन आयोग को ईमानदारी से अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए मंगलवार को अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अपराध चरम पर है। अपराधी खुलेआम घटनाएं कर रहे है। दिन दहाड़े हत्यायें हो रही है। अपराधियों को सरकार का संरक्षण है।

# बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीसीसी हब के रूप में उभर रहे नोएडा-ग्रेटर नोएडा, टियर-दो व टियर-तीन शहर भी पकड़ रहे गति
- यूपी में जीसीसी निवेश को बढ़ावा देने को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की कॉन्क्लेव की शुरुआत

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश अब कार्यालय और औद्योगिक सेटअप के लिए शीर्ष विकल्पों में शामिल है। प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहनों और सहायक कारोबारी माहौल के कारण ऐसा है। बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना है, जो विकास को विकेंद्रित कर क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देगी। इतना ही नहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा जीसीसी हब के रूप में उभर रहे हैं, जबकि टियर-दो और टियर-तीन शहर भी गति पकड़ रहे हैं। बुंदेलखंड में झांसी को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसे एक बड़े भूमि बैंक का समर्थन प्राप्त है।

राज्य की प्रगति से से जुड़े इन्हीं बिन्दुओं के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी द्वारा ताज होटल, लखनऊ में आयोजित एक कॉन्क्लेव की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश में जीसीसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हुए इस आयोजन में शीर्ष प्रौद्योगिकी उद्योग के नेता (लीडर्स), वैश्विक निवेशक, नीति निर्माता और बहुराष्ट्रीय निगम शामिल हुए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के जीसीसी पावरहाउस के रूप में उभरने पर चर्चा की।

### बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में होंगे इसी तरह के आयोजन

कॉन्क्लेव में भविष्य के जीसीसी कॉन्क्लेव के लिए एक रोडमैप और कार्य योजना पर भी चर्चा हुई, जिसमें बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद में इसी तरह के आयोजन की योजना बनाई गई। इसके अतिरिक्त, वैश्विक शहरों में निवेश आकर्षित करने के लिए अमेरिका और यूरोप के अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंकों के साथ रोडशो आयोजित किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में पैनल चर्चाएं और निवेशक संवाद शामिल थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश की नवाचार, कारोबारी उत्कृष्टता और जीसीसी में वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### 20 कंपनियों ने भाग लिया, निवेश का बनाया मन

लगभग 20 कंपनियों ने इस आयोजन में भाग लिया, जिनमें एसआरके गेमचेंजर्स, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, स्व-इंडिया, टेक्यॉन नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड, टीसीएस, ट्राइडेंट, यूएसइनफाउंडेशन, वेलोसिस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, डेलॉइट, यूएस इंडिया, एचसीएल, माइक्रोसॉफ्ट, अम्हेक, सेटी, वेंचर लिफ्ट, इवानी, हाई-टेक मेडिक्स, ईवी बूथ, पॉजिट्रोई, केएनपी, बायोजेंटा, जेबीजेएम ग्रुप और जेनरोबोटिक्स शामिल थे। इस आयोजन में प्रबंध निदेशक यूपीडेस्को नेहा जैन, संबंधित विभागों व इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारीगण, असोचम, क्रेडाई, एचसीएल के प्रतिनिधि तथा प्रमुख गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

कॉन्क्लेव की शुरुआत करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के गतिशील आर्थिक परिवर्तन को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में रेखांकित किया। मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए उन्होंने राज्य की निवेशक-अनुकूल नीतियों, आधुनिक बुनियादी ढांचे और अत्यधिक सक्रिय शासन को श्रेय दिया।

इस दौरान प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने कहा कि ''विकसित भारत'' बिना ''विकसित राज्य'' के संभव नहीं है। उन्होंने यूपी के व्यापक बुनियादी ढांचे, कारोबार की सुगमता और कुशल कार्यबल को रेखांकित किया, जो जीसीसी निवेश के लिए पूर्ण सरकारी समर्थन सुनिश्चित करता है। प्रमुख सचिव आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव ने यूपी की प्रगतिशील नीतियों और विस्तारित डिजिटल बुनियादी ढांचे पर जोर दिया, जिससे आईटी, आईटीईएस और बीपीएम में व्यापक निवेश के अवसर सामने आए।

प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद ने मजबूत बुनियादी ढांचे को जीसीसी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन्वेस्ट यूपी और उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार ने निवेशकों को लखनऊ एक्सप्लोर के लिए आमंत्रित किया, जहां वाणिज्यिक स्थान परिवर्तन और आईटी सिटी विस्तार की प्रवृत्ति बढ़ रही है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के वरुण रमनन ने हैदराबाद से नोएडा तक कंपनी के विस्तार की चर्चा की और मंजूरी, भूमि आवंटन और सब्सिडी में यूपी के सहज समर्थन की सराहना की।

## उप्र में बिजली की अधिकतम मांग ने बनाया नया रिकॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में इस साल बिजली की अधिकतम मांग ने नया रिकार्ड बनाया। पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए अधिकतम मांग 31,104 मेगावाट दर्ज की गई। अन्य राज्यों की तुलना में प्रदेश में ज्यादा मांग दर्ज हो रही है।

साथ ही, आगे मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार हैं। इस बीच, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में अगर मांग और बढ़ेगी उसे सकुशल पूरा किया जाएगा। पिछले वर्ष बिजली की सर्वाधिक मांग 30,618 मेगावाट तक पहुंची थी। प्रदेश में 6 जून को 28,581 मेगावाट, 7 जून को 29,502 मेगावाट व 8 जून को 30,161 मेगावाट मांग दर्ज की गई।

# पंच प्रण, 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा - शासन की नीति अब स्पष्ट, पारदर्शी और जनता के प्रति जवाबदेह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के काम गिनाते हुए कहा कि मोदी के पंच प्रण और 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला है। शासन की नीति अब स्पष्टता, पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और डिजिटल इंडिया बना गवर्नेंस का नया मॉडल बना है।

योगी ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के जनमानस को प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का जो मंत्र दिया, इसके लिए उन्होंने पंच प्रण और 11 संकल्प प्रत्येक भारतवासी को याद कराए थे। यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं।

योगी ने कहा कि जो 11 संकल्प मोदी ने प्रत्येक भारतवासी के लिए सुनिश्चित किए हैं उनमें कर्तव्य का पालन, एक समावेशी विकास, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, समाज के प्रत्येक तबके को ध्यान में रखकर गरीब कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी कार्यक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट का जो मॉडल है यह सभी उसके हिस्से हैं। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए डीबीटी के माध्यम से जो कार्य पिछले 11 वर्ष के अंदर देखने को मिले हैं स्वतंत्र भारत के 65 वर्षों में इस प्रकार का मॉडल कभी भी देखने को नहीं मिला था। कानून का सम्मान, वंशवाद की राजनीति का अंत, इतिहास की उन गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं होने देना है जिनके कारण देश गुलाम हुआ था। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, डिजिटल इंडिया के माध्यम से मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का एक मॉडल भी भारतवासियों को देखने को मिला है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस भी भारत में 140 करोड़ भारतवासियों ने देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्ष के कार्यकाल पूरे करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर केंद्र सरकार ककी 11 वर्षों में चलाई गई योजनाओं और उनकी प्रगति की जानकारी ली। चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 2027 में भारत बनेगा दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था

सीएम योगी ने कहा कि 1947 से लेकर के 2014 तक भारत दुनिया की केवल 11वीं अर्थव्यवस्था था और वह अर्थव्यवस्था भी अस्थिर थी। पिछले 11 वर्ष में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत ने उस ब्रिटेन को पछाड़ा था जिसने लगभग 200 वर्षों तक यहां शासन किया था। हाल ही में जापान की अर्थव्यवस्था को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। भारत दुनिया का पहला देश जहां प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 79 हजार से तीन गुना बढ़कर अब लगभग ढाई लाख हो गई है। 2027 में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### पहली बार गरीब बना योजना का हिस्सा

योगी ने कहा मोदी सरकार में पहली बार गरीब और किसान सरकार के एजेंडे और शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है। अब योजनाएं किसी तुष्टिकरण का शिकार नहीं होतीं, बल्कि बिना भेदभाव समाज के प्रत्येक तबके को उसकी संतुष्टीकरण का आधार देने वाली होती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, हर घर नल की योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्ट्रीट वेंडर्स प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जन धन अकाउंट की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि इसकी परिणिति यह है कि पिछले 10 वर्ष के अंदर 25 करोड लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।

### जातिगत जनगणना पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद प्रस्ताव देंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जातिगत जनगणना कराने के केंद्र सरकार के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव देगा। मंगलवार को इंदिराभवन में पिछड़ा वर्ग आयोग की मासिक बैठक में यह फैसला लिया गया। अन्य पिछड़े वर्गों से जुड़े आरक्षण, जातियों के सम्मिलन-निष्कासन और सामाजिक उत्थान व विकास से संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। लोनिया जाति से संबंधित एक प्रत्यावेदन पर चर्चा करते हुए सदस्य घनश्याम चौहान ने कहा कि प्रत्यावेदनकर्ताओं को आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाय। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रत्यावेदनकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्ष रखने के निर्देश दिये। कसौधन जाति के लोगों को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों के संबंध में आयोग की ओर से पूर्व में भेजे गये प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों का पक्ष सुनने के बाद आयोग शासन को इस विषय में निर्णय से अवगत कराएगा। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य सूर्य प्रकाश पाल, विनोद कुमार, बाबा बालक दास, ऋचा राजपूत, अशोक कुमार, घनश्याम चौहान व सचिव मनोज कुमार सागर उपस्थित रहे।

### कौशांबी प्रकरण की जांच के लिए प्रतिनिधिमंडल मिलेगा पीड़ितों से

बैठक में कौशांबी के ग्राम लोहन्दा धाना सैनी निवासी राधा देवी की पुत्री के साथ हुई अमानवीय घटना का मामला सदस्य विनोद कुमार ने उठाया। उन्होंने बताया कि आरोपियों पर कार्रवाई न होकर पीड़ित पक्ष के ही लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस पर आयोग अध्यक्ष ने मामले की जांच के लिए 13 जून को उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को कौशांबी भेजे जाने का निर्णय लिया। प्रतिनिधिमंडल में सदस्य विनोद कुमार, बाबा बालक दास, ऋचा राजपूत व अशोक कुमार शामिल होंगे।

### वाराणसी और नोएडा में बनेगा नया ईएसआई मेडिकल कॉलेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने मेरठ, शाहजहांपुर, बरेली, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश के श्रमिक वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसलिए योगी सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है इससे न केवल चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि श्रमिकों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237.50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80.90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे। चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए ईएसआई चिकित्साधिकारियों के कैडर रिव्यू की प्रक्रिया भी प्रान्तीय चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की भांति ही शुरू कर दी गई है।

# 2000 करोड़ से 28,830 चौराहों का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकनिर्माण विभाग ने तैयार की कार्ययोजना, प्रदेश में 1435 ब्लैक स्पॉट्स सुधाए गए
- दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन करने की तैयारी, पैदल को सहूलियत

**अमृत विचार:** योगी सरकार दो हजार करोड़ रुपये खर्च कर 28830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। इसे लेकर लोकनिर्माण विभाग ने खाका तैयार किया है। इसमें वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों का भी दावा किया गया है। इसी के साथ प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है। इससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश के 28,830 विभिन्न चौराहों, तिराहों और महत्वपूर्ण रोड जंक्शंस पर सुधार कार्यों को 2000 करोड़ की अनुमानित लागत से पूरा किए जाने की तैयारी है। ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपये की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहगीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा।

### राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई का होगा निर्माण

50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887.88 किमी की लंबाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिह्नित कर लिया गया है। इन मार्गों पर मेजर जियोमेट्रिकल इंप्रूवमेंट की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे न केवल यातायात परिवहन की गति में सुधार होगा बल्कि सुगम व सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

## लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों का बढ़ेगा पेट्रोल खर्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने प्रदेश के लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को बढ़ा हुआ पेट्रोल खर्च देने का निर्णय लिया है। राजस्व विभाग के इन अधिकारियों की यह सालों पुरानी मांग है जिसे अब पूरा करने का ड्रॉफ्ट तैयार है। इन कर्मचारियों को वाहन भत्ता बढ़ाकर देने की तैयारी हो गई है। दरअसल, राजस्व परिषद की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव पर सहमति बन चुकी है और शीघ्र ही इस पर शासनादेश जारी किया जाना संभव है। वहीं, नायब तहसीलदारों के भी ग्रेड पे को बढ़ाने की तैयारी है। फिलहाल उनका ग्रेड पे 4,200 रुपये है जिसे बढ़ाकर 4,800 रुपये किया जाएगा। राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत लेखपालों को 1,500 रुपये और राजस्व निरीक्षकों को 2,000 रुपये प्रतिमाह वाहन भत्ता दिया जाएगा।

# निकांत जैन का एक और फर्जीवाड़ा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सस्ती जमीन गिरवी रख एसएसजे एग्रोटेक के नाम पर कराया चार करोड़ का लोन
- इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने निकांत और उसके भाई समेत तीन पर दर्ज कराया केस

**अमृत विचार:** निलंबित आईएएस व पूर्व सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने हजरतगंज थाने में निकांत और उसके भाई सुकांत जैन व परिवार की महिला वैशाली जैन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कम कीमत की जमीन को महंगा बताकर गिरवी रखा और चार करोड़ रुपये का लोन लिया, लेकिन चुकाया नहीं। जांच में यह खुलासा हुआ तो बैंक ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्य प्रबंधक इंडियन बैंक आशीष जिंदल के मुताबिक गोमतीनगर निवासी निकांत जैन, उसके बड़े भाई सुकांत जैन और वैशाली जैन ने अपनी रजिस्टर्ड कंपनी एसएसजे एग्रोटेक प्रा. लि. के नाम चार करोड़ का लोन 2017 में लिया। इसके बदले में सरोसा-भरोसा गांव की 760 वर्गमीटर और बाराबंकी के रामसनेही घाट स्थित लालपुर राजपुर गांव में 1850 वर्गमीटर भूखंड गिरवी रखे। 27 मार्च 2018 को नई कंपनी बनाने का प्रस्ताव पत्र के माध्यम से एक नई संपत्ति उन्नाव के हसनगंज स्थित बजेहरा की 2800 वर्गमीटर जमीन को गिरवी रखते हुए एक जमीन को मुक्त करने का आवेदन दिया। बैंक ने 29 मार्च 2018 को कंपनी के आवेदन पत्र स्वीकृत किया।

### खाता एनपीए हुआ, जब्त की गई संपत्ति

मुख्य प्रबंधक के मुताबिक संपत्ति के प्रतिस्थापना के बाद लोन की किस्तें जमा नहीं की जा रही थी। 30 सितंबर 2018 को खाता एनपीए हो गया। इसके बाद बैंक ने गिरवी रखी गई संपत्तियों को जब्त कर उसे बेचने कर ऋण वसूली की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान पता चला कि जिन संपत्तियों को गिरवी रखा गया है। उनकी कीमत वास्तविक रूप से काफी कम है। इसके बाद एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि जमीन की कीमत काफी बढ़ाकर प्रस्तुत किया गया था। खाते को फ्राड घोषित किया गया। वैल्यूवर्स के खिलाफ बैंक ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पैनल सूची से हटा दिया।

### सीबीआई में मामला दर्ज कराने का हुआ था प्रयास

मुख्य प्रबंधक आशीष जिंदल के मुताबिक जांच रिपोर्ट आने और वैल्यूवर्स को हटाने के बाद बैंक ने इस मामले की शिकायत सीबीआई में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। लेकिन आरबीआई द्वारा 15 जुलाई 2024 को आदेश दिया गया था। उसे जवाब देने के लिए कम से कम 21 दिन का समय दिया जाएगा। आदेश के पालन के लिए बैंक ने पुन: कंपनी व निदेशकों को कारण बताओ नोटिस 21 अक्टूबर 2024 को जारी किया।

## वर्ग पहेली- 458

**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।



### वर्ग पहेली -457 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

## सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 9 | | 1 | |
| | | 9 | | 7 | 1 | | 8 | 4 |
| | | 7 | | | 5 | 6 | | |
| 1 | | 3 | | 9 | | 2 | | |
| | 5 | | | | | | 7 | |
| | | 4 | | 8 | | 1 | | 6 |
| | | 2 | 9 | | | 3 | | |
| 8 | 3 | | 7 | 6 | | 9 | | |
| | 9 | | 1 | 2 | | | | |

### सुडोकू - 4 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 4 | 2 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 5 | 2 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा- 13.13 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 20.10 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** - आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करें। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन हो सकती है। इस समय को शांति और प्रेम पूर्वक बिताने का प्रयास करें।

**वृष** - आज नई जॉब आरंभ कर सकते हैं। अनावश्यक विवादों से बचें। आप अत्यंत तीव्र गति से अपने कार्य पूर्ण करेंगे। भविष्य की योजनाओं पर धन खर्च कर सकते हैं। दांपत्य संबंदों में नई ताजगी उत्पन्न होगी।

**मिथुन** - आज आपको ऋण या उधार लेने से आपको बचना चाहिए। पुरानी बातों पर अधिक विचार न करें। आपको मात्र अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम अत्यंत सुखद रहेंगे। उच्च अधिकारियों के प्रति मन में नाराजगी हो सकती है।

**कर्क** - आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें।

**सिंह** - आज किसी पर भी सहज ही विश्वास न करें। अपने लक्ष्यों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें। पारिवारिक अशांति दूर होगी। व्यापार में आप अति उत्तम प्रदर्शन करेंगे। आपको जोखिम लेने से बचना चाहिए। अपनी रचनात्मक क्षमता का अच्छा प्रयोग करेंगे।

**कन्या** - आज जटिल मामलों को सरलता से सुलझा लेंगे। प्रतिस्पर्धियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। परिवार के लोग आपको सहयोग देंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ होगा।

**तुला** - आज दिनचर्या अनियमित हो सकती है। अपने विचारों को संकीर्णता के दायरे में सीमित न करें। दूसरों के अतिरिक्त स्वयं के निर्णय को अधिक प्रधानता दें। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें। कार्यक्षेत्र में थोड़ी कठिनाई का अनुभव कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आत्मविश्वास के कारण आप हर जगह बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। व्यवसाय के दृष्टिकोण से आप अत्यंत भाग्यशाली रहने वाले हैं।

**धनु** - आज कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करना चाहिए। नेत्रों में कुछ समस्या हो सकती है। परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के ताने सुनने पड़ सकते हैं।

**मकर** - आज ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे। पिछले कई दिनों से चली आ रही तनावयुक्त परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। संपत्ति के लेन-देन से लाभ मिलेगा।

**कुंभ** - आज पारिवारिक जीवन अत्यंत आनंदमय रहेगा। हाथ में आए अवसरों को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार में लाभ के बावजूद मन संतुष्ट नहीं रहेगा। यदि किसी लत या बुरी आदत से ग्रसित हैं तो सावधान रहें।

**मीन** - आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में परिस्थितियां अत्यंत अनुकूल रहेंगी। समाज के बुद्धिजीवियों के मध्य आपकी प्रशंसा होगी। अचानक प्राप्त हुए अवसरों से गदगद रहेंगे।

## एक नजर

### सेबी ने एनएसई को-लोकेशन मामले में नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और उसके निदेशकों को नोटिस भेजकर एनएसई को-लोकेशन मामले में शेयर बाजार के सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। सेबी ने 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में नाकाम रहने पर इनकी संपत्ति के साथ बैंक खातों को भी कुर्क करने की चेतावनी दी है।

### कॉरपोरेट इंडिया का नियुक्ति परिदृश्य जुलाई-सितंबर में स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत में कॉरपोरेट क्षेत्र में अगले तीन महीनों के लिए भर्ती परिदृश्य स्थिर है। इसे निजी सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि और वैश्विक व्यापार में बदलाव से होने वाले आर्थिक लाभ से समर्थन मिलेगा। मैनपावरग्रुप के ताजा रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

# दावा रहित राशि की वापसी प्रक्रिया में लाएं तेजी

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एफएसडीसी की बैठक में बैंकों और विभिन्न वित्तीय संस्थानों को दिए निर्देश

**मुंबई, एजेंसी**

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विनियामकों और विभागों से दावा न किए गए जमा को सही मालिकों को वापस करने और केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने को कहा। सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की 29वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए और सही दावेदारों के दावों पर तेजी से कदम उठाया जाना चाहिए।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त मंत्री ने परिषद से सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया ताकि नागरिकों को वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में सहज अनुभव मिल सके। इस दौरान भारतीय प्रतिभूति बाजार में भारतीय मूल के लोगों समेत अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए डिजिटल रूप से जोड़े जाने सहित केवाईसी प्रक्रिया के सामान्य मानदंडों, सरलीकरण और डिजिटलीकरण की जरूरत पर जोर दिया गया। सीतारमण ने नियामकों और विभागों से जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाकर दावा न किए गए धन को उसके सही मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। यह अभियान आरबीआई, सेबी, एमसीए, पीएफआरडीए और आईआरडीए के साथ-साथ बैंकों, पेंशन एजेंसियों, बीमा कंपनियों के साथ तालमेल में चलाया जाना है। दावा न किए गए धन में बैंकों में जमा राशि के साथ ही दावा न किए गए शेयर एवं लाभांश और दावा न किए गए बीमा एवं पेंशन कोष शामिल हैं। आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 के अंत तक बैंकों में दावा न की गई जमा राशि 26 प्रतिशत बढ़कर 78,213 करोड़ रुपये हो गई थी। एफएसडीसी ने वृहद वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों पर चर्चा की। परिषद ने घरेलू और वैश्विक वृहद वित्तीय स्थिति से उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श किया और सतर्क रहने की जरूरत पर बल दिया।



मुंबई में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 29वीं बैठक को संबोधित करती निर्मला सीतारमण।

### बैठक में आरबीआई गवर्नर सेबी के प्रमुख रहे उपस्थित

एफएसडीसी ने पिछले निर्णयों और बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा बाजार नियामक सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के अध्यक्ष के. राजारमण और भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग की मनोनीत सचिव अनुराधा ठाकुर, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू, कॉरपोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर को 6.3 प्रतिशत पर रखा बरकरार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- कहा-दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

विश्व बैंक ने मंगलवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने अप्रैल में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था, जो जनवरी में 6.7 % था।

विश्व बैंक की ताजा वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के अनुसार बढ़े हुए व्यापार तनाव और नीति अनिश्चितता के चलते इस साल वैश्विक वृद्धि में गिरावट आने की आशंका है, जो 2008 के बाद से सबसे धीमी गति हो सकती है। वैश्विक वृद्धि के 2025 में 2.3 प्रतिशत तक धीमा करने का अनुमान लगाया गया है। इस उथल-पुथल के कारण सभी क्षेत्रों और आय समूहों में 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि पूर्वानुमान में कटौती की गई है। इसमें भारत के बारे में कहा गया है कि 2024-25 में वृद्धि धीमी हो गई, जो आंशिक रूप से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि में नरमी को दर्शाती है। हालांकि, निर्माण और सेवा गतिविधियों में वृद्धि स्थिर रही और ग्रामीण क्षेत्रों में लचीली मांग के कारण कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है। भारत के 2025-26 में 6.3 प्रतिशत की दर से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि के पूर्वानुमान को जनवरी के अनुमानों की तुलना में 0.4 प्रतिशत घटा दिया गया है, क्योंकि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में कमजोर गतिविधि और बढ़ती वैश्विक व्यापार बाधाओं के कारण निर्यात में कमी आई है।

# देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्रीय बिजली मंत्री ने कहा- भारत ऊर्जा अधिशेष देश के रूप में उभर रहा

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान देश में बिजली की कोई कमी नहीं हुई और भारत ऊर्जा अधिशेष राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में बिजली की कमी 0.1 प्रतिशत रही।

उन्होंने कहा कि चूंकि बिजली की मांग मौसम पर निर्भर करती है, इसलिए इस गर्मी के मौसम में भारत की बिजली की अधिकतम मांग 241 गीगावाट (नौ जून को) को छू गई, जबकि पिछले साल 30 मई, 2025 को बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी। मनोहर लाल ने यह भी कहा कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट को छू सकती है।

# भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया का ध्यान खींचाः सरकार

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है और लेन-देन की इस क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के 11 साल पूरे होने पर जारी एक पुस्तिका में कहा गया है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों से जुड़ गई है।

- मार्च 2025 में 24.77 लाख करोड़ के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए

इसमें कहा गया, भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। मार्च 2025 में, यूपीआई पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। यूपीआई प्रणाली का उपयोग अब करीब 46 करोड़ व्यक्ति और 6.5 करोड़ व्यापारी करते हैं। छोटे से छोटे लेनदेन के लिए भी डिजिटल भुगतान किया जा रहा है, जिसमें से 50% को छोटे या अत्यधिक छोटे भुगतान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

# राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र अव्वल बिहार 17वें स्थान पर

**कोलकाता।** भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की केअरएज की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जबकि पश्चिम बंगाल 13वें स्थान पर है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज ने कहा कि बड़े राज्यों में से महाराष्ट्र शीर्ष रैंकिंग पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। केअरएज राज्य रैंकिंग को सात प्रमुख बिंदुओं को समाहित कर जारी किया जाता है। इसमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलू शामिल हैं।

# ईएफटीए व्यापार समझौता साझेदारी में लाएंगे स्थिरता : गोयल

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय संघ ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों क्षेत्रों में कारोबार में स्थिरता तथा भरोसा लाएगा। उन्होंने कहा कि भारत जहां विशाल बाजार और कुशल पेशेवर उपलब्ध कराता है, वहीं स्विट्जरलैंड में उन्नत विनिर्माण क्षमताएं हैं।

दोनों पक्षों ने 10 मार्च 2024 को व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्ष में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट्स और तराशे गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिश्टेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। गोयल ने यहां दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह समझौता साझेदारी में स्थिरता, पूर्वानुमेयता और निरंतरता प्रदान करेगा।



- उद्योग मंत्री ने कहा- भारत विशाल बाजार और कुशल पेशेवर कराता है उपलब्ध

### स्विट्जरलैंड की कंपनियों को निवेश के लिए किया आमंत्रित

**बर्न।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत में स्विट्जरलैंड की कंपनियों के लिए समर्पित क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्विट्जरलैंड की कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि भारत उनके लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करता है। गोयल ने भारत और स्विट्जरलैंड के उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, हम स्विट्जलैंड की कंपनियों के लिए एक समर्पित 'स्विस क्षेत्र' (एनक्लेव) भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्विट्जरलैंड के नागरिकों के लिए खासतौर से बने रेस्तरां, होटल, स्कूल और कॉलेज हो सकते हैं।

## राष्ट्रीय

# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर जोर : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश में आए महत्वपूर्ण बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं और रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण तथा आत्मनिर्भरता दोनों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, पिछले 11 वर्ष में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं तथा रक्षा उत्पादन के मामले में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि कैसे भारत के लोग देश को मजबूत बनाने के संकल्प के प्रति एकजुट हुए हैं।

प्रधानमंत्री पद पर मंगलवार को 11 वर्ष पूरे होने पर मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में हुए बदलावों पर प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया है कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मात्र 11 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है, रणनीतिक वैश्विक साझेदारियां प्रगाढ़ हुई हैं तथा अंतरिक्ष अन्वेषण में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। इस वीडियो में कहा गया कि 'आत्मनिर्भर भारत' के उनके संकल्प से प्रेरित राष्ट्र ने आत्मनिर्भर नवाचार को अपनाया है और व्यापार एवं प्रौद्योगिकी में अपने प्रभाव को बढ़ाया है। इसमें कहा गया है कि 'इंडियाज राइज इन 11 इयर्सः पावर, पार्टनरशिप एंड प्रोग्रेस' में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की पहलों और उसके बाद हुए परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है।



सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शशि थरूर से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मिले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख से अवगत कराने के लिए विश्व की राजधानियों की यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मंगलवार शाम मुलाकात की। सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। केंद्र सरकार पहले ही 50 से अधिक व्यक्तियों वाले सात प्रतिनिधिमंडलों के कार्य की प्रशंसा कर चुकी है, जिनमें अधिकतर वर्तमान सांसद हैं। पूर्व सांसद और पूर्व राजनयिक भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा थे, जिन्होंने 33 विदेशी राजधानियों और यूरोपीय संघ का दौरा किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को व्यक्त करने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों ने किया, जिनमें भाजपा के दो, जद (यू) के एक और शिवसेना के एक सांसद शामिल थे, जबकि तीन का नेतृत्व विपक्षी सांसदों ने किया जिनमें कांग्रेस, द्रमुक और राकांपा (एसपी) के एक-एक सांसद शामिल थे। भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जद (यू) के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, द्रमुक की कनिमोई और राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

# सरकार के 11 साल पर नमो सर्वे को एक दिन में मिलीं 5 लाख प्रतिक्रियाएं

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में विभिन्न मुद्दों पर लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए नमो ऐप पर शुरू किए गए सर्वेक्षण में एक दिन में पांच लाख से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। ये इस राष्ट्रीय संवाद में योगदान देने के लिए उच्च स्तर की सहभागिता और रुचि को दर्शाता है। सबसे अधिक प्रतिक्रियाएं यूपी से प्राप्त हुईं, उसके बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और हरियाणा का स्थान है। भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य यूपी से 1,41,150 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, महाराष्ट्र से 65,775, तमिलनाडु से 62,580 व अन्य राज्यों से प्रतिक्रियाएं मिलीं।

# राजस्थान में पिकनिक मनाने गए आठ युवक नदी में डूबे

**जयपुर, एजेंसी**

- जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी पहुंचे थे

राजस्थान के टोंक जिले में आठ युवकों की मंगलवार को बनास नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। टोंक के जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और आठ युवक डूब गए। इन सभी युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। हादसा बनास नदी पुराने पुल के पास कच्चा बंधा के समीप हुआ।

उन्होंने बताया कि तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी के अनुसार ये जयपुर के हसनपुरा इलाके के रहने वाले थे। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया और अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जोखिम भरा सफर



मुंबई में मंगलवार को भीड़भाड़ से भरी ट्रेनों में यात्रा करते लोग। एक दिन पहले ठाणे के पास भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेन से गिरकर एक जीआरपी कांस्टेबल सहित चार यात्रियों की मौत हो गई थी, नौ घायल हो गए थे। एजेंसी

## एक नजर

### मप्र : आपात स्थिति में उतारा प्रशिक्षण विमान

**खजुराहो।** एक निजी उड़ान अकादमी के एक प्रशिक्षण विमान को मंगलवार को मध्यप्रदेश में खजुराहो हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान का पायलट और प्रशिक्षु पायलट दोनों सुरक्षित हैं। खजुराहो हवाई अड्डे के निदेशक संतोष सिंह ने कहा कि पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) को सूचित किया कि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान उड़ान भरने के बाद विमान का पिछला एक पहिया नहीं खुल रहा था।

### गैर-वकीलों के सफेद कमीज व काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला बार एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव पारित कर गैर-वकीलों के अदालत परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनने पर प्रतिबंध लगाया है। एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि पेशे से जुड़े पोशाक अब केवल पंजीकृत वकीलों और अधिकृत विधि प्रशिक्षुओं के लिए आरक्षित है। यह अक्सर देखा गया है कि गैर-अधिवक्ता या गैर-मान्यता प्राप्त विधि प्रशिक्षु जिला न्यायालय परिसर में सफेद कमीज और काली पैंट पहनते हैं।

# दिल्ली में कोरोना से संक्रमित 90 वर्षीय महिला की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई 90 वर्षीय एक महिला की मृत्यु हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में एक जनवरी से अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित आठ लोगों की मौत हो चुकी है। नब्बे वर्षीय महिला को अन्य बीमारियां भी थीं। इसमें कहा गया है कि मौत का प्राथमिक कारण अन्य सह-रुग्णताएं हैं और कोरोना वायरस का पता लगना आकस्मिक है। दिल्ली में कोरोना वायरस के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 691 है। पूरे भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,815 है। पिछले 24 घंटों में देशभर में कोविड-19 से तीन मौतें हुई हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है।

# संजय भंडारी से जुड़े मामले में ईडी के समन पर पेश नहीं हुए रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन में रह रहे कथित हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समन पर मंगलवार को पेश नहीं हुए। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा ने मंगलवार के समन पर स्थगन मांगा था और अब उन्हें नयी तारीख दी जाएगी।

ईडी पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान दर्ज करना चाहता है और उसके बाद अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना चाहता है। संघीय जांच एजेंसी ने हरियाणा में 2008 के भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक अलग धन शोधन मामले में रॉबर्ट वाड्रा (56) से अप्रैल में लगातार तीन दिन तक पूछताछ की थी। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था। ब्रिटेन की एक कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में प्रत्यर्पण मामले में भंडारी को आरोप मुक्त किए जाने के खिलाफ ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति के लिएभारत सरकार द्वारा दायर अर्जी को अस्वीकार कर दिया था।

- हथियार कारोबारी से जुड़े धन शोधन मामले में की जानी थी पूछताछ

# बेंगलुरु भगदड़ : हाईकोर्ट ने आरसीबी के अधिकारी को नहीं दी अंतरिम राहत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चार जून को यहां स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत के मामले में आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने सोसले की याचिका पर आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा।

सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने छह जून को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया था, जब वह दुबई जाने वाला था। सोसले ने अपनी याचिका में 6 जून को तड़के उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है।

### कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की

**बेंगलुरु।** हाईकोर्ट ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को मची भगदड़ की घटना संबंधी याचिका पर मंगलवार को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की। पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल में पहली जीत के उपलक्ष्य में जश्न मनाने के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने मंगलवार को महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी को सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# सरकार पड़ोसी देशों से सार्थक संवाद के लिए अनुकूल माहौल बनाने में विफल रहीः पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार पड़ोसी देशों के साथ सार्थक संवाद के लिए अनुकूल माहौल बनाने में विफल रही है। पुणे में पार्टी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान भारत के अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध थे। उन्होंने कहा, पार्टी ने कभी भी राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद, जिसमें कुछ नागरिक मारे गए थे, हमने सरकार की आलोचना नहीं करने का फैसला किया।

# मोदी को खरगे का पत्र, लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव का किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि बिना किसी विलंब के लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने इस बात पर चिंता जताई कि पिछली लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं था और वर्तमान लोकसभा में भी कोई उपाध्यक्ष नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अच्छा संकेत नहीं है और यह संविधान के निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन भी है।



- कहा- बिना किसी विलंब के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो

आखिरी बार 16वीं लोकसभा में अन्नाद्रमुक के नेता एम. थंबीदुरई को उपाध्यक्ष चुना गया था। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में खरगे ने कहा, मैं लोकसभा में उपाध्यक्ष की रिक्ति से जुड़े अत्यधिक चिंताजनक मामले को आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं।

# दक्षिण अफ्रीका को तोड़ना होगा आस्ट्रेलियाई तिलिस्म

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप आज से : दोनों टीमों के बीच में होगी रोमांचक भिड़ंत, आस्ट्रेलिया का रहा शानदार प्रदर्शन



लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की पूर्व संध्या पर अभ्यास सत्र के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ। • एजेंसी

**लंदन, एजेंसी**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा।



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और मुख्य कोच शुकरी कॉनराड लॉर्ड्स में पिच का निरीक्षण करते हुए। • एजेंसी

संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं।

कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉड्र्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।

मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

**13** बार ऑस्ट्रलियाई टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में फाइनल पहुंची, जिसमें 10 खिताब जीतने में सफल रही

**समय : दोपहर 3 बजे**

**ऑस्ट्रेलिया :-** उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

**दक्षिण अफ्रीका :-** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

## आस्ट्रेलिया के लिए डब्ल्यूटीसी खिताब जीतना अहम

लंदन : आस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि आस्ट्रेलिया की महानतम टीमों में शामिल होने के लिए लगातार दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना अहम कदम होगा।

सैतीस वर्ष के लियोन उस आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं जो बुधवार से लॉडर्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 चक्र का फाइनल खेलेगी। आस्ट्रेलिया ने 2003 में भारत को 209 रन से हराकर खिताब जीता था। लियोन ने कहा हमने पिछले दो साल में शानदार प्रदर्शन किया है जिस पर हमे गर्व है। हम आस्ट्रेलिया की महान टीम बनने की राह पर हैं, लेकिन अभी वहां तक पहुंचे नहीं है। यह मैच उस मंजिल तक के सफर में अहम कदम होगा। आस्ट्रेलिया 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लियोन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 18 मैचों में 56 विकेट लिये हैं।

## खेल डायरी

### भारतीय रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली :** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला । उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28 .45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था । बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स् विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। इंसब्रुक में पुरुषों की 35 किलोमीटर रेसवॉक में संदीप कुमार दूसरे और राम बाबू तीसरे स्थान पर रहे।

### वनडे कप के लिए यॉर्कशर से जुड़ेंगे रूतुराज गायकवाड़

**लीड्स :** भारतीय बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों और वनडे कप के लिए यॉर्कशर टीम से जुड़ेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मैच खेलना है । गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे । क्लब ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी। गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा हैं जिसने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट खेले। अब भारत ए टीम 13 से 16 जून तक भारतीय सीनियर टीम के खिलाफ बेकेनहम में चार दिवसीय मैच खेलेगी। यॉर्कशर ने अपनी वेबसाइट पर लिखा इंडियन प्रीमियर लीग की चेन्नई सुपर किंग्स और रणजी ट्रॉफी की महाराष्ट्र टीम के कप्तान पुणे के रहने वाले रूतुराज गायकवाड़ छह वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। इसमें कहा गया दाहिने हाथ का यह बल्लेबाज शीर्ष चार में कहीं भी उतर सकता है और भारत के लिये पारी का आगाज भी कर चुका है। गायकवाड़ ने कहा मैं हमेशा से यहां काउंटी क्रिकेट खेलना चाहता था और यॉर्कशर से बड़ा इंग्लैंड का कोई क्लब नहीं होगा।

### मोदी ने खेल बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे का किस तरह अभूतपूर्व पैमाने पर विस्तार हुआ है। युवाओं को केंद्र में रखकर, यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रहा है।

### कपिल देव ने राज्यपाल गुरमीत सिंह से की शिष्टाचार भेंट

**नैनीताल :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहला विश्व कप दिलाने वाले दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने मंगलवार को नैनीताल राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। बताया जाता है कि कपिलदेव ने श्री सिंह से विभिन्न मसलों पर भी चर्चा की। कपिल देव से श्री सिंह के मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बतायी गयी। इस मौके पर कपिल देव ने देवभूमि उत्तराखंड की दिल खोलकर प्रशंसा की। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि देवभूमि पर्यटकों एवं सैलानियों के लिए स्वर्ग है। यहां शीतल और विशुद्ध आबोहवा के साथ हरे-भरे मैदान और खूबसूरत पहाड़ियाँ हैं। ऐसा लगता है मानो प्रकृति ने यहाँ दिल खोलकर अनुपम छटा बिखेरी है। उन्होंने आगे कहा कि नैनीताल बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है।

## टेस्ट श्रृंखला से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे अर्शदीप

**लंदन, एजेंसी**

• **20 जून से इंग्लैंड में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज**

भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं। यहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 वर्ष के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी । भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।



सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा आगे हम और बेहतर होते जाएंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने कहा गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे, लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फॉर्म में भी है । हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं । लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें।

## पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**पोर्ट आफ स्पेन, एजेंसी**

• **29 बरस की उम्र में संन्यास लेकर सबको चौंका दिया**

• **सोशल मीडिया पर कहा सोच विचारकर लिया फैसला**



निकोलस पूरन। • एजेंसी (फाइल फोटो)

वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। पूरन ने कहा कि उन्होंने काफी सोच विचारकर यह फैसला लिया है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को चयन से बाहर कर लिया था।

वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान पूरन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा काफी सोच समझकर मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा इस खेल ने खुशी, मकसद, न भूलने वाली यादें और वेस्टइंडीज के लोगों की नुमाइंदगी का मौका दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला।

उन्होंने लिखा मरून जर्सी पहनकर स्टेडियम में राष्ट्रगीत के लिये खड़े होना और अपना सब कुछ मैदान पर दे देना ..इसके क्या मायने हैं वह शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है । टीम की कप्तानी करना मेरा सौभाग्य रहा और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है।

वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। पूरन ने आगे लिखा प्रशंसकों को अपार प्रेम के लिए धन्यवाद। कठिन पलों में आपन मेरा मनोबल बढ़ाया और अच्छे पलों में जश्न में मेरे साथ रहे । अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को भी धन्यवाद दूंगा जो इस सफर में मेरे साथ रहे। आपके विश्वास और सहयोग ने मेरा सफर आसान किया। पूरन इस सत्र में मेजर क्रिकेट लीग और द हंड्रेड में खेल सकते हैं। इसके अलावा वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग, आईपीएल और यूएई में आईएलटी 20 भी खेलते हैं। उन्होंने लिखा मेरे कैरियर का अंतरराष्ट्रीय प्रारूप वाला अध्याय यहीं खत्म हो रहा है। लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिये मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम को और वेस्टइंडीज को आगे के लिये सफलता और मजबूती मिलने की कामना करता हूं। उन्होंने आईपीएल में 196 . 25 की स्ट्राइक रेट से 524 रन बनाए।

## भारत एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से हारा

**कोवलून (हांगकांग), 10 जून (भाषा)**

• **भारतीय खिलाड़ियों ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया**



भारतीय फुटबॉल टीम को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मंगलवार को यहां मेजबान हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित बाहर करने की कोशिश की लेकिन माइकल उदेबुलुजोर के खिलाफ फाउल कर बैठे।

परेरा (90+4) ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर हांगकांग की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने गेंद को कैथ के दाईं ओर से गोल में पहुंचाया। कैथ को इंजरी टाइम के फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इससे पहले भारत के कोच मनोलो मारक्वेज ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा। नवनिर्मित काई टेक स्टेडियम में स्थानीय दर्शक मेजबान टीम के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे थे लेकिन भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया। हांगकांग ने हालांकि गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा। एक बार फिर शुरुआती 45 मिनट में फिनिशिंग की कमी ने भारतीय टीम को निराश किया। मध्यांतर से पहले जो मौके मिले उनमें से 35वें मिनट में भारतीय टीम गोल करने के सबसे करीब थी लेकिन आशिक कुरुनियन ने लिस्टन कोलासो के क्रॉस पर शॉट बाहर मार दिया। चोटिल होने के कारण चिकित्सा सहायता के बाद कोलासो ने लंबी दूरी से एक शक्तिशाली शॉट लगाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के दस्तानों में चला गया। मध्यांतर से पहले हांगकांग को गोल करने का मौका मिला लेकिन फ्री किक पर कैथ के चूकने के बाद आशीष राय ने संकट को टाल दिया। मध्यांतर के बाद भारतीय कोच ने कुरुनियन और ब्रैंडन फर्नांडिस की जगह नाओरेम सिंह के साथ भारत के सर्वकालिक सर्वोच्च गोल स्कोरर सुनील छेत्री को मैदान में उतारा। भारत ने दूसरे हाफ में मौके बनाए पर गोल करने में सफलता नहीं मिली।

## रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर

**नई दिल्ली :** एटीपी सर्किट पर पिछले कुछ अर्से से खराब प्रदर्शन के कारण भारत के सुमित नागल एकल रैंकिंग में 63 पायदान गिरकर 233वें स्थान पर खिसक गए जो पिछले दो साल में उनकी सबसे खराब रैंकिंग है जबकि 45 वर्ष के रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर हो गए।

पिछली बार 27 वर्ष के नागल जुलाई 2023 में शीर्ष 200 से बाहर हुए थे जब वह 231वीं पायदान पर थे। उसके बाद से वह जुलाई 2024 में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग तक पहुंचे। इस सत्र की शुरुआत से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

## बेंगलुरु भगदड़ दुर्भाग्यपूर्ण और बहुत दुखद है : द्रविड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल खिताब जीतने के जश्न में बेंगलुरु में 11 लोगों की मौत पर दुख जताते हुए इस हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया।

भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एनडीटीवी से कहा यह काफी निराशाजनक है। बहुत दुखद। मेरी संवेदनायें उन लोगों के साथ है। आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है। उन्होंने कहा यह खेलों का शौकीन शहर है। मैं इसी शहर से हूं। लोग क्रिकेट की नहीं, हर खेल को पसंद करते हैं और टीमों को फॉलो करते हैं। फुटबॉल टीम को या कबड्डी टीम। द्रविड़ ने कहा आरसीबी के प्रशंसक बड़ी संख्या में हैं। ये काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना में मारे गए लोगों के परिवारों और घायलों के प्रति हमारी संवेदना है।

## अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

**एम्सटेलवीन, एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग**

• **नीदरलैंड से लगातार दो मैच हार चुकी टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने रहे नाकाम**

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिए यूरोप चरण की शुरुआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2-1 और 3-2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढ़त बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाये। इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा हमें पता है कि अर्जेंटीना के खिलाफ कड़ी चुनौती होगी। टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। अर्जेंटीना मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई मैच आसान नहीं होता। दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों में भारत का पड़ला भारी रहा है। पेरिस ओलंपिक में दोनों टीमों का मुकाबला ड्रॉ रहा था। प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था और दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी। हरमनप्रीत ने कहा हम पूरी तरह से तैयार हैं । हमने इस टूर्नामेंट की काफी तैयारी की है और कई संयोजन आजमाये। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।



## जूनियर पुरुष हॉकी टीम की कमान संभालेंगे हुंडल

नई दिल्ली : अनुभवी ड्रैग फ्लिकर अराइजीत सिंह हुंडल 21 जून से बर्लिन में शुरू हो रहे चार देशों के टूनर्रामेंट में भारत की 24 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। भारत और मेजबान जर्मनी के अलावा 21 से 25 जून तक होने वाली इस प्रतियोगिता में स्पेन और ऑस्ट्रेलिया भी हिस्सा लेंगे।

**टीम :** फारवर्ड : अराइजीत सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और अजीत यादव ।गोलकीपर : बिक्रमजीत सिंह, विवेक लाकड़ा। डिफेंडर : आमिर अली, तालेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पीबी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह, सुखविंदर।

## इलावेनिल ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



इलावेनिल वलारिवान। • एजेंसी

भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

पच्चीस साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इलावेनिल ने फाइनल में 10.7 अंक के साथ शुरुआत की और फिर अपने अगले प्रयास में 10.8 अंक जुटाए। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल शुरुआती पांच शॉट के बाद कोरिया की ओलंपिक चैंपियन युनजी से 0.3 अंक पीछे थी। वह 10.8 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची। इलावेनिल 12 शॉट के बाद 127.2 अंक के साथ शीर्ष पर थीं। इस समय वैंग दूसरे स्थान पर थी। यहां 2018 में हुए विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं इलावेनिल ने 10.7 अंक के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी। भारतीय निशानेबाज हालांकि इसके बाद 9.8 अंक के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई और अंततः उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले क्वालीफिकेशन की छह सीरीज के बाद इलावेनिल 635.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वैंग ने 637.9 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टेड 635.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वैंग का स्कोर क्वालीफिकेशन का विश्व रिकॉर्ड है। युनजी क्वालीफिकेशन में 635.6 अंक के साथ चौथे जबकि तुर्की की एलिफ बेर्फिन अल्तुन (634.6) पांचवें स्थान पर रहीं।

चीन की विश्व और एशियाई चैंपियन हेन जिआयु ने 634.2 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू 632.4 अंक के साथ 15वें पायदान पर रहीं। केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहीं रमिता जिंदल ने 632.6 अंक के साथ 13वां स्थान हासिल किया। मेघना सजनार (केवल रैंकिंग अंक) और आर्या बोर्से ने क्रमशः 25वां और 60वां स्थान हासिल किया।

भीषण जाम



दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को लगे भीषण जाम में हजारों वाहन कई घंटे तक फंसे रहे। इनमें कई एंबुलेंस भी थीं। इस एक्सप्रेस वे पर अक्सर भीषण जाम लगता है। एजेंसी

## रॉकेट प्रक्षेपणों में 10 गुना वृद्धि

# छलनी हो जाएगी ओजोन परत

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष उद्योग विकास की राह पर है, लेकिन नए शोध से पता चलता है कि रॉकेट प्रक्षेपण में तेजी से वृद्धि होने से ओजोन परत को बड़ा नुकसान पहुंचेगा। हर साल दुनिया भर में सैकड़ों रॉकेट प्रक्षेपित किए जाते हैं, जिनमें से कई वाणिज्यिक कंपनियों और राष्ट्र-राज्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों के तहत अंतरिक्ष में भेजे जाते हैं। ये लगभग 20 जगहों पर प्रक्षेपित किए जाते हैं, लगभग सभी उत्तरी गोलार्ध में और वर्तमान में सबसे ज्यादा प्रक्षेपण दर अमेरिका, चीन, न्यूज़ीलैंड और रूस से हैं। नवीनतम शोध उस महत्वपूर्ण बिंदु का पता लगाता है जब अधिक रॉकेट प्रक्षेपण करने से समस्याएं पैदा होने लगेंगी। निष्कर्ष बताते हैं कि एक बार जब दरें प्रति वर्ष 2,000 प्रक्षेपण तक पहुंच जाएंगी जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दस गुना वृद्धि है तो ओजोन परत में वर्तमान में हो रहा सुधार धीमा पड़ जाएगा।



### रॉकेट प्रक्षेपण से पतली हुई ओजोन परत

ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक सौर पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाती है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत वैश्विक सहकारी समझौतों की बदौलत यह पिछली सदी में उत्सर्जित क्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य हानिकारक रसायनों के प्रभावों से धीरे-धीरे ठीक हो रही है। रॉकेटों द्वारा वायुमंडल में प्रवेश करने पर उत्सर्जित गैसों और कणों से ओजोन परत पतली होती है। अब तक, वे ओजोन परत को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, क्योंकि हर साल अपेक्षाकृत कम प्रक्षेपण होते हैं। हालांकि, प्रक्षेपण लगातार बढ़ रहे हैं।

### छह साल में ही प्रक्षेपण तीन गुना बढ़े

2019 में 102 प्रक्षेपण हुए। 2024 तक, दुनिया भर में प्रक्षेपणों की संख्या 258 हो जाएगी। 2025 में और भी ज़्यादा प्रक्षेपण होने की उम्मीद है। अमेरिका आधारित प्रक्षेपणों के लिए, 2023 में प्रक्षेपित रॉकेटों की संख्या में 2028 तक तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। इस वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। इसके लिए कई प्रक्षेपणों की आवश्यकता होती है और यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### इसलिए बढ़ रहे प्रक्षेपण...

प्रक्षेपणों में वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### 2000 प्रक्षेपणों से 3% पतली हो जाती है ओजोन परत

क्राइस्टचर्च के कैंटरबरी विश्वविद्यालय के एक शोध के मुताबिक हर साल दुनिया भर में लगभग 2,000 प्रक्षेपणों के साथ, ओजोन परत तीन प्रतिशत तक पतली हो जाती है। रॉकेट से निकलने वाले रसायनों के वायुमंडलीय परिवहन के कारण अंटार्कटिका में ओजोन को सर्वाधिक नुकसान देखा गया, हालांकि अधिकांश प्रक्षेपण उत्तरी गोलार्ध में हो रहे हैं। ओजोन का नुकसान कम है। मनुष्यों या पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले विनाशकारी नुकसान की उम्मीद भी नहीं कर सकते। हालांकि, ओजोन परत को ठीक करने के लिए जारी वैश्विक प्रयासों को देखते हुए नुकसान महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### ईरान ने आईएसआईएस के नौ आतंकियों को फांसी दी

**दुबई।** ईरान ने 2018 में हुए हमले के बाद गिरफ्तार किए गए इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के नौ आतंकवादियों को फांसी दे दी है। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मिजान ने मंगलवार को फांसी की घोषणा की। समाचार एजेंसी ने खबरों में कहा है कि आतंकवादियों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में शामिल होने के बाद पकड़ा गया था। इस झड़प में तीन सैनिक मारे गए थे।

### श्रीलंका के कारागार प्रमुख को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के कारागार महाआयुक्त को सजायाफ्ता दोषियों को रिहा करने के लिए राष्ट्रपति की क्षमा प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के कारण निलंबित कर बुधवार तक के लिए रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा सोमवार को गिरफ्तारी के बाद तुषारा उपुलदेनिया को मंगलवार को कोलंबो अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। उत्तर मध्य अनुराधापुरा जेल के प्रमुख मोहन करुणारत्ना को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया और बुधवार तक रिमांड पर भेज दिया गया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा एक सजायाफ्ता अपराधी को क्षमादान के तहत जेल से रिहा करने की जांच के आदेश देने के बाद हुआ है।

### रूसी खतरों से निपटने को रक्षा व्यय में वृद्धि की मांग

**लंदन/मॉस्को।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रूट ने रक्षा व्यय में पांच प्रतिशत की वृद्धि का आग्रह करते हुए दावा किया कि रूस 2030 तक नाटो देशों पर हमला करना चाहता है। लंदन की अपनी यात्रा के दौरान रूटे ने सभी 32 सदस्य देशों से इस महीने नीदरलैंड में होने वाले शिखर सम्मेलन में सैन्य खर्च में वृद्धि की मांग पर सहमत होने का आग्रह किया। रूट ने कहा कि गोला-बारूद के उत्पादन में रूस अपने से बड़े नाटो से आगे निकल रहा है और गठबंधन को सामूहिक रक्षा में बड़ी छलांग लगानी होगी।

### जापान में निजी डेटा लीक होने के रिकॉर्ड मामले

**टोक्यो।** जापान में व्यक्तिगत जानकारी डेटा लीक होने के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में सूचना सुरक्षा उल्लंघन के 21,00 से अधिक मामले सामने आए। यह संख्या पिछले वर्ष से 58 फीसदी ज्यादा है जो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में अपर्याप्त सुरक्षा को उजागर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक 21,007 मामलों में से 19,056 निजी क्षेत्र से जुड़े हैं, जो वित्तीय वर्ष 2023 से 57 प्रतिशत अधिक है।

# लॉस एंजिलिस में नहीं सुधरे हालात ट्रंप ने सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई

## गवर्नर और स्थानीय पुलिस प्रमुख ने जताया विरोध, कहा- और बिगड़ेगी स्थिति

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ चार दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर मरीन कोर के 700 और नेशनल गार्ड के 2,000 अतिरिक्त जवान लॉस एंजिलिस रवाना हो गए जिससे वहां सेना की मौजूदगी और बढ़ जाएगी। स्थानीय अधिकारियों और गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप के इस कदम का विरोध किया है। पुलिस प्रमुख का कहना है कि इससे विरोध प्रदर्शनों से निपटने में मुश्किलें पैदा होंगी।

ट्रंप ने पहले जिन 2,000 बलों की लॉस एंजिलिस में तैनाती का आदेश दिया था वे रविवार को पहुंचना शुरू हो गए थे। लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय शुरू हुआ था जब संघीय आव्रजन अधिकारियों ने उस दिन शहर भर में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सोमवार के प्रदर्शन के दौरान अधिक हंगामा नहीं हुआ। हजारों लोग 'सिटी हॉल' में शांतिपूर्ण रैली में शामिल हुए तथा सैकड़ों लोगों ने एक संघीय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस परिसर में वह हिरासत केंद्र भी शामिल है, जहां शहर भर में छापेमारी के बाद कुछ प्रवासियों को रखा गया है।

मेयर कैरेन बास और न्यूसम का कहना है कि ट्रंप ने लॉस एंजिलिस की स्थिति के बारे में जो वर्णन किया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि ट्रंप सैन्य कर्मियों को तैनात कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं जबकि पुलिस का भी कहना है कि उन्हें मदद की जरूरत नहीं है। गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर ट्रंप के इस कदम को लापरवाही भरा और हमारे बलों के लिए अपमानजनक बताया। न्यूसम ने कहा, यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा के लिए नहीं उठाया गया। यह एक खतरनाक राष्ट्रपति के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए उठाया गया कदम है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' ने आव्रजन संबंधी कार्रवाई के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों से निपटने में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की मदद के लिए सोमवार को लॉस एंजिलिस में लगभग 700 'मरीन' कोर तैनात किए। कैलिफोर्निया ने 'गार्ड' के जवानों की तैनाती को लेकर ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है और प्रदर्शनकारी का प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी है।



लॉस एंजिलिस में हिंसक प्रदर्शनों के बीच कई देशों के झंडे लेकर दौड़ता प्रदर्शनकारी।

### मरीन बलों के आने से पैदा हुई समस्याः पुलिस प्रमुख

'यूएस नदर्न कमांड' की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर दक्षिणी कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में ट्वेंटीनाइन पाम्स स्थित आधार से 'मरीन' बलों को संघीय संपत्ति और संघीय आव्रजन एजेंट सहित कर्मियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा रहा है। लॉस एंजिलिस पुलिस प्रमुख जिम मैकडोनेल ने सोमवार दोपहर को एक बयान में कहा कि उन्हें बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों को संभालने की पुलिस विभाग की क्षमता पर पूरा भरोसा है और पुलिस विभाग के समन्वय के बिना 'मरीन' बलों के आने से साजो-सामान और परिचालन संबंधी बड़ी चुनौती पैदा हो गई है। इससे हालात अनिश्चित हो जाएंगे।

# ऑस्ट्रिया : स्कूल में गोलीबारी से आठ छात्रों समेत नौ की मौत, हमलावर भी मारा गया

वियना, एजेंसी

- ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में हुई घटना के बाद स्कूल को कराया गया खाली

ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में आठ छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उसका मानना है कि हमलावर ने घटना को अकेले अंजाम दिया।

पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमलावर समेत 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी की खबर के मुताबिक, मेयर एल्के काहर ने घटना को भयानक त्रासदी करार दिया है। खबर के मुताबिक, मृतकों में आठ छात्र और एक वयस्क शामिल है। अधिकारियों ने अपराधी के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद पुलिस समेत विशेष बलों को बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेन्गोस्से हाई स्कूल में भेजा गया। बाद में, पुलिस ने 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उसने लिखा कि अब किसी तरह के खतरे की आशंका नहीं है।

ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज, देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और इसकी जनसंख्या लगभग 3,00,000 है। ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन ने कहा कि इस बर्बर घटना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, वे युवा थे, जिनके सामने पूरा जीवन था। एक शिक्षक, जो उन्हें राह दिखा रहा था।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

# केरल तट के पास जहाज में विस्फोट से और भड़की आग

कोच्चि, एजेंसी

- बचाव दल कर रहे हैं आग को और फैलने से रोकने की कोशिश

केरल तट के पास सिंगापुर ध्वज वाले मालवाहक पोत में आग और विस्फोट की घटनाएं जारी हैं और पोत के मध्य क्षेत्र और 'कंटेनर' बे से आग की लपटें निकल रही हैं।

भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि आगे के हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन पोत 'एमवी वान हाई 503' से धुआं उठ रहा है। उन्होंने बताया कि जहाज बंदरगाह की ओर लगभग 10-15 डिग्री तक झुक गया है और उस पर लदे कुछ कंटेनरों के समुद्र में गिरने की सूचना है।

आग को फैलने से रोकने के लिए अग्निशमन और प्रशीतन अभियान चलाया जा रहा है। तटरक्षक पोत 'समर्थ' को बचावकर्मियों की एक टीम के साथ कोच्चि तैनात किया जा रहा है। इससे पहले रक्षा प्रवक्ता ने कहा था कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने जलते पोत में सवार चालक दल के 18 सदस्यों को उतार लिया। जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे और उनमें से चार का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

## पाकिस्तान अपना रक्षा खर्च बढ़ाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मंगलवार को अगले वित्त वर्ष के लिए वार्षिक संघीय बजट पेश करेगा, जिसमें रक्षा व्यय में पर्याप्त वृद्धि की संभावना है। कुल बजट का आकार 17,600 अरब रुपये होने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब बजट नेशनल असेंबली में पेश करेंगे। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 14000 अरब का रिकॉर्ड राजस्व लक्ष्य रखा है, जो गत वित्त वर्ष के अनुमानों से 22% अधिक है। यद्यपि रक्षा व्यय में वृद्धि के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सरकार ने बजट प्रक्रिया के दौरान रक्षा व्यय में 18% की वृद्धि का समर्थन किया था।

## न्यूयॉर्कः गंभीर बीमार खत्म कर सकेंगे जीवन

**अल्बानी (न्यूयॉर्क)।** न्यूयॉर्क विधानमंडल में सोमवार को एक विधेयक पारित किया गया जिसके तहत गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवाओं के माध्यम से अपना जीवन समाप्त करने का कानूनी अधिकार दिया गया है। इस विधेयक को अब गवर्नर के पास भेजा गया है। विधेयक में कहा गया है कि लाइलाज बीमारी से जूझ रहा कोई व्यक्ति यदि किसी चिकित्सक से अनुरोध करे और दो चिकित्सक उसे इसकी अनुमति दें तो उसे जीवन समाप्त करने वाली दवाएं लेने की अनुमति दी जा सकती है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल के प्रवक्ता ने कहा कि गवर्नर इस विधेयक की समीक्षा करेंगी।

# इजराइली नौसेना ने यमन के बागियों के कब्जे वाले शहर होदेदा पर किया हमला

दुबई, एजेंसी

इजराइली नौसेना ने मंगलवार को यमन के विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा में गोदियों पर हमला किया, जिससे संभवतः उन सुविधाओं को नुकसान पहुंचा, जो युद्धग्रस्त देश में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए अहम हैं।

इज़राइली सेना ने कहा कि नौसेना के मिसाइल पोतों ने ये हमले किए। यह पहली बार है जब उनकी सेना हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमलों में शामिल हुई है। ये हमले मंगलवार को किए गए। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध को लेकर हूतियों ने इजराइल को निशाना बनाकर बार-बार मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हूती बागियों ने अपने अल-मसीरा सैटेलाइट समाचार चैनल के माध्यम से हमले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमला गोदियों को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि उन्होंने इस बारे में जानकारी नहीं दी।

इजराइल ने हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की। सोमवार देर रात इजराइल ने यमन के लोगों को ऑनलाइन चेतावनी जारी की कि वे रास ईसा, होदेदा और अल-सलिफ बंदरगाहों को खाली कर दें, क्योंकि हूतियों ने हमलों के लिए बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बंदरगाह का उपयोग हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है और यह आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए असैन्य बुनियादी ढांचे का हूती आतंकवादी शासन के कुटिल उपयोग का एक और उदाहरण है।

### सामाजिक कार्यकर्ता थनबर्ग इजराइल से निर्वासित

**यरूशलम।** सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जिस जहाज पर सवार थीं, उसे इजराइली सेना द्वारा जब्त किए जाने के एक दिन बाद थनबर्ग को मंगलवार को इजराइल से निर्वासित कर दिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विमान में सवार थनबर्ग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि थनबर्ग विमान से फ्रांस पहुंचने के बाद अपने देश स्वीडन रवाना हो गईं। थनबर्ग गाजा में सहायता सामग्री ले जा रहे 'मैडलीन' नामक जहाज पर सवार 12 यात्रियों में से एक थीं। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया था।

## फ्रांसः 15 वर्षीय छात्र ने स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या की

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के पूर्वी क्षेत्र में स्थित मिडिल स्कूल में मंगलवार को बैग की जांच के दौरान 15 वर्षीय एक छात्र ने एक स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि बैग की जांच में मदद कर रहा एक पुलिस अधिकारी घटना के दौरान मामूली घायल हो गया। मामले की जांच की जा रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नोजेंट में बच्चों की देखभाल कर रही शैक्षिणक सहायक की हमले में मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस घटना से राष्ट्र शोक में है और सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए काम कर रही है।

# नाटो सदस्य देश अमेरिका से खरीदेंगे 700 एफ 35 विमान

वाशिंगटन, एजेंसी

- नाटो के महासचिव मार्क रूटे ने एक सम्मेलन में की घोषणा

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि संगठन के सदस्य देश गठबंधन की सैन्य शक्ति को मजबूत करने के लिए अमेरिका से कुल 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे।

रूटे ने सोमवार को लंदन में एक सम्मेलन में बोलते हुए कहा सहयोगी देश अधिक युद्धपोतों और विमानों में निवेश करेंगे। उदाहरण के लिए अमेरिका के सहयोगी कम से कम 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि नाटो देश सैन्य उत्पादन में रूस और चीन से पीछे हैं और सैन्यीकरण पर खर्च बढ़ाने की योजना की पुष्टि की।

रूटे ने कहा, हमारी सेनाओं को हज़ारों और बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की भी ज़रूरत है। ज्यादा ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों में भी निवेश करेंगे और अंतरिक्ष और साइबर क्षमताओं में ज्यादा निवेश करेंगे। वायु और मिसाइल रक्षा को 400 प्रतिशत बढ़ाना चाहिए। मीडिया ने मई की शुरुआत में बताया कि रूटे ने प्रस्ताव दिया था कि नाटो सहयोगी रक्षा खर्च को जीडीपी के 3.5 प्रतिशत तक बढ़ाएं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की पांच प्रतिशत लक्ष्य की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त रक्षा ज़रूरतों के लिए जीडीपी का 1.5 प्रतिशत आवंटित करें।

## रूस के यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने मंगलवार तड़के यूक्रेन के दो शहरों पर बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल के जरिये हमले किये, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया। कहा, रूस ने रात में 315 ड्रोन और सात मिसाइल दागीं। जेलेंस्की ने हमले के मद्देनजर अमेरिका और यूरोप से ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। कहा, रूसी हमलों की गूंज, रूस को शांति के रास्ते पर आने के लिए मजबूर करने के अमेरिका और दुनिया भर के अन्य देशों के प्रयासों से अधिक जोरदार है।

वक्तव्य

कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर बोले सीजेआई बीआर गवई

# प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार, निर्णय की प्रक्रिया में नहीं ले सकती जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

सीजेआई बीआर गवई ने प्रौद्योगिकी की दोधारी तलवार प्रकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचारों से न्यायिक कार्यों में वृद्धि होनी चाहिए, न कि इसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का स्थान लेना चाहिए। उन्होंने नौ जून को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में "न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत जैसे विशाल, विविध और जटिल देश में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि भारत में न्यायपालिका ने न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को तत्परता से एकीकृत किया है। उन्होंने कहा, हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जिससे अभूतपूर्व विभाजन भी हो सकता है। एक प्राथमिक चिंता डिजिटल विभाजन है, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक असमान पहुंच के कारण हाशिये पर पड़े समुदाय वंचित हो सकते हैं, जो पहले से ही न्याय के लिए बाधाओं का सामना कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी से निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित हो, इसके लिए पहुंच और समावेशन को इसके डिजाइन का आधार होना चाहिए।

उन्होंने कहा, शासन के ऐसे ढांचे विकसित किए जाने चाहिए जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी-मध्यस्थ निर्णयों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करें। सीजेआई ने कहा, आगे बढ़ने के लिए मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना जरूरी है। तकनीक को न्यायिक कार्यों, विशेष रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने और व्यक्तिगत मामले के मूल्यांकन का स्थान लेने के बजाय इसमें वृद्धि करनी चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वचालित प्रणालियां न्यायिक निर्णय को बदलने के बजाय उसका समर्थन करें।

उन्होंने डिजिटल नवाचार पर आधारित एक अधिक समावेशी और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, न्याय तक पहुंच किसी भी निष्पक्ष और न्यायसंगत कानूनी प्रणाली की रीढ़ है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भौगोलिक स्थिति या व्यक्तिगत परिस्थितियां कुछ भी हों, कानूनी प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से भाग ले सकें और उनसे लाभ उठा सकें।



- भारत में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर

### न्यायालय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी

सीजेआई ने कहा कि ऐसे देश में जहां दो तिहाई से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 121 से अधिक भाषाएं मातृभाषा के रूप में बोली जाती हैं, वहां अदालतों तक न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करना संवैधानिक दायित्व और नैतिक अनिवार्यता दोनों है। उन्होंने संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता को रेखांकित किया, जिन्होंने न्याय तक पहुंच की गारंटी के लिए अनुच्छेद 32 और 226 सहित विभिन्न तंत्र स्थापित किए, जो नागरिकों को अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों से संपर्क करने का अधिकार देते हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी, न्याय के संवैधानिक वादे और नागरिकों के जीवंत अनुभव के बीच सेतु बन गई है।